राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-158
लखनऊ, गुरुवार 25 जनवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





गरीबों के मसीहा थे जन नायक कर्पूरी ठाकुर : केशव प्रसाद मौर्य 03

आपातकाल सवैधानिक यात्रा का काला दिन : जगदीप धनखड़ 12


## संक्षिप्त समाचार

### दुर्घटना में जात्रा पार्टी के छह सदस्यों की मौत, 11 घायल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मयूरभंज जिले के दुआरसुनी घाट पर बुधवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में जात्रा पार्टी के छह सदस्यों की मौत हो गयी और अन्य 11 घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। सूत्रों ने बताया कि धौली गणनाट्य का ट्रक रायरंगपुर से जलेश्वर की ओर जात्रा पार्टी के सदस्यों के साथ बिजली का सामान और ध्वनि उपकरण ले जा रहा था। तभी दुआरसुनी घाट में ट्रक पलट गया और छह लोगों की मौत हो गयी और 11 अन्य घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कोहरे और हल्की बूंदाबांदी के कारण घाट रोड पर तीव्र मोड़ पर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और पलटकर 20 फुट खाई में जा गिरा। दुर्घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय ग्रामीण और अग्निशमन विभाग कर्मी मौके पर पहुंचे और ट्रक के अंदर फंसे जात्रा पार्टी के सदस्यों को बाहर निकाला।

### राहुल के खिलाफ जांच सीआईडी को स्थानांतरित

**गुवाहाटी।** असम पुलिस ने राहुल गांधी के खिलाफ बेरिकेडिंग पर पुलिसकर्मियों से झड़प मामले की जांच क्राइम इन्वेस्टीगेशन डिपार्टमेंट (सीआईडी) को स्थानांतरित कर दिया है। पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि बसिष्ठ थाना केस संख्या 55/24 के तहत पीडीपीपी अधिनियम के उल्लंघन में 2 जनवरी 2024 की घटना की जांच बुधवार को सीआईडी को स्थानांतरित कर दिया। राहुल गांधी पर हिंसा, उकसावे और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप लगे हैं।

### ममता बनर्जी की कार का एक्सीडेंट, सिर पर लगी चोट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सी.एम. ममता बनर्जी के साथ खराब मौसम होने के कारण हादसा हो गया। दरअसल, सी.एम. ममता बर्दवान से कोलकाता लौट रही थीं और इसी दौरान उनकी कार के सामने दूसरी कार आ गई जिस वजह से ये दुर्घटना घटी। इस हादसे में उनके माथे पर चोट लग गई। जानकारी के अनुसार जब सी.एम. के काफिले के सामने अचानक दूसरी कार आ गई तो उनकी कार ने तुरंत ब्रेक लगा दिया। बता दें कि खराब मौसम के कारण वह हेलीकॉप्टर से नहीं बल्कि सड़क मार्ग से ही कोलकाता लौट रही थीं।

### आपत्तिजनक नारा लगाने पर दर्ज किए गए दो मामले

**कानपुर।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद कानपुर में आपत्तिजनक और अभद्र वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने दो मामलों में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। दोनों मामले छात्रों से जुड़े हैं। यह जानकारी देते हुए बुधवार को संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी ने दी। उन्होंने जनता से अपील किया है कि किसी भी आपत्तिजनक पोस्ट को सोशल मीडिया पर न डालें और न ही आगे बढ़ाएं। समाज में द्वेष उत्पन्न करने वाले पोस्ट को सोशल मीडिया में आगे न फारवर्ड करें। सचेंडी थाना क्षेत्र में स्थित पीएसआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में प्राण प्रतिष्ठा के दिन छात्रों द्वारा धार्मिक नारा लगाने को लेकर छात्रावास के वार्डन के साथ मारपीट हुई थी। केस दर्ज कर सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश के 75वें स्थापना दिवस समारोह का किया शुभारंभ

# विकास के पथ पर अग्रसर है यूपी

**ओडीओपी उत्पादों की ई-मार्केटिंग के लिए मार्ट पोर्टल लॉन्च**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश का आज 75वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी पर्व का शुभारंभ किया। यूपी स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ जम्मू कश्मीर के कलाकारों की प्रस्तुति से हुआ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में लोगों को संबोधित किया।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर राज्य की जनता को बधाई। भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत उत्तर प्रदेश से होकर बहती है। आज उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि 24 जनवरी को संयुक्त प्रांत का नया नाम उत्तर प्रदेश पड़ा। मगर इस प्रदेश को सदैव प्रश्नवाचक दृष्टि से ही देखा जाता रहा। मगर आज उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदली है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन राज्यपाल रामनाईक ने तत्कालीन राज्य सरकार से भी कहा था मगर उस सरकार ने नहीं किया मगर हमारी सरकार 2017 में आयी। राज्यपाल रामनाईक ने हमसे भी कहा और अगले ही साल से हमने उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस मनाना शुरू कर दिया। 24 जनवरी 2019 से हमने विश्वकर्मा श्रम सम्मान कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। आज पूरे देश में पीएम विश्वकर्मा श्रम सम्मान कार्यक्रम पूरे देश में चलाया जा रहा है। उन्होंने ओडीओपी के बारे में कहा कि इसी तरह हमने एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम शुरू किया और यह कार्यक्रम आज पूरे देश में चल रहा है। अभी तो यह शुरुआत है। सीएम योगी ने ओडीओपी उत्पादों की ई-मार्केटिंग के लिए ओडीओपी मार्ट पोर्टल लॉन्च किया। इस मौके पर वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी ने अथक परिश्रम से पूरी दुनिया में उत्तर प्रदेश की छवि बदली है। उत्तर प्रदेश का वित्तीय अनुशासन विपरीत स्थितियों में भी संतुलित रहा और आज सरप्लस स्टेट है।

**उद्यमी नवीन व अंतरिक्ष वैज्ञानिक डा. रितु यूपी गौरव सम्मान से सम्मानित**

उन्होंने कहा कि हमारी प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है। जीडीपी में भी बढ़ोत्तरी हुई है। कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने कानपुर के उद्यमी नवीन कुमार और अंतरिक्ष वैज्ञानिक डा. रितु कारीधाल को यूपी गौरव सम्मान से सम्मानित किया। झांसी से आए कलाकारों ने भी बुंदेलखंडी गायन पेश किया।

कार्यक्रम में पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राकेश सचान, राज्य हज समिति के चेयरमैन मोहसिन रजा व अन्य दर्जन भर लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**रामलला का दर्शन कराना हमारा कर्तव्य**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्याधाम में रामलला के दर्शन की आकांक्षा लिए उमड़े श्रद्धालुओं के सहज, सुगम व संतोषपूर्ण दर्शन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं स्थानीय प्रशासन के साथ परिस्थितियों का जायजा लेने के बाद बुधवार को संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्याधाम में आस्था का जनसमुद्र देखा जा सकता है। पूरे देश से श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। हर कोई अपने आराध्य प्रभु के दर्शन का पुण्य लाभ चाहता है। भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन स्वाभाविक है। ऐसी परिस्थितियों में हर श्रद्धालु की सुरक्षा, सुविधा व सुगम दर्शन की व्यवस्था करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन और मंदिर न्यास के बेहतर समन्वय के साथ क्राउड मैनेजमेंट किया जाना चाहिए। राम पथ, भक्ति पथ, धर्म पथ और जन्मभूमि पथ पर, जहां भी दर्शनार्थी हों, कतारबद्ध खड़े हों। भीड़ न लगे। कतार चलायमान रहें। बुजुर्गों, बच्चों, महिलाओं का विशेष ध्यान दें।दर्शनार्थियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए प्रमुख पथों पर लो-ट्यून में राम भजन बजने चाहिए।

# देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे युवा : पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को एनसीसी कैडेट्स के एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस साल का गणतंत्र दिवस परेड दो कारणों से खास है। पहला- यह 75वां गणतंत्र दिवस होगा और दूसरा- यह देश की नारी शक्ति को समर्पित है।

पीएम मोदी ने वहां मौजूद कैडेट्स से कहा कि आपकी जेनरेशन को (जेन जी) कहा जाता है, लेकिन मैं आपको अमृत पीढ़ी कहूंगा। आप देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। बता दें कि जेन जी 1995 से 2009 के बीच पैदा हुए लोगों को कहा जाता है। पीएम ने आगे कहा कि आज राष्ट्रीय बालिका दिवस है। बेटियों में समाज और देश को बेहतर बनाने की क्षमता होती है। इतिहास के अलग-अलग दौर में भारत की बेटियों ने अपने फौलादी इरादों और समर्पण की भावना से कई बड़े परिवर्तनों की नींव रखी है। साथ ही पीएम ने बिहार के पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर को भी याद किया। उन्होंने कहा कि कल देश ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का बड़ा निर्णय लिया है। युवाओं को उनके बारे में पढ़ना चाहिए।



**आज युवा मतदाताओं से संवाद करेंगे प्रधानमंत्री**

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) युवा मतदाताओं को साधने में जुट गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को युवा मतदाताओं से संवाद करेंगे। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी युवा मतदाता सम्मेलन के दौरान युवा मतदाताओं से संवाद करेंगे। यह आयोजन भाजपा और भाजयुमो के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। कल देश के पांच हजार स्थानों पर नमो नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

# कोयला गैसीकरण परियोजनाओं को प्रोत्साहन के लिए 8500 करोड़ की परियोजना मंजूर

**पीएम की अध्यक्षता वाले केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने सरकारी सार्वजनिक उपक्रमों और निजी क्षेत्र की कोयला/लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं को प्रोत्साहन देने से जुड़ी योजना को मंजूरी दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बुधवार को हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में तीन श्रेणियों में वित्तीय सहायता देने से जुड़ी परियोजना को मंजूरी दी गई, जिन पर 8500 करोड़ रुपये का परिव्यय होगा।



कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी के अनुसार पहली श्रेणी में सरकारी सार्वजनिक उपक्रमों के लिए 4,050 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसमें 3 परियोजनाओं तक 1,350 करोड़ रुपये या पूंजीगत व्यय का 15 प्रतिशत जो भी कम हो, का एकमुश्त अनुदान प्रदान किया जाएगा। दूसरी श्रेणी में निजी क्षेत्र के साथ-साथ सरकारी सार्वजनिक उपक्रमों के लिए 3,850 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसमें प्रत्येक परियोजना के लिए 1 हजार करोड़ रुपये या पूंजीगत व्यय का 15 प्रतिशत, जो भी कम हो, का एकमुश्त अनुदान प्रदान किया गया है। टैरिफ-आधारित बोली प्रक्रिया पर कम से कम एक परियोजना के लिए बोली लगाई जाएगी और इसके मानदंड नीति आयोग के परामर्श से तैयार किए जाएंगे। तीसरी श्रेणी में प्रदर्शन परियोजनाओं (स्वदेशी प्रौद्योगिकी), छोटे पैमाने के उत्पाद-आधारित गैसीकरण संयंत्रों के लिए 600 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### नौसेना ने क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस से भूमि लक्ष्य पर किया सफलतापूर्वक परीक्षण

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने बुधवार को उन्नत सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस के साथ उन्नत सीमा पर एक भूमि लक्ष्य पर सफलतापूर्वक हमला किया। इस परीक्षण का मकसद विस्तारित दूरी की ब्रह्मोस मिसाइल से सटीक प्रहार करके स्वदेशी क्षमता का मूल्यांकन करना था। यह आत्मनिर्भर भारत के लिए एक और शॉट था। इस ब्रह्मोस मिसाइल में नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया गया है। भारतीय नौसेना ने स्वदेशी बूस्टर के साथ ब्रह्मोस मिसाइल के एंटी-शिप वर्जन का सफल परीक्षण किया है, जो भारत की आत्मनिर्भरता के प्रति नौसेना की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। इस ब्रह्मोस मिसाइल में नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया गया है।

# पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी तृणमूल : ममता

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने कांग्रेस के साथ सीटों के बंटवारे को लेकर वार्ता विफल रहने के कारण अपनी पार्टी के राज्य में 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा नहीं बनने की घोषणा करते हुए बुधवार को कहा कि वह राज्य में आगामी लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेंगी।

सुश्री बनर्जी ने 'इंडिया' में चल रहे घटनाक्रम पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि गठबंधन ने बंगाल में रैली के संबंध में कोई चर्चा नहीं की, जबकि 'हम गठबंधन में एक पार्टी हैं।' उन्होंने पूर्व बर्धमान जिले के लिए रवाना होने से पहले संवाददाताओं से कहा, हमारे चुनाव और सीट बंटवारे के प्रस्तावों को इंडिया ब्लॉक में शुरू से ही खारिज कर दिया गया और तभी से हमने 2024 में राज्य में अकेले संसद चुनाव लड़ने का फैसला कर लिया था। तृणमूल सुप्रीमो ने कहा, हम अपनी ताकत के दम पर बंगाल की 42 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।



# ज्ञानवापी मामला : सार्वजनिक की जाएगी सर्वे रिपोर्ट की हार्ड कॉपी

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** जिला जज ने ज्ञानवापी की सर्वे रिपोर्ट वादियों को दिए जाने का आदेश दे दिया है। बता दें कि हिंदू पक्ष की ही एक अन्य वादिनी राखी सिंह का कहना था कि अदालत में दाखिल रिपोर्ट के अध्ययन का अधिकार वादी पक्ष को है।

ज्ञानवापी परिसर की सीलबंद सर्वे रिपोर्ट को लेकर जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाया। जिला जज ने सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक करने का आदेश दिया है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने पहले ही रिपोर्ट अदालत में दाखिल की थी। हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा आज अदालत ने दोनों पक्षों को सुना और सहमति बनी कि स्ढ्ढ की रिपोर्ट की हार्ड कॉपी दोनों पक्षों को दी जाएगी। स्ढ्ढ ई-मेल के माध्यम से रिपोर्ट देने पर आपत्ति जता रही थी, इसलिए दोनों पक्ष रिपोर्ट की हार्ड कॉपी प्राप्त करने पर सहमत हुए। नकल के लिए पक्षकार कोर्ट में आवेदन देंगे। मां शृंगार गौरी केस की वादिनी सीता साहू, रेखा पाठक, मंजू व्यास और लक्ष्मी देवी की तरफ से सर्वे रिपोर्ट की प्रति दिए जाने का अनुरोध अदालत से किया गया था। वादिनी महिलाओं का कहना था कि यह जनहित का मुद्दा है। इसे गोपनीय बनाकर हौव्वा बनाया जा रहा है।

### कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देश के 70 करोड़ गरीबों का सम्मान : शाह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को यहां कहा कि मोदी सरकार ने कर्पूरी ठाकुर को सम्मानित कर देश के 70 करोड़ गरीबों को सम्मानित करने का काम किया है। साथ ही सबको न्याय, सबको समान अधिकार के हमारे संविधान के मूलमंत्र को भी साकार करने की दिशा में काम किया है। शाह ने बुधवार को विज्ञान भवन में कर्पूरी ठाकुर की जन्म शताब्दी समारोह पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का निर्णय दलितों, गरीबों, आदिवासियों और अन्य हाशिए के समुदायों के लिए काम करने वालों के लिए प्रेरणा बनेगा।

**कांस्टेबल की मेहनत लाई रंग, बने पीसीएस अफसर**



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** हरदोई में पुलिस विभाग में तैनात सिपाही दीपक सिंह ने यूपीपीसीएस में 20वीं रैंक हासिल की है। पुलिस विभाग में आरक्षी के पद तैनात दीपक सिंह अपनी ड्यूटी के बाद नियमित तौर पर 4 से 5 घंटे पढ़ाई करते थे। हरदोई पुलिस अधीक्षक आईपीएस केसी गोस्वामी ने अपने अधिकारियों के साथ मिलकर उनकी हौसला अफजाई की।

# शव से आंखें गायब, दो डॉक्टर निलंबित

**उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दोनों डॉक्टरों पर की कार्रवाई**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बदायूं जिले में पोस्टमार्टम में लापरवाही पर दो और चिकित्सकों पर गाज गिरी है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दोनों डॉक्टरों को निलंबित कर दिया है। साथ ही दोनों डॉक्टरों को अपर निदेशक चिकित्सा-स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, बरेली से संबद्ध करने के निर्देश भी दे दिया है। बताया जा रहा है कि दोनों चिकित्सकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा रही है।



दरअसल, दस नवम्बर, 2023 को बदायूं जिले के थाना अलापुर के कुतरई गांव निवासी पूजा की मौत हो गई थी। आरोप है कि महिला की ससुराल वालों ने दहेज की मांग के चलते हत्या कर दी थी। जिसके बाद पीड़ित पिता गंगाचरण ने मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया था। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने पोस्टमार्टम के लिए दो डॉक्टरों डॉ. मोहम्मद उबेश व डॉ. मोहम्मद आरिफ हुसैन की संयुक्त कमेटी गठित की थी। दोनों डॉक्टरों ने शव का पोस्टमार्टम किया।

आरोप है कि पोस्टमार्टम में डॉक्टरों ने लापरवाही बरती थी। पोस्टमार्टम के बाद जब परिजनों ने लाश का बैग खोला तो पूजा की दोनो आंखें गायब थीं। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने तत्काल प्रभाव से दोनों डॉक्टरों को निलम्बित करते हुए अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यालय, बरेली से सम्बद्ध कर दिया है। इस मामले में सीएमओ डॉ. प्रदीप वार्ष्णेय को पहले ही निलंबित कर स्वास्थ्य महानिदेशालय में सम्बद्ध किया जा चुका है।

# फरवरी में सक्रिय हो जाएगा प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, जल्द होगी अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति

**बढ़ी नई शिक्षक भर्तियों की उम्मीद**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग फरवरी में सक्रिय हो जाएगा। आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति के लिए आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। आवेदनों की स्क्रीनिंग शुरू हो गई है। फरवरी में अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति हो जाएगी। नए आयोग के गठन के इंतजार में अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों और अशासकीय महाविद्यालयों में दो साल से शिक्षक भर्ती फंसी हुई है।

अशासकीय महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के 1017 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया अगस्त 2022 में पूरी हो चुकी है। अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में भी सहायक अध्यापक टीजीटी एवं प्रवक्ता पीजीटी के 4163 पदों के लिए आवेदन की प्रक्रिया अगस्त 2022 में पूरी हो चुकी है। दोनों भर्तियों के विज्ञापन जारी हुए दो साल पूरे हो चुके हैं। शिक्षक भर्ती के लिए आवेदन के दौरान ही नए आयोग के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। ऐसे में अशासकीय विद्यालयों और अशासकीय महाविद्यालयों में शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया बीच में ही रोक दी गई थी और शासन ने तय किया था कि नए आयोग के गठन के बाद ही इन भर्तियों को पूरा किया जाएगा। दोनों भर्तियों के लिए 14 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं और इन अभ्यर्थियों को डेढ़ साल से भर्तियां पूरी होने का इंतजार है।अभ्यर्थियों का इंतजार जल्द खत्म होने जा रहा है। नए आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति के लिए आवेदनों की स्क्रीनिंग की प्रक्रिया इसी माह के अंत या फरवरी की शुरुआत में पूरी हो जाएगी। इसके बाद पैनल तैयार कर शासन को भेजा जाएगा और उसी पैनल से आयोग के एक अध्यक्ष और 12 सदस्यों की नियुक्ति की जाएगी। उच्च शिक्षा निदेशालय के सूत्रों के अनुसार फरवरी में आयोग के गठन की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। अभी किसी नई भर्ती का अधियाचन तैयार नहीं किया गया है। पहले पूर्व में जारी विज्ञापनों के तहत भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाएगी। आयोग के सक्रिय होते ही अशासकीय महाविद्यालयों और अशासकीय विद्यालयों में शिक्षक भर्ती के लिए परीक्षा तिथि घोषित होगी।

**समझौता** — रक्षा मंत्रालय ने मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) के साथ किया अनुबंध

# आईसीजी के लिए खरीदी जाएंगी 14 तेज गश्ती नौकाएं

**एमडीएल 63 महीनों में नौकाएं बनाकर आईसीजी को सौंपेगा**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) के लिए 14 तेज गश्ती नौकाओं (एफपीवी) के लिए बुधवार को मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके लिए 1070.47 करोड़ रुपये मूल्य का अनुबंध किया गया है। इन बहुउद्देशीय तेज गश्ती नौकाओं को एमडीएल में स्वदेशी रूप से तैयार, विकसित एवं निर्मित करके 63 महीनों में आईसीजी को सौंप दिया जाएगा।



रक्षा मंत्रालय के मुताबिक उच्च तकनीकी उन्नत सुविधाओं एवं उपकरणों के साथ ये बहुउद्देशीय द्रुतगामी गश्ती जहाज कई भूमिकाओं में सक्षम ड्रोन, वायरलेस से नियंत्रित रिमोट वॉटर रेस्क्यू क्राफ्ट लाइफबॉय और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षमता आदि से लैस होंगे। इससे भारतीय तट रक्षक बल को आधुनिक युग की बहुआयामी चुनौतियों का सामना करने के साथ ही बेहतर संचालन क्षमता मिल सकेगी।

ये आधुनिक तेज गश्ती नौकाएं मत्स्य पालन सुरक्षा एवं निगरानी, नियंत्रण एवं निगरानी, तस्करी विरोधी अभियान, तलाश और बचाव अभियान, संकट में फंसे जहाजों, नौकाओं को सहायता, टोइंग क्षमताओं में वृद्धि, समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया संचालन, समुद्री डकैती विरोधी अभियानों के दौरान सहायता तथा निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

**स्वदेशी युद्धपोत निर्माण क्षमता को विस्तार देगा अनुबंध**

मंत्रालय के मुताबिक इन द्रुतगामी गश्ती जहाजों के अधिग्रहण का उद्देश्य भारतीय तट रक्षक बल की क्षमताओं को बढ़ावा देना और समुद्री सुरक्षा की ओर सरकार के बढ़ते प्रयास को विस्तार देना है। यह अनुबंध आत्मनिर्भर भारत के अनुरूप देश की स्वदेशी युद्धपोत निर्माण क्षमता को विस्तार देगा। समुद्री आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा और इससे सहायक उद्योगों, विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के विकास को गति देगा। यह परियोजना प्रभावी ढंग से देश में रोजगार के अवसर और विशेषज्ञता के साथ विकास को सृजित करेगी।

# यूपी दिवस का भव्य आगाज, केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



शहर के जीआईसी ग्राउंड में जिला प्रशासन के तत्वाधान में बुधवार को यूपी दिवस का भव्य आगाज हुआ, जहां एक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मनमोहा, वही सरकारी योजनाओं के संगम ने लाभार्थियों को कई सौगातें दीं। कार्यक्रम का सफल संयोजन डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की नेतृत्व में सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने किया।

मंगलवार को करीब 11.30 बजे केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ फीता काटकर, मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप जलाकर यूपी दिवस का विधिवत शुभारंभ किया। परिषदीय विद्यालय की बालिका ने मां सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक लंबी श्रंखला हुई। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि यूपी देश की प्रगति में अहम योगदान देने के साथ निरंतर समृद्धि की ओर बढ़ रहा। उन्होंने सभी जनपदवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने मौजूद लोगों को यूपी दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने आवाहन किया कि यूपी दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों का आनंद लें, सरकारी योजनाओं से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी प्राप्त करें, जो नागरिकों के लिए वरदान साबित होगी।कार्यक्रम के अंत में सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए मौजूद लोगों को यूपी दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, अंबरीश सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### केंद्रीय मंत्री ने किया प्रदर्शनी व स्टालों का अवलोकन की सराहा

केंद्रीय गृहराज्यमंत्री ने विधायकगण, जिलाध्यक्ष, डीएम, एसपी, सीडीओ, एडीएम के साथ यूपी दिवस पर लगी प्रदर्शनी एवं स्टालों का अवलोकन किया। स्टालों पर मौजूद अफसरों, कर्मचारियों से योजना से जुड़ी जरूरी जानकारी ली।

### हाईस्कूल, इंटर की टॉपटेन छात्राएं सम्मानित, केंद्रीय मंत्री ने सौंपी 05-05 हजार की चेक, खिले चेहरे

यूपी दिवस एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी फबेटी बचाओ बेटी पढ़ाओफ योजना के तहत केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी और जिलाध्यक्ष सुनील सिंह संग जिले की हाईस्कूल परीक्षा में जिले की टॉप टेन बालिकाएं अपूर्वा शर्मा, आस्था भारद्वाज, रौनक, प्रगति वर्मा, अनुष्का वर्मा, माही गुप्ता, शिवानी मिश्रा, श्रेया द्विवेदी, जागृति गुप्ता, प्रेरणा और इंटरमीडिएट परीक्षा में टॉप 10 छात्राओं शाम्भवी वर्मा, आस्था पटेल, दीपशिखा, काम्या बाथम, कनिका देवी, आकांक्षा भारती, रीतिका विश्वास, अनुष्का वर्मा, सुनैना गुप्ता, अंशिका चौधरी को 05-05 हज़ार की धनी राशि का चेक बालिकाओ को चेक प्रदान कर सम्मानित किया।

# जिला मुख्यालय समेत तहसील व ब्लॉक मुख्यालयों पर मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित



- खीरी में ली गई लोकतंत्र को मजबूत बनाने की शपथ
- डीएम ने की मतदाता शपथ पोस्टर लॉन्चिंग

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय मतदाता दिवस से एक दिन पूर्व बुधवार को सुबह 11 बजे जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय समेत तहसील व ब्लॉक मुख्यालयों पर मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। वही विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए।

बुधवार सुबह डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्ट्रेट में संचालित सभी दफ्तरों के अधिकारी-कार्मिकों को मतदाता शपथ दिलाई। इस दौरान डीएम ने शपथ के पोस्टर की लॉन्चिंग भी की। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी राजीव निगम, रेनू मिश्रा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी तौसीफ अहमद, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह, प्रशासनिक अधिकारी मो सलीम, सुधीर सोनी, खुशहाल सिंह, सुरेश कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

वही पुलिस लाइंस में पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा, विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने अधिकारियों-कार्मिकों को मतदाता शपथ दिलाई। इसके अलावा जिले के सभी सरकारी एवं निजी क्षेत्र के दफ्तरों में कार्यालय प्रमुख द्वारा कार्मिकों ने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखने की मतदाता शपथ ली। 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस का कार्यक्रम 25 जनवरी को जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एवं तहसील स्तर पर तथा बूथ स्तर तक भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मनाया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस आयोजित, एसडीएम रहे मौजूद




**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 139 गोला गोकरननाथ के अंतर्गत राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन पब्लिक इण्टर कॉलेज कस्बा गोला गोकरननाथ में आयोजित किया गया। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी रत्नाकर मिश्रा व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुखवीर सिंह , सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सर्वेश यादव , पब्लिक इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य ,कृषक समाज इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य एवं तहसील निर्वाचन कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में लगभग 600 छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे जिनमें स्लोगन प्रतियोगिता व गायन प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर बैनर प्रतियोगिता कराई गई। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया तत्पश्चात सभी को मतदाता शपथ दिलाई गई। गोला कस्बा के मुख्य मार्गों पर रैली का आयोजन किया गया और रैली के उपरान्त छात्र/छात्राओं को जलपान कराने के उपरान्त कार्यक्रम को समाप्त किया गया।

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित हुई रैली




**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर रखते हुए उप जिला अधिकारी मितौली विनीत कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में तहसीलदार मितौली प्रीति सिंह ने राजा लोने सिंह इंटर कॉलेज के छात्रों के साथ मितौली कस्बे में जन जागरूकता अभियान के तहत राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता जागरूकता अभियान के क्रम में रैली का आयोजन किया गया रैली राजा लोन सिंह इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर विकासखंड मितौली कार्यालय तथा मितौली कस्बे की गलियों से होकर समापन राजा लोने सिंह इंटर कॉलेज मितौली में किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नारेबाजी करते हुए मितौली कस्बे में रैली निकाली गई। इस अवसर पर तहसीलदार मितौली प्रीति सिंह ने अपने संबोधन में कहा प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करने का अधिकार है, मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग बगैर किसी जोर दबाव के अपने विवेक से करना चाहिए। लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता से अपना मतदान स्वतंत्र रूप से करने की अपील की गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय लेखपाल राम गोविंद राणा एवं राजा लोन सिंह इंटर कॉलेज के प्राचार्य सत्य प्रकाश शुक्ला, विजय तिवारी, कामेश सिंह, झब्बू सिंह, राम कुमार सिंह सहित राजा लोन सिंह इंटर कॉलेज स्टाफ के व्यक्ति उपस्थित रहे। मितौली पुलिस के उप निरीक्षक पुलिस बल के साथ रैली की सुरक्षा हेतु उपस्थित रहे।

### आम के बगीचों का हुआ सफाया, मुकदमा दर्ज

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।** उत्तर खीरी वन प्रभाग की धौरहरा रेंज में हरे-भरे पेड़ों का कटान चरम पर है। वनकर्मियों व लकड़ी माफियाओं का गठजोड़ क्षेत्र की हरियाली मिटाने पर अमादा है। यहां आए दिन हरे भरे प्रतिबंधित पेड़ों का कटान लकड़ी माफिया वन कर्मचारियों की मिली-भगत से करते रहते हैं। बीती रात धौरहरा रेंज अम्बरपुर गांव में रात के अंधेरे का फायदा उठाकर वन कर्मचारियों की मिली-भगत से लकड़ी माफियाओं ने एक आम के बगीचे पर आरा चलवा दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे सीओ धौरहरा प्रीतम पाल सिंह ने आम की लकड़ी भरी ट्रैक्टर ट्राली, लकड़ी काटने की इलेक्ट्रॉनिक मशीन को कब्जे में लेकर खमरिया पुलिस को सौंप कार्रवाई शुरू करवा दी है। मंगलवार की रात हौसला बुलंद लकड़ी माफिया धौरहरा रेंज के अम्बरपुर गांव में देर रात मशीनों से हरे भरे आम के पेंडो पर बगैर परमिट व परमीशन बनवाये ही वन महकमें से मिलीभगत कर कटान शुरू करवा दिया जहां कुछ ही क्षणों में कई पेड़ धरासायी हो गए। जिसकी सूचना ग्रामीणों से पाकर कुछ ही देर बाद बाग में पहुचे धौरहरा सीओ पी पी सिंह को देख लकड़ी माफ़िया ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर भाग निकले। वही सीओ ने काटे गए पेंडो की लकड़ी व ट्रेक्टर ट्राली को कब्जे के लेकर वन क्षेत्राधिकारी को अवगत करा कर मौके बुलाने के बाद लकड़ी ट्रेक्टर सीज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में सीओ धौरहरा प्रीतम पाल सिंह ने बताया कि लकड़ी भरी ट्रैक्टर ट्राली खमरिया के सुपुर्द कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। वहीं डिप्टी रेंजर वीपी सिंह ने बताया कि मामले में लकड़ी ठेकेदार हुकमान निवासी अंधपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया गया है।

### छात्रों को निर्भीक बनने के लिए किया गया उत्साहित



**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।** सी.जी.एन.(पी.जी.) कॉलेज, गोला गोकर्णनाथ-खीरी में दिनांक 24 जनवरी, 2024 को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह के द्वारा प्रातः कालीन परीक्षा में सम्मिलित छात्राओं को चाकलेट, टॉफी, पेन, आदि बाँटकर बालिका दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की और छात्राओं से अपने कैरियर निर्माण की तरफ ध्यान देने को कहा साथ ही अपने पैरो पर खड़े होने की शिक्षा प्रदान की। इस अवसर पर महाविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. प्रमोद कुमार ने छात्राओं को उत्साहित करते हुए अपनी बात निर्भीकता से कहने का संदेश दिया और निर्भय होने की बात कही। इस अवसर पर अशोक कुमार चौरसिया, पुस्तकालय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, डॉ. अरूण कुमार सिंह आदि उपस्थित रहें। साथ ही साथ प्राचार्य जी ने छात्र/छात्राओं को उ0प्र0 स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ भी दी तथा सभी को विद्यार्थियों को उ0प्र0 के इतिहास को बताते हुए प्राचार्य ने कहा कि 1834 ई0 मे यह आगरा प्रेसीडेंसी, 1836 ई0 में उत्तरी पश्चिमी प्रान्त, 1920 ई0 में इलाहाबाद से राजधानी लखनऊ हो गई। 01 अप्रैल 1933 ई0 के इसे यूनाइटेड प्राविन्स कहा गया और 24 जनवरी, 1950ई0 को इसे उत्तर प्रदेश के नाम से जाना जाता है। प्रथम शासक के रूप में चन्द्रगुप्त (319ई0-335 ई0 तक) इसके बाद समुद्रगुप्त (335ई0-380ई0) तक शासन किया। 14 प्रधानमंत्रियों मे से 9 प्रधानमंत्री उ0 प्र0 से है। इस प्रकार उ0प्र0 भारतीय मानचित्र पर चमकता सितारा है। इस अवसर पर महाविद्यालय के समी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी, छात्र/छात्राएँ उपस्थित रहे।

# नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर मानव श्रृंखला बनाकर मनाई गई नेताजी की जंयती

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



ब्लाक बिजुआ क्षेत्र के जिला पंचायत इण्टर कॉलेज बिजुआ व के.ए.यू. के.इंटर कालेज पडरिया तुला में मंगलवार को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती बड़े धूमधाम से मनाई गई। जिला पंचायत प्रधानाचार्य सतेंद्र कुमार मिश्रा व चौकी इंचार्ज चेतन तोमर ने नेताजी सुभाष चंद बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। नेताजी के जीवन पर प्रकाश डालकर छात्र- छात्राओं को उनके योगदान के बारे में बताया वही स्कूल परिसर में छात्र छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर व क्षेत्र में सड़क सुरक्षा रैली निकाल कर आम जनमानस को जागरूक किया गया। इस अवसर पर बच्चों के साथ अध्यापक राजेश पांडेय, हरिओम शुक्ला, नरेन्द्र बाजपेई, श्यामू राही समेत बिजुआ पुलिस स्टाफ बल मौजूद रहा। वही पड़रिया तुला में पूर्व मंत्री/विधायक डॉ.आर.ए.उस्मानी द्वारा संचालित के.ए.यू.के.इंटर कालेज़ पड़रिया तुला में नेता जी सुभाषचंद बोस व स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर एक युद्ध नशे के विरुद्ध विषय पर छात्र/छात्राओं व समस्त स्टाफ़ को शपथ ग्रहण कराई गई। हम शपथ लेते हैं कि हम आजीवन किसी भी प्रकार का नशा नही करेंगे, साथ ही अपने परिजनों/मित्रों एवं परिचितों को नशा ना करने के लिए प्रेरित करेंगे। हम यह भी शपथ लेते हैं कि नशे में संलग्न व्यक्तियों को नशा छोड़ने के लिए जागरुक करेंगे। इस मौके पर छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



### देश के वोटर बनकर देश का भविष्य निर्धारित करें : प्रो. वीणा

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** भगवानदीन आर्य कन्या स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस, राष्ट्रीय बालिका दिवस, राष्ट्रीय मतदाता दिवस का भव्य आयोजन प्राचार्या प्रो वीणा गोपाल मिश्रा कि अध्यक्षता में किया गया। प्राचार्य ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि राम जी प्राण प्रतिष्ठा के दिन से हम सभी को राम जी के गुण जैसे क्रोध ना करना, संयम, धैर्य और वचन को निभाने का अनुकरण करने का संकल्प लेना चाहिए। प्राचार्या ने छात्रायों का आह्वाहन करते हुए कहा कि देश के वोटर बनकर देश का भविष्य निर्धारित करें। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रचार्या ने प्रभु श्री राम के नाम का दीप प्रज्वलित कर किया। नैना एवं पूर्णिमा ने राम स्तुति की सुन्दर प्रस्तुति दी। हिंदी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सुशीला देवी ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी दी एवं बालिका सुरक्षा की शपथ भी दिलाई। दीपमाला ने बालिका गीत का गायन किया ।दर्शन विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर/ मतदाता जागरूकता समिति प्रभारी डॉ क्षमा तिवारी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर वार्षिक आख्या प्रस्तुत की। संस्कृत विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सुरचना त्रिवेदी ने राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता पर अपना उद्बोधन दिया। प्राचार्या ने मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई।

# दलाल मुक्त रहेगी कोतवाली, अपराधियों पर कसी जाएगी नकेल : ब्रजेश

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



थाना फरधान से आए नवागंतुक एस ओ ब्रजेश कुमार मौर्य ने भीरा कोतवाली का चार्ज संभालने के बाद बुधवार को पड़रिया तुला पुलिस सहायता केंद्र पर मीडिया से रूबरू हुए। उन्होंने बताया कि मैं मूल रूप से जनपद चंदौली का निवासी हूं, 2013 से पुलिस फोर्स में जॉइनिंग हुई उसके बाद विभिन्न थानों की कमान संभाली। जनपद लखीमपुर खीरी में पहले थाना फरधान और अब कोतवाली भीरा का चार्ज मिला है।

कोतवाली प्रभारी ने स्पष्ट शब्दों मे कहा कि किसी भी कीमत पर दलाली होने नहीं दी जाएगी वहीं फर्जी मुकदमे किसी कीमत पर नहीं लिखे जाएंगे दबाव भी किसी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। अपराध और अपराधियों पर हर कीमत पर अंकुश लगाया जाएगा। शासन की मंशा के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर हर फरियादी की सुनवाई प्रतिदिन की जाएगी। महिला अपराध पर तत्काल संज्ञान लिया जाएगा। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा सामाजिक अपराध, सट्टा गोकशी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपराध पर अंकुश लगाना हमारी प्रथम प्राथमिकता रहेगी। वहीं उन्होंने कहा क्षेत्र में बंद पड़े सभी सीसीटीवी कैमरे शीघ्र ही चालू किए जाएंगे जिसकी निगरानी कोतवाली से की जाएगी। मीडिया से सकारात्मक सहयोग करने की अपेक्षा की है। बताया कि ऐसी खबरों का प्रकाशन ना करें जिससे आपसी सामंजस्यता खराब होने की संभावना हो।

कोतवाली भीरा आपकी है बगैर आप सब के सहयोग के सब अधूरा है। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी ब्रजेश कुमार मौर्य,पुलिस सहायता केंद्र पडरिया तुला चौकी पर तैनात एस आई संदीप कुमार, आरक्षी चंद्र मोहन त्यागी,अरविंद कुमार,वही क्षेत्रीय पत्रकार सूरज सिंह,राम निवास मिश्रा,जितेंद्र भारद्वाज, सोनू शुक्ला, विकास वर्मा, ऋषिकेश शर्मा, अंतिम सिंह, विनोद कुमार, हरीश मौर्य, अतीश कुमार, देवेंद्र कुमार, श्याम जी शुक्ला, पुस्पेंद्र सहित सभी क्षेत्रीय पत्रकार मौजूद रहे।

# विहिप के रामभक्तों को पुलिस कर्मियों ने रोका, उच्चस्तरीय हस्तक्षेप से हुए रवाना

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद तोगड़िया एव राष्ट्रीय बजरंग दल के नेतृत्व में बुलंदशहर से अयोध्या जा रहे राम भक्तों को बुधवर की सुबह नगर के मुख्य चौराहे पर तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा रोक दिया गया बाद में हुए उच्च स्तरीय हस्तक्षेप के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर लगभग 45 मिनट बाद उन्हें अयोध्या के लिए जाने दिया गया।

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद तोगड़िया के विभाग उपाध्यक्ष ध्रुव शर्मा राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग उपाध्यक्ष अमन शर्मा प्राखंड अध्यक्ष मनीष के नेतृत्व में लगभग तीन दर्जन राम भक्तों का जत्था टूरिस्ट बस से अयोध्या जा रहा था नगर के मुख्य चौराहे पर सुबह सवा 7 बजे पहुंची इस गाड़ी को नगर के मुख्य चौराहे पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा रोक दिया गया पता चला की अयोध्या जा रहे हैं इन राम भक्तों के पास बस का पास नहीं था जिसकी वजह से इन्हें रोका गया बाद में राम भक्तों की सेवा के लिए बुलंदशहर में तैनात एक वरिष्ठ पदाधिकारी की पुलिस अधीक्षक से बात होने के बाद ग्रामीणओं की शिकायत पर राम भक्तों को अयोध्या के लिए रवाना कर दिया गया। इस दौरान राम भक्तों ने भारत माता की जय जय जय श्री राम हर हर महादेव के जय घोष से वातावरण को गुंजायमान कर दिया।

भगवान राम के दर्शनों के लिए जा रहे ध्रुव शर्मा ने बताया की जिस तरह 14 वर्षों के राम के वनवास से वापस लौटाने के बाद अयोध्या वासियों मैं हर्ष और उल्लास का वातावरण था उसी तरह 500 वर्षों के कठिन संघर्ष के बाद आज यह दिन आने पर पुरा प्रदेश हर्ष और उल्लास से परीपूर्ण है जिसका बयान शब्दों में नहीं किया जा सकता है।

# लेखपाल संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह का हुआ भव्य स्वागत




**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को तहसील परिसर में लेखपाल संघ अध्यक्ष और मंत्री पद के लिए तहसील सभागार में निर्वाचन अधिकारी के समक्ष संपन्न हुए चुनाव में राघवेंद्र प्रताप सिंह ने गुंजन सिंह को 13 मतों से हराकर लेखपाल संघ अध्यक्ष पद पर कब्जा कर लिया था। आज औसानेश्वर मोड़ स्थित पारिजात इन्फो सॉल्यूशंस के मालिक राहुल दीक्षित द्वारा नवनिर्वाचित लेखपाल संघ अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह का माला पहनकर मुंह मीठा करा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से बृजेश शुक्ला सौरभ बृजेश मिश्रा बबलू सिंह विभोर गुप्ता शिवा वर्मा आदि मौजूद रहे।

# सेवादारों का अयोध्या लौटने पर हुआ स्वागत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



भगवान श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर साधु संतों की देखरेख एवं सेवा के लिए गए विकासखंड हैदरगढ़ से तीन सेवादारों का वापस लौटने पर नगर पंचायत अध्यक्ष व उनकी टीम द्वारा माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कहा कि यहां हम सभी के लिए गर्व की बात है हमारे नगर क्षेत्र से विभोर गुप्ता सोमिल शुक्ला अनुराग पांडे जैसे सेवाभावी सेवादारों को अयोध्या धाम जाकर दूर दराज से आए महान साधु संत महात्माओं की सेवा का मौका मिला। सम्मान करने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विकास पाण्डेय शिक्षक नेता विवेक गुप्ता समाजसेवी सुधीर जायसवाल अनूप सिंह टिंकू अवस्थी दीपू विश्वकर्मा शिवा वर्मा बैजनाथ मौर्य आदि शामिल रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई कर्पूरी ठाकुर की जयंती

**सूरतगंज बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जननायक सामाजिक न्याय के पुरोधा एवं बिहार के पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर की जयंती बुधवार को जगह-जगह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। वहीं कस्बा सूरतगंज में कर्पूरीवादी एकता संस्थान के तत्वाधान में बड़ी ही गर्म जोशी के साथ उनकी जन्म जयंती मनाई गई। संस्थान के जिला अध्यक्ष बबलू ठाकुर, जिला सचिव पंकज शर्मा, त्रिवेणी प्रसाद,अनुज कुमार, अमित कुमार आदि लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जिला अध्यक्ष ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक सामान्य परिवार में जन्मे स्वर्गीय श्री ठाकुर गरीब,दलित, दबे,कुचलों के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया। उनकी सादगी आज के समाज के लिए नजीर है।

# पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का बेलहरा आगमन 27 को



बेलहरा बाराबंकी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बेलहरा आगमन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से जारी है। अखिलेश यादव 27 जनवरी शनिवार की दोपहर 11ः00 बजे नगर पंचायत बेलहरा कार्यालय के समीप मैदान में नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा आयोजित मेधावी छात्र-छात्राओं में लैपटॉप वितरण समारोह में शामिल होंगे और आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। तत्पश्चात करीब चार हजार जरूरतमंदों में कंबल भी वितरित करेंगे। कार्यक्रम के संबंध में अध्यक्ष प्रतिनिधि अयाज़ खान ने बताया की अखिलेश यादव के आगमन को लेकर बड़े पैमाने पर तैयारी की जा रही हैं। सभास्थल की साफ सफाई का काम जारी है। सभी से अपील है कि बड़ी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## ड्रग वेयर का सीएमओ ने किया शुभारंभ

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** कस्बा मसौली स्थित महिला चिकित्सालय परिसर में जनपद स्तरीय ड्रग वेयर हाउस का शुभारम्भ जिला मुख्म चिकित्सक अधिकारी डॉ अवधेश कुमार यादव फीता काट कर किया। ज्ञात हो कि जनपद के सीएचसी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला अस्पताल को दवा के लिए कस्बा मसौली स्थित महिला चिकित्सालय परिसर में ड्रग वेयर हाउस का बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अवधेश कुमार यादव ने फीता काट शुभारम्भ किया तथा इस दौरान जिला पुरुष अस्पताल , प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गाजीपुर को दवा उपलब्ध कराई गई। इस मौके पर सीएचसी प्रभारी डॉ संजीव कुमार, ड्रग वेयर हाउस इंचार्ज चीफ फार्मासिस्ट तिलकराम कनौजिया, सहायक प्रभारी डॉ धर्मेन्द्र कुमार सिंह, सहायक प्रभारी सुशील श्रीवास्तव, कम्प्यूटर आपरेटर अमरदीप सहित लोग मौजूद थे।

## गांधी जी की पुण्यतिथि पर होगी श्रद्धांजलि सभा

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

गांधी जयंती समारोह ट्रस्ट की एक बैठक गांधी भवन में ट्रस्ट के अध्यक्ष राजनाथ शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बुधवार को आयोजित बैठक में श्री शर्मा ने बताया कि 30 जनवरी को प्रातः 10 बजे गांधी भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा की जाएगी। सुबह करीब 10 बजे गांधी भवन से पटेल तिराहा तक महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब के खिलाड़ी पैदल शांति मार्च निकलेंगे। उसके उपरांत गांधी भवन में बालाजी का बचपन स्कूल के बच्चों द्वारा 'रघुपति राघव राजा राम' और 'वैष्णव जन तो तेने कहिए' गांधी भजन का आयोजन किया जाएगा।

इसके बाद सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन रखा जाएगा। तदोपरान्त महात्मा गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया जाएगा।

महल्यार्पण कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस (शहीद दिवस) पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित होगी। जिस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं गांधीवादी अध्येता राहुल देव होंगे।

# आधा दर्जन गांवों में गेहूं की फसलों पर ड्रोन से किया गया छिड़काव

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



कृषि विज्ञान केन्द्र हैदरगढ़ के इफको कंपनी के नेतृत्व में बुधवार को क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में गेहूं की फसलों में ड्रोन से नैनो यूरिया डीएपी एवं सागरिका का मिश्रित घोल का छिड़काव किया गया।

कृषि वैज्ञानिक डॉ समीर पाण्डेय एवं इफको बाराबंकी के वरिष्ठ प्रबंधक विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में पहुंची टीम ने भटखेरा गांव, पूरे ताले सिंह मजरे अंसारी कनवा एवं रौली आदि गांवों में छिड़काव किया गया। कृषि वैज्ञानिक डॉ समीर पाण्डेय ने बताया कि एक एकड़ खेत में 5 सौ एमएल नैनो यूरिया ढाई सौ एमएल डीएपी एवं ढाई सौ एम एल सागरिका का घोल बनाकर छिड़काव किया जाता है।इससे पानी की बचत व लागत बहुत ही कम आती है। मात्र 6 मिनट में एक एकड़ में उर्वरक का छिड़काव हो जाता है।

इस छिलकाओं से पशु पक्षियों की पतंग आदि को कोई नुकसान नहीं पहुंचता है। इस मौके पर इफको के सुपरवाइजर कन्हैया मौर्या अश्वनी कुमार सिंह रूपन रघुवंशी रिंकी चौहान ड्रोन पायलट सोनू कुमार व सचिन यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय त्योहार को लेकर बच्चों में उत्साह

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** आने वाले राष्ट्रीय पर्व को लेकर कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई होने के साथ लगभग पूरी तैयारी मुकम्मल हो चुकी है। बच्चों में भी काफ़ी उत्साह देखने को मिल रहा है। बताते चलें कि आने वाले राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी को लेकर जहां स्कूल मदरसों सहित थाना परीसर बैंको व अन्य जगहों में साफ सफाई कर हर्ष उल्लास के साथ पर्व मनाने की तैयारी हो चुकी है। वहीं झंडे पट्टी बिल्ला तथा अनेक प्रकार के कैप फूल आदि की दुकानों को भी सजा दिया गया है। जहां स्कूल के बच्चों सहित तमाम लोगों की भीड़ लगी दिखाई दे रही है। जबकि स्कूलों के बच्चों द्वारा नातें व राष्ट्रीय गान प्रभात फेरी की पूरी तैयारी जोरोशोर से चालू है। वहीं थाना परिसर को भी पूरी तरह सजाकर झंडा रोहण करने की तैयारियां चालू हैं।

# विवि के चार छात्रों ने यूपीपीसीएस में किया शानदार प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने हाल ही में संपन्न उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) परीक्षाओं में प्रतिष्ठित स्थान हासिल किया है। यूपीपीएससी परीक्षाएं अपनी कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया, विभिन्न विषयों और कौशलों पर उम्मीदवारों का परीक्षण करने के लिए जानी जाती हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय इन चार छात्रों की उपलब्धि पर बहुत गर्व महसूस करता है। जिन्होंने न केवल अपनी व्यक्तिगत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मध्यकालीन और आधुनिक इतिहास के दीपक सिंह को डिप्टी कलेक्टर के रूप में, भूगोल की आकांक्षा गौतम को डीएसपी के रूप में, राजनीति विज्ञान की दीप्ति त्रिपाठी को माल कर अधिकारी के रूप में, और प्राणीशास्त्र की रिया सिन्हा को लेखाधिकारी के रूप में चुना गया है। ये छात्र अत्यधिक प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में विजयी हुए, जहां हजारों उम्मीदवारों ने सीमित पदों के लिए प्रतिस्पर्धा की। उनकी सफलता उनके समर्पण, कड़ी मेहनत और शिक्षा के प्रति समग्र दृष्टिकोण के बारे में बताती है जिसे लखनऊ विश्वविद्यालय प्रदान करने का प्रयास करता है। प्रो आलोक कुमार राय लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

# आवास योजना के 10 लाभार्थियों को कर्तव्य पथ पर आमंत्रण मिलना गौरव की बात

## उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने फ्लैग ऑफ कर लाभार्थियों को किया दिल्ली रवाना, गणतंत्र दिवस पर परेड कार्यक्रम में हैं विशेष अतिथि

▸ कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा पर पीएम को दिया धन्यवाद

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** देश की राजधानी दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड- 2024 के अवसर पर उत्तर प्रदेश के प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के 10 लाभार्थियों को विशेष अतिथि के रूप में कर्तव्य पथ पर प्रतिभाग के लिए उत्तर प्रदेश से आमंत्रित किया गया है। जनपद वाराणसी, अयोध्या, गोरखपुर, बाराबंकी एवं खीरी से दो-दो लाभार्थी गणतंत्र दिवस परेड- 2024 में प्रतिभाग के लिए चिन्हित किये गये है।



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा बुधवार को 07- कालीदास मार्ग, लखनऊ से फ्लैग ऑफ कर इन लाभार्थियों को दिल्ली के लिए रवाना किया गया। इसके पूर्व उपमुख्यमंत्री द्वारा सभी लाभार्थियों से परिचय प्राप्त किया गया तथा उन्हें अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया तथा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए चयनित किये जाने पर उन्हें बधाई भी दी। उन्होंने गणतंत्र दिवस आयोजित होने वाली परेड के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना -ग्रामीण के लाभार्थियों को आमंत्रित किये जाने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। उप मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना -ग्रामीण में देश में टॉप पर है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के 10 लाभार्थियों को विशेष अतिथि के रूप में कर्तव्य पथ पर प्रतिभाग के लिए उत्तर प्रदेश से आमंत्रित किया गया है। यह उत्तर प्रदेश के लिए गौरव की बात है। जिसमें हमारी थारू जनजाति की एक महिला, एक दिव्यांग और सामान्य लाभार्थी भी शामिल हैं। पीएम आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख तक का निःशुल्क इलाज मिल रहा है। उनको आने वाले

**अब तक 34.34 लाख आवास का निर्माण पूर्ण**

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश को अब तक कुल 36.15 लाख आवास निर्माण का लक्ष्य भारत सरकार से प्राप्त हुआ था, जिसके सापेक्ष अब तक 34.34 लाख आवास का निर्माण पूर्ण कराया जा चुका है, शेष आवास निर्माणाधीन है। इसी तरह मुख्यमंत्री आवास योजना –ग्रामीण के अन्तर्गत 2.57 लाख लाभार्थियों को पक्के घर दिये गये है। उपमुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री का विचार रहता है कि गरीब से गरीब व्यक्ति राष्ट्रीय पर्व में देश की राजधानी में आमंत्रित हो। गरीबी के दर्द को जानने के कारण ही गरीबों का दर्द दूर करने में हम सफल हुए है। आज गरीबों को प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, हर घर से नल जल की सुविधा मिली है। उनके घरों का अंधेरा दूर कर बिजली कनेक्शन दिया गया है।

पांच वर्षों तक निःशुल्क राशन मिलेगा। यह भी गर्व की बात है कि उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास उपलब्ध कराने में देश में पहले स्थान पर है। उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी ने यह भी बताया कि जिन राज्यों ने पीएम आवास योजना ग्रामीण के लक्ष्य को पूरा नहीं किया है वह भी उत्तर प्रदेश के आग्रह पर केन्द्र सरकार द्वारा हमें आवांटित किए गए हैं और हम उन्हें भी पूरा कराने में सफल हुए हैं।

## खबरें एक नजर में

### अकबर नगर मामले में फिर मिला स्टे, अब सात को सुनवाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अकबर नगर मामले में सुनवाई की डेट एक बार फिर बढ़ गई है। अब 7 फरवरी को सुनवाई होगी। पहले 22 जनवरी को सुनवाई होनी थी लेकिन दो दिन का डेट बढ़ा दिया गया था। फिर से स्टे बढ़ गया है। एलडीए, नगर निगम, पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम 21 दिसंबर को यहां बने करीब 1100 आवास और 100 से ज्यादा दुकानों को तोड़ने के लिए पहुंची थी। लेकिन उस दौरान कोर्ट ने स्टे दे दिया था। तब कहा गया था कि इतनी ठंड में बिना कोई उचित व्यवस्था किए लोगों को वहां से हटाने की इतनी जल्दी क्यों है। तभी इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ की बेंच ने स्टे दे दिया था। उसमें एक महीने तक कार्रवाई पर रोक लगी थी। उसके बाद 22 जनवरी को सुनवाई होनी थी। उसके बाद सुनवाई 24 जनवरी तक बढ़ी। एलडीए ने अकबर नगर इलाके में 1169 मकान और 112 दुकानों को अवैध बताया गया था। मामले में करीब 200 लोग याचिका दाखिल कर चुके हैं।

### कांशीराम को भारत रत्न से सम्मानित करना जरूरी : मायावती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने पार्टी संस्थापक कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग की है। मायावती ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि दलितों एवं अन्य उपेक्षितों को आत्म–सम्मान के साथ जीने व उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए बीएसपी के जन्मदाता एवं संस्थापक मान्यवर कांशीराम का योगदान ऐतिहासिक व अविस्मरणीय है। जिन्हें करोड़ों लोगों की चाहत के अनुसार भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित करना जरूरी है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने के केन्द्र सरकार के निर्णय की सराहना करते हुए मायावती ने बुधवार को एक्स पर पोस्ट किया '' देश में खासकर अति–पिछड़ों को उनके संवैधानिक हक के लिए आजीवन कड़ा संघर्ष करके उन्हें सामाजिक न्याय व समानता का जीवन दिलाने वाले जननायक कर्पूरी ठाकुर को आज उनकी 100वीं जयंती पर अपार श्रद्धा–सुमन अर्पित।

### बस का भार नहीं सहन कर सकी सड़क, हुआ बड़ा गड्ढा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** चिनहट के यमुना बिहार में अचानक रोडवेज बस का अगला पहिया सड़क में धंस गया जिसके बाद क्रेन की मदद से बस को बाहर निकाला गया। जमुना बिहार कालोनी में नर्वदेश्वर कालेज की तरफ मल्होर मार्ग से जाने वाली सड़क की स्थिति इस बात से समझी जा सकती है कि एक रोडवेज की बस का भार नहीं सहन कर सकी। जायजा लेने पर मालूम हुआ कि अंदर से काफी बड़ा गड्ढा हो गया है। सड़क के नीचे काफी दूर तक पोला बना हुआ है। ये हादसा सिर्फ बानगी भर है कि किस प्रकार से सड़कों का रख रखाव किया जा रहा है। इस बार से यह क्षेत्र नगर निगम के अंतर्गत आता है।

### नि:शुल्क दिव्यांग चिकित्सा शिविर आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** स्वर्गीय कृपा नारायण की 100वीं जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन गुरुवार 25 जनवरी 2024 को, बंधु जी उत्सव वाटिका, भुइयन देवी मंदिर के पास, साठ फिटा रोड जानकीपुरम विस्तार में दोपहर दो से शाम छह बजे तक वृहद स्तर पर किया जा रहा है। उस शिविर में केजीएमयू के दंत चिकित्सक ओरल हेल्थ के प्रति लोगों को जागरुक भी करेंगे। मुख्य रूप से उस शिविर में दिव्यांग जनों के हितार्थ, हाथ और पैर के कृत्रिम अंगों का वितरण किया जाएगा। इससे पहले 15 जनवरी को आयोजित शिविर में लाभार्थियों का चयन किया गया था। इस क्रम में दूसरा चयन 25 जनवरी को किया जाएगा। इसके साथ ही श्रवण मशीनें भी जांच के उपरांत वितरित की जाएंगी। इस शिविर के सहयोगियों में केजीएमयू दंत चिकित्सा विभाग और माथुर रेडियोज लखनऊ सहित अन्य शामिल हैं।

### मतदाता दिवस पर अफसरों व कर्मियों ने ली शपथ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** 14वें मतदाता दिवस 2024 के क्रम में मतदाताओं में जागरुकता प्रसारित करने के उद्देश्य से आज बुधवार को नगर निगम मुख्यालय में नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह की अध्यक्षता में कर्मचारियों/अधिकारियों द्वारा शपथ ली गयी। दिनांक 25.01.2024 को सार्वजनिक अवकाश होने दशा में आज यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ के माध्यम से समस्त कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से वोट के अधिकार के प्रयोग किए जाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उक्त कार्यक्रम में नगर निगम की मुख्य कर निर्धारण अधिकारी श्रीमती अम्बी बिष्ट व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण सहित सैकड़ो की संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह आज जाएंगे वाराणसी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री एवं प्रभारी मंत्री वाराणसी जयवीर सिंह कल अपरान्ह से वाराणसी के दौरे पर रहेंगे। पर्यटन मंत्री 25 जनवरी को शाम तक सर्किट हाउस वाराणसी पहुंचेंगे। अगले दिन 26 जनवरी को 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। यह कार्यक्रम पुलिस लाइन वाराणसी में पूर्वान्ह 09:30 बजे से आयोजित किया गया है। इसके उपरान्त पर्यटन मंत्री पूर्वान्ह 11 बजे वाराणसी से प्रस्थान कर अपरान्ह लखनऊ पहुंचेंगे।

### मरीज व तीमारदारों को ठंड से बचाव के करें इंतजाम : पाठक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने प्रदेश के सभी अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और संस्थानों में ठंड से बचाव के पर्याप्त इंतजाम के निर्देश दिये हैं। मरीज और तीमारदारों को शीतलहर से बचाव के पुख्ता इंतजाम करें। भर्ती मरीजों के लिए वार्ड में पर्याप्त ब्लोवर और हीटर लगवाये। इसी तरह रैन बसेरे में तीमारदारों के लिए गद्दे और कंबल का इंतजाम करें।

# 30 हजार निराश्रित गोवंशों को मिलेगा आश्रय

## पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने 74 वृहद गो संरक्षण केन्द्रों का किया वर्चुअली शिलान्यास

▸ पशुपालन प्रोत्साहन योजना के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र वितरित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने बुधवार को यहां पशुपालन निदेशालय के परिसर में स्थित पशु जैविक औषधि संस्थान के पुनर्रोद्धार एवं आधुनिकीकरण कार्य का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 15 करोड़ रुपये की लागत की कार्य योजना से संस्थान द्वारा 31 दिसम्बर, 2024 तक गलाघोटू, बी0क्यू0, ईटीवी एवं स्वाइन फीवर वैक्सीन का उत्पादन प्रारम्भ होगा और भविष्य में प्रदेश वैक्सीन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनेगा।

श्री सिंह ने कार्यक्रम में वर्चुअली रूप से प्रदेश के 37 जनपदों में 118.49 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले 74 वृहद गो संरक्षण केन्द्रों का भी शिलान्यास किया। जिसमें करीब 30 हजार निराश्रित गोवंश को आश्रय प्राप्त होगा। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने उ0प्र0 स्थापना दिवस के अवसर पर



पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं निर्माण कार्यों का शिलान्यास एवं शुभारम्भ किया। श्री सिंह ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना के तहत 05 लाभार्थियों मलिहाबाद की खुशबू एवं पीयूष कुमार सिंह को 10 हजार रुपये, अनुपम कुमार द्विवेदी वीरेन्द्र कुमार तथा चन्द्र शेखर को 15 हजार रुपये की धनराशि बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से अंतरित की। उन्होंने चयनित लाभार्थियों से संवाद किया और प्रशस्ति पत्र वितरित करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा देशी नस्ल की गायों को संरक्षित करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। योजना के तहत स्वदेशी नस्ल के उच्च गुणवत्तायुक्त स्वदेशी गायों के दुग्ध उत्पादन के दृष्टिगत उनके नस्ल के आधार पर 15000 रूपये अथवा 10000 रूपये का पुरस्कार संबंधित गौवंश के पशुपालक को जीवनकाल में एक बार देय होगा तथा एक पशुपालक को अधिकतम 02 गोवंश हेतु पुरस्कार दिया जायेगा।

पशुधन मंत्री ने मुख्यमंत्री स्वदेशी गो-संवर्द्धन योजना अंतर्गत 06 लाभार्थियों को चयन पत्र दिये और वाराणसी, अयोध्या, बरेली, गोरखपुर, प्रयागराज व ललितपुर के लाभार्थियों से संवाद कर उनके सुझाव प्राप्त किए और उनकी समस्याओं का निदान किया। इस योजना में लाभार्थी द्वारा 02 स्वदेशी गोवंश का क्रय प्रदेश के बाहर से किया जायेगा तथा उसका बीमा कराया जायेगा। योजना में कुल 02 लाख रूपये तक का व्यय 40 प्रतिशत (अधिकतम 80 हजार) अनुदान लाभार्थी के खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजा जायेगा। श्री सिंह ने उ0प्र0 पशुधन विकास परिषद द्वारा विभिन्न जोनल केन्द्रों, जनपद स्तर तक उच्चगुणवत्तायुक्त अतिहिमीकृत वीर्य स्ट्राज एवं तरल नत्रजन उपलब्ध कराये जाने के लिए 90 लाख रूपये की लागत से 09 बहुउद्देशीय वाहनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें गो व महिषवंशीय पशुओं में कृत्रिम आच्छादन में बढ़ोत्तरी होगी।

**पात्रों तक पहुंचाई जा रही हैं सरकार की योजनाएं**

इस अवसर पर पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ रजनीश दुबे ने उ0प्र0 स्थापना दिवस के अवसर पर पशुधन मंत्री द्वारा पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं निर्माण कार्यों के शिलान्यास एवं शुभारम्भ हेतु आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मंत्री के दिशा–निर्देशन में विभाग की योजनाओं को पात्र लोगों तक पहुंचाया जा रहा है और पशुपालन एवं दुग्ध विकास विभाग किसानों एवं पशुपालकों की आय को दोगुना करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन भली भांति कर रहा है।

# गरीबों के मसीहा थे जन नायक कर्पूरी ठाकुर : केशव प्रसाद मौर्य

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर गरीबों के मसीहा थे। सामाजिक न्याय के देवता थे। सबसे पहले उन्होंने आरक्षण की व्यवस्था लागू की थी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिए जाने की घोषणा से पूरा देश गौरव की अनुभूति कर रहा है। उन्होंने कहा कि जन नायक कर्पूरी ठाकुर ने विकास और सामाजिक समृद्धि की दिशा में कई सफल प्रयास किए थे।

श्री मौर्य बुधवार को महानगर लखनऊ में आयोजित जन नायक कर्पूरी ठाकुर के जन्म शताब्दी समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की घोषणा पर उपमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर के



विचारों को आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय ठाकुर नेदलितों, पिछड़ों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का जो रास्ता बताया था उसी रास्ते पर चलकर सबका साथ-सबका विकास, सबको सम्मान-सबको स्थान देने का काम प्रधानमंत्री द्वारा किया जा रहा है और जन नायक कर्पूरी ठाकुर को सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किए जाने की घोषणा प्रधानमंत्री द्वारा की गई है। उन्होंने कहा कि जिनको सम्मान मिलना चाहिए, उन्हें उचित सम्मान प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मिल रहा है। महानगर के जिस पार्क मे आयोजित कार्यक्रम में, जहां पर जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर उन्होंने माल्यार्पण किया, उस पार्क का नामकरण कर्पूरी ठाकुर के नाम से कराए जाने का प्रयास किया जाएगा तथा प्लान बनाकर इस पार्क का सौन्दर्यीकरण भी कराया जाएगा।

# कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न सामाजिक न्याय आंदोलन की जीत : अखिलेश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** केंद्र सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न देने का एलान किया है। केंद्र के इस नर्ण्यिय को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सामाजिक न्याय के आंदोलन की जीत बताया है। अखिलेश यादव ने कहा कि ये दिखाता है कि सामाजिक न्याय व आरक्षण के परंपरागत विरोधियों को मन मारकर पीडीए के 90 फीसदी लोगों की एकजुटता के आगे झुकना पड़ रहा।

अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, जननायक कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत घोषित भारत रत्न दरअसल सामाजिक न्याय के आंदोलन की जीत है, जो दर्शाती है कि सामाजिक न्याय व आरक्षण के परंपरागत विरोधियों को भी मन मारकर अब पीडीए के 90 फीसदी लोगों की एकजुटता के आगे झुकना पड़ रहा है। पीडीए की एकता फलीभूत हो रही है। कर्पूरी ठाकुर का जन्म समस्तीपुर जिले के पितौंझिया गांव में नाई समाज में 24 जनवरी 1924 को हुआ था। उन्हें जननायक कहकर संबोधित किया



जाता है। वह साल 1952 में पहली विधायक चुने जाने के बाद आजीवन वह किसी न किसी सदन के सदस्य रहे। 1970-79 के बीच बिहार के दो-दो बार मुख्यमंत्री और बाद में बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी रहे। अपने जीवनकाल में कर्पूरी ठाकुर के इतने अहम पदों पर रहने बावजूद उनके पास न तो घर था और ना ही कोई गाड़ी। यहां तक कि उनके पास अपनी पैतृक जमीन भी नहीं थे। राजनीति में ईमानदारी, सज्जनता एवं लोकप्रियता ने कर्पूरी को जननायक बना दिया था। कर्पूरी का निधन 64 वर्ष की उम्र में 17 फरवरी 1988 को हुआ था। कर्पूरी ने आजीवन कांग्रेस के विरुद्ध राजनीति की थी। आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी उन्हें गिरफ्तार करने में कामयाब नहीं हो पाई। कर्पूरी सर्वोच्च पद पर पिछड़े समाज के व्यक्ति को देखना चाहते थे। कर्पूरी राजनीति में परिवारवाद के प्रबल विरोधी थे।

# लोहिया संस्थान में लगा वसूली का आरोप

**लखनऊ।** डॉ.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में सफाई कर्मियों ने आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मचारी पर काम के बदले सुविधा शुल्क मांगने का आरोप लगाया है। आरोप है कि निजी कंपनी के कर्मचारी बड़े अफसरों के इशारे पर सफाई कर्मियों से पैसे मांगते हैं। हालांकि वायरल वीडियो की अभी तक लोहिया संस्थान की तरफ से पुष्टि नहीं की गई हैं। लोहिया संस्थान में प्राइम क्लीनिंग सिक्योरिटी के पास संस्थान की सफाई का जिम्मा है। कंपनी के पास करीब 600 सफाई कर्मचारी हैं। जिनका वेतन करीब 9 हजार रूपये प्रतिमाह बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में एक युवक यह कहते हुये सुनाई पड़ रहा है कि पिछले महीने में उसे कुल 6 दिन काम करने का मौका मिला था, फिर उससे 30 हजार रुपये की मांग की गई। पैसे देने के बाद ही उसे आगे काम देने को कहा गया है। युवक पैसे नहीं दे सका, इसलिए उसे काम नहीं मिला। कंपनी के मैनेजर सतेंद्र ने बताया कि मामला संज्ञान में आया हैं। कंपनी का कोई कर्मचारी इस बर्ताव करें, ये संभव नही। हालांकि जांच कराई जाएगी।

# प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. जगदीश गांधी पंचतत्व में विलीन

▸ बहाई समाधि स्थल पर राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के संस्थापक, प्रख्यात शिक्षाविद् व पूर्व विधायक डा. जगदीश गाँधी आज पूरे राजकीय सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन हो गये। भैंसा कुंड के नजदीक स्थित बहाई समाधि स्थल पर डा. जगदीश गाँधी को राजकीय सम्मान दिया गया एवं इसके उपरान्त बहाई धार्मिक रीति-नीति के अनुसार अन्तिम संस्कार हुआ। इस अवसर पर डा. गाँधी की पवित्र आत्मा की शान्ति हेतु सर्वधर्म प्रार्थना का पाठ हुआ, जिसमें हिंदू धर्म से पं. हरि प्रसाद मिश्रा, इस्लाम धर्म से एस. के. आब्दी, सिख धर्म से राजेन्द्र सिंह बग्गा, ईसाई धर्म से फादर राजेश डिसूजा, बौद्ध धर्म से भंते शील रतन, जैन धर्म से शैलेन्द्र जैन एवं बहाई धर्म से अमन मोहाजिर ने प्रार्थना की।

डा. जगदीश गाँधी की पत्नी डा. भारती गाँधी, पुत्र विनय गाँधी, पुत्री डा. सुनीता गाँधी, प्रो. गीता गाँधी किंगडन, प्रो. नीता गाँधी फारुही व अन्य परिवारीजनों के साथ ही



सी.एम.एस. के सभी कैम्पस की प्रधानाचार्याएं, कार्यकर्ता, शिक्षक व अधिकारीगण डा. जगदीश गाँधी की अन्तिम यात्रा में शामिल हुए और अपनी श्रद्धान्जलि अर्पित की। इस अवसर पर रितु सुहास, आई.ए.एस., एस पी सिंह, आई.ए.एस. समेत बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षाविदों व समाजसेवियों के साथ ही विशाल जनसमुदाय ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। अन्तिम संस्कार के उपरान्त सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस के सभागार 'स्मृति सभा' का आयोजन हुआ, जहाँ सी.एम.एस. परिवार के साथ ही मूर्धन्य हस्तियों ने भावपूर्ण वातावरण में डा. जगदीश गाँधी से जुड़ी अपनी स्मृतियों को साझा किया। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने इस अवसर पर कहा कि डा. जगदीश गाँधी सादगी एवं उच्च विचारों की प्रतिमूर्ति थे। दूरगामी सोच, बुलन्द हौसला व अथक परिश्रम में उनकी नियमित दिनचर्या का अंग था। सी.एम.एस. के महामंत्री रतन चन्द्र गुप्ता ने कहा कि गांधीजी कर्मयोगी थे। हर मर्यादा को ध्यान में रखते हुए काम करते थे। डा. जगदीश गाँधी की पुत्री डा. सुनीता गाँधी ने कहा कि मेरे पिता एक महान शिक्षक व नैतिकता के पुजारी थे तो वहीं दूसरी ओर सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने डा. जगदीश गाँधी की स्मृति में प्रार्थना की। इसी प्रकार, डा. जगदीश गाँधी के पुत्र विनय गाँधी, पुत्री प्रो. नीता गाँधी फारुही, सी.एम.एस. के क्वालिटी अश्योरेन्स विभाग की हेड व सुपीरियर प्रिन्सिपल सुश्मिता घोष समेत सी.एम.एस. प्रधानाचार्याओं, शिक्षकों व कार्यकर्ताओं ने डा. गाँधी से जुडी अपनी यादों व भावनाओं को व्यक्त किया।

# स्थापना दिवस पर 102 अभियंताओं का सम्मान

# इं. जे.पी. सिंह को मिला संघ रत्न सम्मान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लोनिवि डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ का शताब्दी स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष इं. अरविन्द्र कुमार जैन, प्रमुख अभियंता ग्रामीण संड़क इं. विनोद कुमार श्रीवास्तव, प्रमुख अभियंता परिकल्प एवं नियोजन इं. ए.के. अग्रवाल एवं परिषद के अध्यक्ष इं. हरिकिशोर तिवारी ने समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी संघ का निर्विवाद रूप से सौ का आंकड़ा वह भी विशेष उपलब्धियों के साथ पूरा करना इस बात का प्रमाण है कि संघ के प्रति सदस्यों का विश्वास जमा हुआ है। उन्होंने डिप्लोमा इंजीनियर्स से कहा कि देश के

▸ देश के विकास में डिप्लोमा इंजीनियर्स की भूमिका अहम

विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है इसलिए उनका फर्ज है कि वे सरकार की प्राथमिकता को ध्यान में रखकर विकास कार्यो में अपनी भागीदारी दर्ज कराये। उन्होंने इस दौरान आयोध्या के रामपथ की चर्चा करते हुए कहा कि इस रामपथ के निर्माण में अवर अभियंताओं की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि इस पथ के निर्माण में दिन रात एक कर अवर अभियंताओं ने इसे रिकार्ड समय में तैयार कराया और इस पर प्राणप्रतिष्ठा के साथ ही लाखों लोगों का गमन हो चुका है। संघ के 102 स्थापना दिवस समारोह में संघ द्वारा 61 से 91 वर्ष के 102 सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस दौरान संघ द्वारा बाराबंकी के इं. जय प्रताप सिंह को संघ रत्न से सम्मानित किया गया। स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष इं. एन.डी . द्विवेदी ने कहा कि आज संघ एक वटवृक्ष की तरह अपने सदस्यों की रक्षा के लिए खड़ा है। हमारे अग्रजों ने इसके लिए बड़ी कुर्बानिया दी है। संघ ने काफी कुछ हासिल किया है। संघ को आईएसओ अवार्ड से भी नवाजा जा चुका है। हमारा पूरा प्रयास है कि हम संघ की गरिमा को बनाए रखकर अपने सदस्यों के हितार्थ प्रयासों को जारी रखेगें। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष इं. हरिकिशोर तिवारी ने उपस्थित देश भर के डिप्लोमा इंजीनियर्स से आहावान किया कि वे पुरानी पेशन बहाली के लिए एक मंच पर आए।

**मुलाकात**

## राज्यपाल से मिले क्राफ्टरूट्स से जुड़े 100 से अधिक कारीगर

# कला में निखार के लिए नई संभावनाओं पर कार्य करें कारीगर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से बुधवार को राजभवन में देश भर से आए 100 से अधिक कारीगरों ने भेंट की। ये कारीगर यहां सफेद बारादरी में 20 जनवरी से 23 जनवरी तक चली ग्राम श्री एवं क्राफ्टरूट्स द्वारा आयोजित हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी के लखनऊ में समापन उपरांत आगामी गन्तव्य कानपुर जाने से पूर्व अनार पटेल के नेतृत्व में राजभवन भ्रमण और राज्यपाल से मुलाकात के लिए आए थे। कुछ कारीगरों ने स्नेह और श्रद्धा के साथ राज्यपाल को हस्त निर्मित सामान भेंट स्वरूप प्रदान किए। राज्यपाल ने कारीगरों के सम्मान में स्वल्पाहार आयोजित किया। इस दौरान



राज्यपाल ने कारीगरों से उनके व्यवसाय सम्बन्धी, कार्य में प्रगति, आर्थिक उपार्जन से सक्षमता वृद्धि की जानकारियां भी लीं।

कारीगरों से वार्ता करते हुए राज्यपाल ने उनकी कला और कई विलुप्त होती कलाओं के संवर्द्धन में लगे कारीगरों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि क्राफ्ट रूट्स संस्था से जुड़े लोग स्वयं भी आत्मनिर्भर हुए हैं और अपने साथ अन्य परिवारों को जोड़कर उन्हें भी आत्मनिर्भर बनाया हैं। राजभवन में कारीगरों के आगमन को एक स्मरणीय अवसर बताते हुए उन्होंने कहा कि यहाँ बड़े-बड़े लोग, वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्कूल के बच्चे, विश्वविद्यालयों के पदाधिकारी आते रहे हैं। लेकिन इतनी बड़ी संख्या में पहली बार कारीगरों का आगमन हुआ है। जो कि ऐतिहासिक है और एक पुनीत अवसर है। उन्होंने क्राफ्टरूट्स प्रदर्शनी में लखनऊ की जनता द्वारा रूचि लेने और खरीदारी करने पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि प्रदर्शनी में बेहतरीन कारीगरी के प्रदर्शन को देखने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि कारीगर बाजार की मांग पर ध्यान दें, अपनी कला में निखार के लिए नई सम्भावनाओं और सुझावों पर भी कार्य करें।

**राजभवन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर व साइकिल रैली का आयोजन**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया। राजभवन में किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में राजभवन कार्मिकों व अध्यासितों द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर में कुल 64 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। राज्यपाल ने कहा कि रक्तदान के साथ–साथ अंगदान भी एक पुनीत और महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने कहा कि कोई भी संस्था यदि अच्छा कार्य करें तो उसका प्रचार प्रसार होना चाहिए, इससे अन्य को प्रेरणा मिलती है। राज्यपाल ने रक्तदाताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि विगत चार–पांच वर्षों से राजभवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि स्थापना दिवस के दिन रक्तदान शिविर के माध्यम से दूसरों की जिंदगी को बचाने का संकल्प एक अच्छा कार्य है। इसमें समाज के लिए एक अच्छा संदेश भी है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मण्डलायुक्त ने दिलाई शपथ

▸ बिना प्रलोभन के करें मताधिकार का प्रयोग : मण्डलायुक्त




गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

चौदहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मण्डलायुक्त सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने कमिश्नरेट के अधिकारियों, कर्मचारियों को शपथ दिलाई। शपथ दिलाते हुये उन्होंने कहा कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, मूलवंश, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**कतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है मतदाता दिवस**

कार्यक्रम के समापन के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती है कि देश के सभी व्यस्क नागरिकों को वोट का समान अधिकार है। जिसके माध्यम से वो अपनी पंसद के उम्मीदवार को चुनाव में वोट दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता दिवस लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है।

**सभी कार्यालयों में दिलाई गयी शपथ**

जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार सभी शासकीय कार्यालयों में मतदाता शपथ ली गई। सभी सरकारी कर्मचारियों ने मतदाता शपथ लेकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

**सार्वजनिक अवकाश होने के कारण एक दिन पहले हुआ आयोजन**

भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन पूरे देश में किया जाता है। इस बार 25 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण 24 जनवरी को ही कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी ने सभी विद्यालयों को 24 जनवरी को मतदाता दिवस का आयोजन करने के निर्देश दिए थे।

**डीएम ने कलेक्ट्रेट कर्मियों को दिलाई शपथः-** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में सभी कलेक्टरेट कर्मियो को मतदाता शपथ दिलाई उन्होंने सभी कर्मियों से कहा कि सभी लोग शपथ का पालन करें अन्य लोगों को भी वोट देने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर सीआरओ, एडीएम, सिटी मजिस्ट्रेट व अन्य सभी अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## सोनबरसा के बच्चों ने मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर पोस्टर बना लोगों को किया प्रेरित

**मनकापुर/ गोंडा, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम में राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों ने शिक्षको, अभिभावकों, ग्राम वासियों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए जागरुकता रैली निकाली। रैली में ग्राम वासियों में रवीन्द्र कुमार, सरोज देवी, संवारी देवी, मनीषा देवी, सावित्री देवी के अलावा अन्य लोग उपस्थित रहे।बच्चों ने अपने हाथों में स्वानिर्मित पोस्टर लिए लोगों को हर अवसर पर मतदान के लिए प्रेरित कर रहे थे।इस अवसर पर चित्रकला व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल स्तर पर किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। चित्र कला प्रतियोगिता में संगीता, उन्नति, माधुरी, विनोद, प्रमोद, अंशिका,रूमा, अर्चना, सुषमा,अमन,खुशनाज, किट्ठू, मनीषा, साकिरा,संजू,सालिनी,शिवानी, शिवम्, अनामिका,किरन, भूमिका, लक्ष्मी, विशाल आदि बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में संगीता व मनीषा मौर्या प्रथम, खुशनाज,संजू व अंशिका द्वितीय व सुषमा, अर्चना, उन्नति, विनोद व प्रमोद संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टर का मूल्यांकन शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया व अरूण कुमार सिंह द्वारा किया गया।

# न्यायालय के आदेश पर भी तालाब की भूमि से नहीं हटा अवैध कब्जा, जिम्मेदार मौन

▸ नोटिस की मियाद बीतने के बाद भी नही चेता प्रशासन, अवैध कब्जा बरकरार

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

एक तरफ जहाँ सुप्रीम कोर्ट और सरकार का सख्त निर्देश है कि तालाबों को अतिक्रमण से मुक्त कराकर उसे सुरक्षित रखा जाए।

वहीं दूसरी तरफ तहसीलदार न्यायालय के बेदखली आदेश और अवैध कब्जेदारों को जारी की गई नोटिस की अवधि बीत जाने के बाद भी जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जानबूझकर मामले का निस्तारण ना करके तालाब की सरकारी भूमि से अवैध कब्जा नहीं हटवाया जा रहा है और हीला हवाली की जा रही है। जिससे दबंग अवैध कब्जेदारों के हौंसले बुलंद हैं। मामला कर्नलगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम शीशामऊ का है। यहाँ के निवासी व्यक्ति नंगा ने उच्चाधिकारियों को भेजे गये पत्र में कहा है कि ग्राम स्थित गाटा सं0 712/0.049 हेक्टेयर भूमि तालाब (जलमग्न) के रूप में सरकारी अभिलेखों में दर्ज है,इस सरकारी भूमि को अवैध तरीके से पाटकर दबंग लोग कब्जा करके पक्का निर्माण कर लिये हैं। जिसके संबंध में तहसीलदार कर्नलगंज के न्यायालय पर अवैध कब्जेदारों के विरूद्ध धारा 67 उ0प्र0भू0 राजस्व संहिता 2006 के अन्तर्गत वाद सं0 टी 201808300506340 गांवसभा बनाम राजू, वाद सं0 टी.201808300506341 गांवसभा बनाम सफीक व वाद सं0 टी 201808300506338 गांव सभा बनाम अय्यूब के विरुद्ध जुर्माना अवधारित करते हुए बेदखली का आदेश पारित किया गया है। उपरोक्त के क्रम में अवैध कब्जेदारों को एक सप्ताह में अवैध कब्जा हटाने का नोटिस भी दिया जा चुका है जिसमें यह कहा गया था कि नोटिस के निर्धारित समयावधि में अवैध अतिक्रमण कर्ताओं द्वारा स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटवा दिया जायेगा। शिकायत कर्ता का कहना है कि मामले में तहसीलदार के अवैध कब्जेदारों को जारी की गई नोटिस की अवधि बीत जाने के बाद भी जिम्मेदार स्थानीय अधिकारियों द्वारा जानबूझकर तालाब की भूमि से अवैध कब्जा हटवाने में हीला हवाली की जा रही है, जिससे दबंगों के हौंसले बुलंद है।

उन्होंने उच्चाधिकारियों से जनहित में शीघ्र तालाब से अवैध कब्जा हटवाये जाने की मांग की है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी कर्नलगंज विशाल कुमार से दूरभाष के माध्यम से जानकारी करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था।

## बिना परमिट काटे गये हरे भरे प्रतिबंधित आम व शीशम के पेड़



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के नानपारा वन रेंज अंतर्गत चौकी बैवाही क्षेत्र के आसपास जोरो से बिना परमिट के प्रतिबंधित हरे-भरे पेड़ों की कटान बीते कई महीनो से जारी है। वन विभाग को ग्रामीणों द्वारा कई बार फोन किया गया लेकिन कार्यवाई के नाम पर विभाग अनसुना कर दिया। वहीं बीते रविवार को रामपुर गांव में बिना परमिट के शीशम के पेड़ों की कटाई की गयी। इससे पहले भी कई आम के हरे भरे पेड़ों को काटा गया है। इस मामले में प्रभागीय वन अधिकारी बहराइच अजीत कुमार सिंह से बात की गई तो उन्हें बताया कि जानकारी मिली है कार्रवाई की जाएगी।

# 618 जोड़ों का विवाह धार्मिक रीति रिवाज से संपन्न



▸ सांसद गोण्डा एवं विधायक मेहनौन ने दिया खुशहाल दांपत्य जीवन का आशीर्वाद



गोंडा, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत रायल पैराडाइज निकट-मुन्नन खाँ चौराहा, गोण्डा में तहसील सदर के समस्त विकास खण्ड एवं तहसील करनैलगंज के समस्त विकासखण्ड के लाभार्थियों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अन्तर्गत विवाह कराया गया है। जिसमें 39 अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को इस्लामिक पद्धति द्वारा निकाह कराया गया व 579 जोड़ें को हिन्दू रीति रिवाज से विवाह कराया गया।

उन्होंने बताया है कि मुख्य अतिथि द्वारा वैवाहिक जोड़ों को 10 हजार रूपये का सामान (डिनर सेट, साड़ी 02 सेट, पैन्ट - शर्ट का कपड़ा 01 सेट, ट्राली बैग, दीवाल घडी, प्रेशर कूकर, चांदी की पायल बिछिया) उपहार स्वरूप भेट करते हुए कहा कि धनाभाव के कारण अब किसी गरीब लड़की के हाथ पीले होने से नहीं बचेगें तथा 618 जोड़ों को सामूहिक विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही सभी नवविवाहित जोड़ों को विवाहोपरांत उनके खाते में 35 हजार की धनराशि सरकार द्वारा दी जाती है। सांसद गोण्डा कीर्ति वर्धन सिंह एवं विधायक मेहनौन विनय कुमार द्विवेदी ने सभी जोड़ों को वैवाहिक जीवन की शुभ कामनायें देते हुए कहा कि यह योजना सरकार की बहुत अच्छी योजना है। अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ लेना चाहिए। विवाहित जोडों एवं उनके साथ आये रिश्तेदारों के लिए स्वादिष्ट भोजन एवं मिठाई व जलपान भी कराया गया है। साथ में यह भी अवगत कराना है कि तहसील मनकापुर के समस्त विकासखण्डों का 27 जनवरी तथा तहसील तरबगंज के समस्त विकासखंडों का 29 जनवरी को नवाबगंज सामूहिक विवाह कार्यक्रम न्यू मैरिज हाल में कराया जाना प्रस्तावित है। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्र शेखर, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी गौरव स्वर्णकार, जिला प्रोवेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी, सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### फिर निर्विरोध चुने गए ब्लाक अध्यक्ष शनिराम



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** वजीरगंज ब्लाक पर ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का नामांकन बुधवार को हुआ। ब्लाक अध्यक्ष पद के लिए शनिराम और पंकज सिह ने नामांकन किया था। पूर्व राज्य मंत्री राम बहादुर सिंह ने दोनों प्रत्याशी को बुला कर आपस मे समझौता करते हुए चुनाव को निर्विरोध करा दिया। पहले से अध्यक्ष रहे शनिराम को निर्विरोध अध्यक्ष पद के लिए चुन लिया गया। पंकज सिंह महामंत्री और अच्युतानंद शुक्ला संगठन मंत्री , कोषा अध्यक्ष शिवेंद्र , सम्प्रेक्षक गुर प्रसाद भर्ती , उपाध्यक्ष विक्रमाजीत सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय कुमार चौहान को चुना गया। बुधवार को ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का ब्लाक पदाधिकारी का नामांकन होना था। ब्लाक अध्यक्ष पद के दोनों प्रत्याशियों के समर्थक आये हुए थे। ब्लाक अध्यक्ष पद शनिराम और महामंत्री पंकज सिंह को निर्विरोध चुने जाने पर ग्रामीणों सफाई कर्मचारी के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी ने माला पहना कर स्वागत किया। कर्मचारियों में अच्युतानंद शुक्ला,सुनींल कुमार विजय कुमार मौर्य, राम अनुज,रिजवान, राम भवन, महेश कुमार,भगवान दीन, इस्तियाक अहमद, गुरु प्रसाद भर्ती, राजेन्द्र यादव, शिव चरण सिंह, हनुमान प्रसाद, राम मनोहर, अमर नाथ यादव, काशी राम , प्रदीप कुमार सहदेव , रंजीत जगदीश , सन्तोष सिंह , कृष्ण मोहन सिंह, गणेश प्रसाद सहित आदि कर्मचारियों ने निर्विरोध चुने जाने पर बधाई दिया।

### प्रथम संस्था द्वारा मुम्बई एकस्पोजर विजिट कार्यक्रम आयोजित



▸ 25 बच्चो को संस्था द्वारा एक्सपोजर बिजिट के लिए मुम्बई बुलाया

बहराइच समृद्धि न्यूज संस्था द्वारा जनपद के पांच ब्लॉक रिसिया, चित्तौरा, महसी, शिवपुर व तेज़वापुर के 125 गावो मे रोडवेज बस स्टाफ, रेलवे स्टेशन पर जागरूकता के तहत कार्य किया जा रहा है। जिनके अंतर्गत बालश्रम, बालविवाह, बच्चों की शिक्षा व सुरक्षा के अंतर्गत समुदाय के साथ स्टेक होल्डर की मदद व संस्थागत मदद से बच्चों का किशोरी,किशोर ग्रुप बनाया गया है। इस ग्रुप द्वारा सराहनीय कार्य किए गए उत्तर प्रदेश और बिहार के 25 बच्चो को फलस्वरूप संस्था द्वारा एकस्पोजर बिजिट के लिए मुम्बई बुलाया गया जहा पर बच्चों की पूरी सुरक्षितता करते हुए उन स्थानों पर विजिट कराई गयी जहाँ पर संस्था का कार्य चलता है। मुंबई में रह रहे बच्चो और लोगों की परिस्थिति, रहन –सहन, शिक्षा, सुरक्षा आदि को समझा। बच्चे मुंबई स्थिति पुलिस थाना नागपाडा, प्रथम सेंटर एव गोवंडी के बस्तियों मे जानकारी के लिए ले जाया गया इसके पश्चात् बालगृह व बाल कल्याण समिति, अन्य संस्था व श्रम विभाग के अधिकारी के साथ मीटिंग का आयोजन कर बातचीत करवायी। मुम्बई के अनेक जगह पर घुमाया गया जिससे बच्चो में नए ऊर्जा का संचार हुआ इससे गाँव मे कार्य करने मे और बच्चो को सक्षम करने में प्रेरणा मिलती रहेगी। उपरोक्त कार्यक्रम मे संस्था के निदेशक किशोर भामरे, स्नेहा शिरगावकर, अमर सिंह, तुषार कदम एव मुंबई, उत्तर प्रदेश व बिहार की टीमों का सराहनीय योगदान रहा।

# रेडियम सेंटर में शार्ट सर्किट से लगी आग, सात लाख का नुकसान

▸ बाजार में आग लगने से दहशत में रहे अन्य व्यापारी



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

नगर पंचायत में स्थित एक रेडियम (आटो पार्ट्स) की दुकान में शार्ट सर्किट से रात में आग लग गई। आग लगने से पूरी दुकान जलकर राख हो गई। लगभग सात लाख की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मोतीपुर निवासी वारिग पुत्र सफीउल्ला की आटो पार्ट्स की दुकान नगर पंचायत मिहीपुरवा के पश्चिमी बस स्टैंड के निकट दुकान संचालित है। रेडियम की दुकान में आटो पार्ट्स के सामान की बिक्री होती है। मंगलवार रात में दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखा सारा सामान जल गया। आसपास के लोगों ने आग देखकर दुकान मालिक को सूचना दी। अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। लेकिन जब तक सभी पहुंचते, तब तक पूरा दुकान जल गया। दुकान मालिक ने बताया कि सात लाख से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है। उसने थाने में तहरीर दी है। साथ ही दुकान का जीएसटी नंबर भी लगाया है।

# शिक्षा और कला क्षेत्र में दिया योगदान, अब मिलेगा सम्मान

▸ गणतंत्र दिवस पर जयपुर की शिक्षा स्थली फाउंडेशन की ओर से सम्मानित होंगी महिलाएं



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले में शिक्षा, कला समेत अन्य कार्यों में बेहतर योगदान देने वाली चार महिलाओं को कर्म योगी सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। इसको लेकर जिले की अन्य महिलाएं खुश हैं। सभी सम्मान 26 जनवरी को दिया जाएगा।

जिले में बालिका शिक्षा के लिए लंबे समय से कार्य कर रही चार महिलाओं को शिक्षास्थली फाउंडेशन जयपुर कर्मयोगिनी सम्मान देगा। यह सम्मान किसान पीजी कॉलेज बहराइच में आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ. एसपी सिंह होंगे।

शिक्षास्थली फाउंडेशन के डायरेक्टर डॉ. पंकज शुक्ला ने बताया कि इस अवसर पर सम्मानित होने वालों में किसान पीजी कॉलेज में शिक्षिका और आस्था वेलफेयर सोसायटी की डायरेक्टर सविता वर्मा महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन व उनके स्वास्थ्य के लिए योग केन्द्रों का संचालन कर रही हैं। बाबा सुंदर सिंह पब्लिक विद्यालय बहराइच की संचालिका डॉ.बलमीत कौर मूक बधिर बच्चों की शिक्षा के प्रति समर्पित भाव से लंबे समय से कार्य कर रही हैं। बेगम हस्तशिल्प सेवा समिति की कुरेशा बेगम महिला स्वावलंबन और सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही हैं। सोनी श्रीवास्तव मेट्रो म्यूजिक एंड डांस एकेडमी का संचालन करके जिले की कला प्रतिभाओं को निखारने में लंबे समय से जुटी हैं। इनको कर्म योगिनी सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

> जिले में शिक्षा, कला और हस्तशिल्प में सभी चयनित महिलाओं ने बेहतर कार्य किया है। इनके सम्मान से जिले की अन्य महिलाएं आगे आयेंगी। महिला शक्ति को हर काम में आगे आना चाहिए।
>
> **मेजर डॉक्टर एसपी सिंह सचिव**

## पात्र को अपात्र,अपात्र को पात्र बनाकर प्रधानमंत्री आवास में हो रही बंदर बांट

▸ भाई के आवास की फोटो लगाकर पंचायत सचिव कर रहे हैं शिकायत का निस्तारण

▸ लाभार्थी का नाम समान पाकर प्रशासनिक कर्मचारी कर गए खेल



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** विकासखंड जरवल कस्बा के अंतर्गत ग्राम सभा नासिरगंज निवासी विजय कुमार पुत्र तीरथ राम कुछ माह पूर्व अपना प्रधानमंत्री आवास लिस्ट में अपना नाम देखा था जिसकी उसने स्क्रीनशॉट ले ली थी और वह अपने आवास का इंतजार कर रहा था। तभी कुछ प्रशासनिक कर्मचारी उनसे मिले और पैसों की मांग की, जो ससमय उपलब्ध न करा पाने की स्थिति में लाभार्थी विजय कुमार के स्थान पर लाभार्थी विजय कुमार पुत्र रामधनी के नाम पर आवास का कुछ खेल कर दिया गया। जब यह तथ्य प्रकाश में आया कि दोनों के नंबर (क्ष037541213) समान है, इसकी शिकायत आईजीआरएस के माध्यम से की गई तो शिकायत के निस्तारण में पंचायत सचिव राजेश्वर प्रताप ने उसके बड़े भाई के आवास का फोटोग्राफ्स लगा करके उसको अपात्र घोषित कर शिकायत का निस्तारण कर दिया। पंचायत सचिव राजेश्वर प्रताप ने बताया कि विजय कुमार पुत्र तीरथ राम का आवास सूची में नाम नहीं था। वही ग्राम प्रधान नासिरगंज ने बताया कि भाइयों में अलग रह रहे हैं, इनको आवास प्लस के अंतर्गत आवास का लाभ दिलाया जाएगा यदि भाइयों से अलग

## तेंदुए की हत्या करने वाले तीन गिरफ्तार, पीट-पीटकर की गई थी हत्या

▸ वाइल्ड लाइफ एक्ट के तहत की जाएगी कार्रवाई

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जनपद के मुर्तिहा रेंज के लाल बोझा गांव में 20 जनवरी को सुबह एक तेंदुए का शव मिला था। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पीटकर मौत की बात सामने आई थी। पूछताछ के बाद वन विभाग के तीन ग्रामीणों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि सभी ने तेंदुए की हत्या की। इसके बाद शव ठिकाने लगाने का प्रयास कर रहे थे। तभी कुछ ग्रामीणों ने देख लिया और सभी तेंदुए का शव छोड़कर फरार हो गए। डीएफओ ने बताया कि आरोपियों के पास से दो अदद लाठी और एक कुल्हाड़ी बरामद हुई है।

# शो पीस बने शौचालय, अधिकांश शौचालयों में लटकते रहते हैं ताले

▸ कहीं जाने का मार्ग नहीं, तो कहीं आपसी मामले, तो कहीं प्रशासनिक अभाव में सरकारी मंसा पर फेर रहे पानी



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

भारत सरकार की मनसा के अनुसार हर घर में शौचालय के साथ-साथ ही हर ग्राम सभा में एक सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया जिसमें लोग बाहर शौच के लिए न जाए।

सरकार की यह मनसा लागू तो हो गई, लेकिन उसका सुचारू रूप से संचालन अभी तक नहीं हो पा रहा है। कहीं शौचालय में जाने के मार्ग नहीं है, तो कहीं देखरेख के अभाव से शौचालय खंडहर होते जा रहे हैं, कहीं आपसी तालमेल के कारण शौचालय जर्जर होते जा रहे हैं, इस प्रकार से देखरेख के अभाव में शौचालय की स्थिति दिन प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। जबकि उसमें आवंटित किया जाने वाला धनराशि हमेशा की तरह निकाला जा रहा है, अगर देखा जाए तो अधिकांश शौचालय में हमेशा ताले ही लटकते रहते हैं, जबकि उनकी देखरेख करने वाले केयरटेकर और मासिक रख रखाव के लिए खर्च किया जाने वाला धनराशि हमेशा खर्च होता रहता है। गांव से बदतर स्थिति जरवल ब्लॉक मुख्यालय की है, जिसमें ब्लॉक मुख्यालय में आमजनमानस के लिए शौचालय की व्यवस्था ही नहीं है। बना हुआ शौचालय भी अपनी स्थिति पर आंसू बहा रहा है, सार्वजनिक लोगों के उपयोग में आने वाला शौचालय मे,न तो दरवाजे हैं न पानी सप्लाई है,बाहर से आने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए कोई भी शौचालय की उपयुक्त व्यवस्था ही नहीं है जबकि खंड विकास अधिकारी के अटैच ऑफिस में शौचालय बना है जो उनके पर्सनल उपयोग में रहता है। दूसरा सहायक विकास अधिकारी कार्यालय में है जिसमें कबाड़ भरा हुआ है आम जनमानस के उपयोग के लिए कोई भी शौचालय सुचार रूप से संचालित नहीं हो रहा है। वही शौचालय के पास बना हैंडपंप भी काफी दिनों से खराब पड़ा हुआ है, जिससे पानी की उचित व्यवस्था भी नहीं है। विकासखंड जरवल कस्बा के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुरसंडा का सामुदायिक शौचालय हाजीपुर में बना है जो हमेशा शोपीस ही रहता है शौचालय आवागमन में रास्ते का अभाव है।

> जिले में शिक्षा, कला और हस्तशिल्प में सभी चयनित महिलाओं ने बेहतर कार्य किया है। इनके सम्मान से जिले की अन्य महिलाएं आगे आयेंगी। महिला शक्ति को हर काम में आगे आना चाहिए।
>
> **मेजर डॉक्टर एसपी सिंह सचिव**

# सपा कार्यालय पर मनाया गया बिहार के पूर्व सीएम की जयंती

▸ कर्पूरी ठाकुर समाज के दलितों, पिछड़ों, शोषितों और वंचितों के लिए संघर्ष करते रहे : रामहर्ष यादव



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी विचारक कर्पूरी ठाकुर की जन्म शताब्दी समारोह के शुभ अवसर पर बुधवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर उनके चरणों मे विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर एक गोष्ठी आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने किया व संचालन पार्टी महासचिव सुनील निषाद ने किया। कार्यक्रम में पार्टी के जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर के वैचारिक मानस पटल पर डाक्टर राममनोहर लोहिया व गांधी जी के विचारों का मिश्रित अक्श था। उन्होंने सार्वजनिक जीवन में भीषण गरीबी का दंश झेलने के बाद भी ईमानदारी और शुचिता को अपने जीवन में बरकरार रखते हुए सामाजिक आन्दोलन को मजबूती से चलाते रहे और समाज के दलितों,पिछड़ों, शोषितों और वंचितों के लिए संघर्ष करते रहे। उन्होंने आगे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के वक्तव्यों को दोहराते हुए कहा कि वर्तमान समय मे केन्द्र मे बैठी समाजिक न्याय की धुर विरोधी भाजपा सरकार द्वारा जननायक कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत घोषित भारत रत्न दरअसल 'सामाजिक न्याय' के आंदोलन की जीत है, जो दर्शाती है कि सामाजिक न्याय व आरक्षण के परंपरागत विरोधियों को भी मन मारकर अब पीडीए के 90 प्रतिशत लोगों की एकजुटता के आगे झुकना पड़ रहा है। उक्त गोष्ठी को पूर्व विधायक रमेश गौतम, पूर्व विधायक अलगू प्रसाद चौहान, अनु जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संत कुमार पासी, नि लोहिया वाहिनी अध्यक्ष नंदेश्वर यादव, जिला सचिव सीताराम केसरी, विजय कुमार सैन, आरपी यादव आदि ने सम्बोधित कर अपने विचार प्रस्तुत किये।

# समारोहपूर्वक मनाया गया उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस

▸ विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को किया गया लाभान्वित



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जिम्नेजियम हॉल में आयोजित समारोह का मुख्य अतिथि सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, एमएलसी पदमसेन चौधरी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, सदर की अनुपमा जायसवाल, नानपारा के राम निवास वर्मा, नगर पालिका परिषद बहराइच की अध्यक्ष सुधा देवी एवं जिलाधिकारी मोनिका रानी के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित समारोह का सजीव प्रसारण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रा.वि. डीहा, कम्पोजिट विद्यालय यादवपुर, उ.प्रा.वि. मकोलिया खास, प्रा.वि. अजीजपुर व गुरू कृपा डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना, स्वागतगीत, देश भक्तिगीत, योगा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एमएलसी, जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक सदर व नानपारा एवं अन्य वक्ताओं ने मौजूद लोगों को उ.प्र. स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे राज्य के महत्व का अन्दाजा इस बात से लगाया जा सकता कि इसकी पावन धरती पर भगवान श्रीराम व गौतम बुद्ध ने जन्म लिया। भारत को अनेकों प्रधानमंत्री देने का गौरव भी उत्तर प्रदेश को हासिल है। वक्तागण ने कहा कि गंगा, यमुना, सरयू जैसी कई जीवन दायनी नदियॉ, धार्मिक दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान अयोध्या, काशी, मथुरा व प्रयागराज जैसे अनेकों तीर्थ स्थान भी उत्तर प्रदेश के ऑगन में हैं, जो हम सभी के लिए गौरव की बात है। वक्तागण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ''सबका साथ-सबका विकास-सबका सम्मान'' के एजेण्डे पर कार्य करते हुए बिना भेदभाव के सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों को मिल रहा है। गॉव, गरीब और किसान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता हैं। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। प्रदेश निरन्तर विकास के पथ पर अग्रसर है। वक्तागण ने कहा कि देश में उत्तर प्रदेश को अग्रणी प्रदेश का दर्जा दिलाये जाने की दिशा में सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के अन्त में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सभी अतिथियों का आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को देश के अग्रणी प्रदेश का दर्जा दिलाये जाने की दिशा में सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा है। डीएम ने कहा कि कृषि प्रधान जनपद के किसान आज देश व प्रदेश स्तर पर सम्मान प्राप्त कर बहराइच का गौरव बढ़ा रहे हैं।

# डीएम ने उत्तर प्रदेश दिवस का किया शुभारंभ

- उत्तर प्रदेश दिवस राजकीय इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया
- सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ जनता तक पहुंचे : डीएम



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के राजकीय इण्टर कॉलेज में उत्तर प्रदेश दिवस 2024 हर्षोल्लास व भव्य तरीके से मनाया गया। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारम्भ किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ जनता तक पहुंचे। इसके लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से स्टॉल लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए उत्तर प्रदेश दिवस में प्रतिभाग कर योजनाओं की जानकारी व लाभ प्राप्त कर सकते है।

जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर उपस्थित लोगों व अधिकारियों से सरकार की योजनाओं की जानकारी ली गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर एवं विविधता व जनपद के महत्वपूर्ण कार्य, उपलब्धियां, सरकार के संकल्प आदि पर विशेष फोकस डाला जाये। यूपी दिवस पर आमजन व नई पीढ़ी को देश व प्रदेश सरकार द्वारा कराये गये चौमुखी विकास कार्यो संकल्पों के बारे में बताया जाये। उन्होंने कहा कि जो सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर बताया कि जन समस्या निस्तारण, कानून व्यवस्था, उत्तर प्रदेश इन्वेस्टर्स समिट, किसानों के हितार्थ योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, ग्रामीण विकास योजना, पेयजल, स्वच्छ भारत मिशन, सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आदि के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) पूजा मिश्रा, पर्यटन अधिकारी (प्रभारी) अभिनव पांडे के अतिरिक्त विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिलाई शपथ



जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में कर्मचारियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि यह हम सब का दायित्व है कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर अन्य लोगों को भी जागरूक करें और अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। मतदान के द्वारा हम एक साफ सुथरी और स्वच्छ सरकार चुनते हैं, जो हमारे हितार्थ काम करती है। हमें न केवल अपने परिवार वालों को बल्कि नाते रिश्तेदारों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर उप निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी के अतिरिक्त निर्वाचन कार्यालय के अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश दिवस पर खेल प्रतियोगिताओं का किया शुभारंभ



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में उत्तर प्रदेश दिवस के शुभ अवसर पर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ी युवा वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं। इन खिलाड़ियों के योगदान से भारत का नाम विश्व पटल पर प्रदर्शित होता है। उन्होंने कहा कि हाल ही के दिनों में होने वाले एशियाई और विश्व खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने देश का नाम रोशन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को नशे जैसी बुरी चीजों से दूर रहना चाहिए क्योंकि यह युवाओं के लिए आइकन का काम करते हैं। युवा उनसे बहुत प्रेरित होते हैं। खिलाड़ी,अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं अतः खिलाड़ियों को नशीले पदार्थों से दूर रहना चाहिए। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ यूपी दिवस 24 जनवरी से हो रहा है। जिसमें कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल और एथलीट जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। जिसमें बालक और बालिका वर्ग के अलग-अलग खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी के अतिरिक्त खेल विभाग के कर्मचारीगण और जिले के खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## डीएम-एसपी ने रूट मार्च कर व्यवस्था का लिया जायजा



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने शांति और सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के साथ मंगलवार देर रात को जनपद के विभिन्न स्थलों पर रूट मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

पटरी दुकानदारों व व्यापारियों से बातचीत कर उन्हे सुझाव दिया कि किसी प्रकार की आशंका होने पर प्रशासन से तुरंत संपर्क करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति संदिग्ध दिखता है तो उसकी सूचना नजदीकी पुलिस थाने में दें। यह हम सब की जिम्मेदारी है कि जनपद में किसी भी प्रकार की अवस्था न फैलने पाए। जिलाधिकारी ने पैदल मार्च करते हुए नगरी क्षेत्र के कई जगह का निरीक्षण किया।

26 जनवरी के दृष्टिगत उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना जनपद में न होने पाए इसके लिए पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद रहे।

## खबरें एक नजर में

### पौष पूर्णिमा आज घाटों पर फैली अव्यवस्था नहीं जल रहे अलाव

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** पौष पूर्णिमा पर डलमऊ गंगा घाट में दूर दराज से हजारों की संख्या में श्रद्धालु गुरुवार को डलमऊ गंगा घाट पर स्नान करने के लिए आएंगे हाउस पूर्णिमा पर डलमऊ गंगा तट पर जनपद एवं गैर जनपदों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए आते हैं सबसे अधिक श्रद्धालु दो पहिया वाहनों का सहारा लेकर गंगा घाट पर पहुंचते हैं कड़ाके की ठंड के चलते अभी तक किसी भी स्नान घाट पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है दूर दराज से आने वाले श्रद्धालु एवं गंगा स्नान के बाद ठंड से बचने के लिए अलाव सबसे बड़ा सहारा है पौष पूर्णिमा स्नान तथा कड़ाके की पड़ रही इस ठंड में स्नान घाटों सहित चिन्हित स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था नहीं की गई है जनता की सुविधाओं को लेकर प्रशासन की अनदेखी इस तरह हावी है कि अलाव जलाने के लिए चिन्हित स्थान गंगा घाट तहसील मुख्यालय अस्पताल रेलवे स्टेशन मुराई बाग मुख्य चौराहा थाना चौराहा एवं तिराहा आदि स्थानों पर अलाव ठंडे पड़े हुए हैं ऐसी स्थिति में दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

### नगर में निकली मतदाता जागरूकता रैली

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सफीपुर के महात्मा गांधी इंटर कालेज के छात्रों ने बुधवार को नगर में प्रभातफेरी निकालकर लोगो को मतदान के लिए प्रेरित किया। वही कालिंदी गुप्ता बालिका विद्यालय की छात्राओं ने सेल्फी प्वाइंट पर रंगोली के माध्यम से मतदान के लिए जागरूक किया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को महात्मा गांधी इंटर कालेज के छात्रों ने मतदान के प्रति जन जागरूकता रैली निकालकर लोगो को मतदान के फायदे बताए। नायब तहसीलदार अनुपमा सिंह की अगुवाई में निकाली गई रैली को प्रधानाचार्य शरीफखान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली मुख्यमार्ग से होकर वापस कालेज में सम्पन्न हुई। इस बीच छात्रों ने नुक्कड़ नाटक का मंचन कर मतदान का महत्व बताया। नायब तहसीलदार अनुपमा सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करना है। जागरूक करने के अलावा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के जरिए देश के नागरिकों को निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है। देश में आज भी ऐसे कई लोग हैं जिनका वोटर आईडी कार्ड नहीं बना है। ऐसे में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाकर नए मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल किया जाना है। कार्यक्रम मे लेखपाल शिवशरण बाजपेई शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ के तहसील परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बेसिक शिक्षा विभाग की शिक्षिकाओं ने जीत दर्ज की। तहसीलदार साक्षी राय के निर्देशन में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में सभी महिला बीएलओ शामिल हुई। उन्होंने सभी बीएलओ से अपने-अपने बूथों पर मतदाता दिवस के अवसर पर रैलियां निकालने और बच्चों से रंगोली व पेंटिंग कार्य कराकर मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने की अपील की। प्रतियोगिता में रजिया खातून, विनीता रानी पांडे, दुर्गा वर्मा, क्रांति, सुमन सिंह, ममता सिंह व कामिनी मिश्रा महिला बीएलओ ने भाग लिया। इस मौके पर संजय कुमार, देवेंद्र प्रताप सिंह, आशीष यादव, अनुज रावत आदि बीएलओ भी उपस्थित रहे।

### पालिका प्रशासन पर लगाया भेदभाव का आरोप

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ नगर के संडीला मार्ग स्थित दो वार्डों की महिला सभासदों का आरोप है कि उनके मार्ग पर विद्युत खंभों में तिरंगा डेकोरेशन लाइट नहीं लगवाई गईं है। सभासदों ने पालिका प्रशासन से जल्द डेकोरेशन लाइट लगवाने की मांग उठाई है। नगर के नौनिहालगंज उत्तरी और पटेल नगर व अंबेडकर नगर की सभासद शिवदेवी अर्कवंशी व गीता रानी अर्कवंशी द्वारा पालिका चेयरमैन रामजी गुप्ता और अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव को दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर पालिका प्रशासन द्वारा उन्नाव-हरदोई मार्ग के डिवाइडर पर स्थित अधिकांश विद्युत पोल पर तिरंगा डेकोरेशन लाइट लगाई गई थीं किंतु उनके दोनों वार्डों के मध्य प्रमुख मार्ग संडीला रोड पर स्थित विद्युत खंभों पर तिरंगा विद्युत झालर नहीं लगाई जा सकी। जिससे रामभक्त नागरिकों में पालिका प्रशासन के खिलाफइस सौतेले व्यवहार को लेकर हताशा व निराशा की भावना व्याप्त है। पत्र के जरिए दोनों महिला सभासदों ने पालिका प्रशासन से जल्द विद्युत खंभों पर तिरंगा डेकोरेशन लाइट लगवाने की मांग की है।

### आग से झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** करीब एक माह पूर्व आग से झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बांगरमऊ नगर के माढापुर मार्ग स्थित मोहल्ला दुबियाना निवासी श्याम सुंदर गुप्ता की 56 वर्षीय पत्नी मुन्नी गुप्ता बीते 15 दिसंबर की सुबह अलाव तापने के दौरान अचानक गम्भीर रूप से झुलस गई थी। परिजनों ने उनका इलाज निजी अस्पताल में कराया। हालत में सुधार न देखकर 23 दिसंबर को उन्हें बांगरमऊ सीएचसी से ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। जहाँ इलाज के दौरान बुधवार भोरपहर मुन्नी की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही बेटे अश्वपति, वेदरत्न व कीर्तमान बेहाल हो गए और परिजनों में चीख-पुकार मच गई। देरशाम नानामऊ घाट गंगा नदी पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार सहित तमाम लोगों ने घर पहुंचकर मृतका के परिजनों को सांत्वना दी।



### छात्र छात्राओं को दिलाई गई मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। शासन के आदेशानुसार आज कस्बे के स्वदेश सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज महराजगंज में समस्त छात्र छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेन्द्र वर्मा द्वारा बिना किसी प्रलोभन के स्वस्थ मताधिकार का प्रयोग करने व कराने के लिए शपथ दिलाई गई। सभी छात्र छात्राओं ने दाहिना हाथ आगे करके स्वस्थ जनमत निर्माण के लिए संकल्प किया इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य/आचार्या बहनें व कर्मचारियों ने भी शपथ ली।

## कुंवर सत्येंद्र सिंह पटेल ने गरीबों में वितरित किए कंबल

**शिवगढ़ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड से जिले के गरीब , असहाय ,निर्धन लोगों को बचाव के लिए अपना दल एस के जिला अध्यक्ष कुंवर सत्येंद्र सिंह पटेल द्वारा कंबल वितरित किए गए साथ ही नए लोगों को पार्टी की सदस्यता भी दिलाई गई गौरतलब हो की बुधवार को अपना दल एस पार्टी के जिला अध्यक्ष कुंवर सत्येंद्र सिंह पटेल द्वारा विधान सभा क्षेत्र सदर के किला बाजार में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के गरीब, असहाय ,निर्धन लोगों को लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किए गए कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे उन्होंने जिलाध्यक्ष का आभार जताया साथ ही विधान सभा सदर क्षेत्र के कुछ लोगों को पार्टी की सदस्यता भी दिलाई गई इस दौरान जिला अध्यक्ष कुंवर सत्येंद्र सिंह पटेल ने कहा कि लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए क्षेत्र के गरीब असहाय निर्धन कंबल वितरण किया जा रहा है जिससे लोग अपने आप का ठंड से बचाव कर सकें साथ ही उन्होंने कहा कि कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान ही कुछ नए लोगों को पार्टी की सदस्यता भी दिलाई गई है साथ ही उन्होंने कहा कि हम सबकी नेता बहन अनुप्रिया पटेल के निर्देश पर लगातार जनपद में भ्रमणशील रहकर अपना दल एस पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है जिससे पार्टी को एक नई मजबूती मिल सके इस मौके पर अपना दल एस पार्टी के कार्यकता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे

## न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया राष्ट्रीय बालिका दिवस

**लालगंज, रायबरेली**



शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवम् विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शैक्षणिक संस्थान न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल लालगंज रायबरेली में राष्ट्रीय बालिका दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा के पश्चात् विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हर साल 24 जनवरी का दिन भारत में राष्ट्रीय बालिका दिवस (National Girl Child Day) के रूप में मनाया जाता है। बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करके समाज में उन्हें विकास के लिए समान अवसर के साथ सम्मान दिलाने के मकसद से यह दिन मनाया जाता है। भारत में जैंडर को लेकर भेदभाव नई बात नहीं है, बल्कि सदियों से चली आ रही है।

रुढ़िवादी परम्पराओं को समाप्त करने के लिए राष्ट्रीय बालिका दिवस का 24 जनवरी 1966 को इंदिरा गांधी ने महिला प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली थी इसलिए 24 जनवरी को भारत में राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने की शुरुआत साल 2008 में महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से की गई थी क्योंकि भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा था कि एक महिला देश की प्रधानमंत्री बन गई थी, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी बदलाव था।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय के हिंदी के विद्वान शिक्षक एस. के. यादव ने महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डाला।

### जननायक कर्पूरी ठाकुर को जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** सामाजिक न्याय के पुरोधा पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय करपूरी ठाकुर जी को मरणों उपरांत भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान कर भारत सरकार ने समाज के तमाम दलित ,पिछडे, अति पिछड़े वंचित लोगों का सम्मान बढ़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित किया इसके लिए भारत की राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू जी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई ,, मंत्री मंडल सहित बधाई के पात्र हैं उक्त विचार भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र बहादुर सिंह ने व्यक्त किया साथ ही भाजपा के जिला मंत्री विजय कुमार सिंह ने कहा कर्पूरी जी ने सारा जीवन कमजोर वर्ग को उठाने में लगाया वह स्वयं सामान्य परिवार में जन्मे तथा आजीवन सादगी का जीवन निर्वाह किया आज प्रधानमंत्री ने सम्मान देकर देश के 140 करोड लोगों का सम्मान बढ़ाया बैठक में भाजपा के अनेक कार्यकर्ता एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

## वूशु चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ी रवाना



**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

खेलो इण्डिया द्वारा गोवा में आयोजित वेस्ट जोन वोमेन वूशु चैंपियनशिप के लिए रायबरेली के खिलाड़ी रवाना हुए। टीम रवाना होने से पहले बुधवार को अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुधा सिंह ने सभी खिलाड़ियों को मॉडर्न कोच फैक्ट्री के स्टेडियम में जीत के लिए अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए जरूरी टिप्स दिए अवगत कराते चले की 27 से 31 जनवरी तक खेलो इण्डिया द्वारा मनोहर पारिकर स्टेडियम गोवा में वूशु की वेस्ट जोन वोमेन लीग का आयोजन किया जा रहा है जिसमे उत्तर प्रदेश की टीम में रायबरेली के दस खिलाड़ियों को शामिल किया गया है जिसमे सब जूनियर में साक्षी रानी, इशिका, दिव्या रानी,दिव्या कुमारी, माही यादव, स्वीटी कुमारी जूनियर में दीक्षा जितेंद्र जाधव सीनियर में प्रियंका कश्यप,सपना, डिम्पी तिवारी शामिल हैं। इस मौके पर अमजद खान,मुन्ना सिंह पूनम यादव, महताब आलम, अखण्ड दीप सोनकर, सलमान खान, जितेंद्र प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## मेधावी छात्राओं को 5-5 हजार की चेक देकर किया गया सम्मानित



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय इण्टर कालेज के मैदान में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें बेटी बचाओं बेटी पढाओ योजनान्तर्गत वर्ष 2023 में उत्तीर्ण कक्षा 10 एवं कक्षा 12 के यू0पी0 बोर्ड की 20 एवं सी0बी0एस0सी0 की 09 मेधावी छात्राओं को रू0 5-5 हजार की चेक देकर सम्मानित किया गया तथा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से सम्बन्धित नुक्कड नाटक एवं बेटी बचाओं बेटी पढाओ योजना के शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, अपर जिलाधिकारी (वि/रा), पूजा मिश्रा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जय पाल वर्मा, राजकीय इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य एवं अन्य जनपदीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

## रिपेयरिंग एवं पार्ट्स शॉप में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख

**शिवगढ़ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



शिवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैंती में तकिया चौराहा स्थित जावेद मोटरसाइकिल रिपेयरिंग एवं मोटरसाइकिल पार्ट्स की दुकान में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। इससे दुकान के अन्दर खड़ी 2 मोटरसाइकिलें, एक खुली मोटरसाइकिल सहित करीब 20 हजार का रखा मोबिऑयल, करीब 3 लाख रुपए के मोटरसाइकिल पार्ट्स, 50 हजार की प्रेशर हवा मशीन आदि सामान जलकर खाक हो गई। चीख पुकार सुनकर दौड़े ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया।

पीड़ित दुकान मालिक मोहम्मद जावेद पुत्र मोहम्मद जमील निवासी तकिया चौराहा मजरे बैंती ने बताया कि रोज की तरह मंगलवार की शाम को दुकान बन्द करने के बाद घर में भोजन करके लेट गये थे। रात 9 बजे उन्हें जानकारी मिली कि उनकी दुकान में आग लग गई है। जब वह मौके पर आये तो दुकान के अन्दर भीषण आग लपटें उठ रही थी। आग की लपटों से दुकान में लगा सटर लाल हो चुका था। दुकान के अन्दर से खूब धुआं और आग की लपटें निकल रही थी। जावेद और उसके घर वालों की चीख पुकार सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से किसी तरह शटर खोलकर आग पर काबू पाया। किन्तु जब तक ग्रामीण आग बुझा पाते दुकान के अन्दर खड़ी मोटरसाइकिल स्प्लेण्डर, एनएक्सजी व रिपेयरिंग के लिए खुली पड़ी पैशन प्रो, मोबिआयल, प्रेशर हवा मशीन, मोटरसाइकिल पार्ट्स आदि सामान जलकर खाक हो गया।

### एक दिन पहले ही लाकर रखा था मोबिऑयल

जावेद ने बताया कि एक दिन पहले सोमवार को उसने दुकान में 20 हजार रुपए का मोबिऑयल आदि सामान लाकर भरा था। आग की इस घटना में साढ़े 4 से 5 लाख रुपए का सामान जलकर नष्ट हुआ बताया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पीआरबी 1751 डायल 112 पुलिस आग बुझने तक घटनास्थल पर मौजूद रही। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की सम्भावना जताई जा रही है, किन्तु एमसीवी न गिरने से आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है।

# टेलीकॉम कंपनियों के नेटवर्क हुए ध्वस्त, उपभोक्ता परेशान

- ऑपरेटर की मनमानी से नहीं पकड़ रहा है नेट

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



नेटवर्क ना आने से उपभोक्ता है परेशान टेलीकॉम कंपनियां बन रही है नादान इस समय टेलीकॉम कंपनियों के नेटवर्क और नेट बिल्कुल नहीं चल रहा है जहां एक तरफ दिनभर नेट केवल सर्च करता रहता है और किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं करता तो वहीं दूसरी तरफ टेलीकॉम कंपनियों में तैनात ऑपरेटर नेटवर्क बंद करके आराम फरमाते नजर आते हैं। क्षेत्र के खैहरना टावर की स्थिति सबसे ज्यादा भयानक बनी हुई है जहां एक ओर टेलीकॉम कंपनियां रिचार्ज खत्म होते ही सेवाएं बंद कर देती हैं तो वही नेटवर्क ना देकर उपभोक्ताओं के साथ ना इंसाफी की जा रही है । जब आप पैसे पूरे लेते हैं तो नेटवर्क देना भी आपकी जिम्मेदारी बनती है लेकिन टेलीकॉम कंपनी अपनी मनमानी पर पूरी तरह से उतारू है और नेटवर्क ना आने की वजह से उपभोक्ता हैरान और परेशान हैं। खैहरना टावर पर तैनात ऑपरेटर की वजह से अक्सर नेटवर्क नहीं आता और लोग परेशान रहते हैं जहां एक तरफ सहज जन सेवा केंद्र सहित तमाम तरह के उपक्रम नेट ना होने की वजह से बंद हो जाते हैं और उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों और दिक्कतों का सामना करना पड़ता है इस समय क्षेत्र में कहीं पर भी सही ढंग से नेटवर्क नहीं पकड़ रहा है जिससे लोगों को कार्य करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बीजेपी के बूथ अध्यक्ष हैं ऑपरेटर फूल सिंह भारतीय जनता पार्टी के ग्राम बूथ अध्यक्ष हैं फूल सिंह और इनकी मनमानी इतनी है कि यह जो कहते हैं वही होता है उपभोक्ताओं को नेटवर्क मिले चाहे न मिले इनसे क्या मतलब।

## टोल प्लाजा द्वारा चलाया गया सड़क सुरक्षा अभियान

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के निर्देशन में दिनांक 15 जनवरी से 14 फरवरी तक चलने वाले सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत दखिना टोल प्लाजा के नेतृत्व में कस्बे के मुख्य चौराहे पर स्थित बस स्टॉप पर सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियम के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गयाद्य इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए कार्यक्रम के आयोजक एवं टोल प्लाजा के मैनेजर राकेश सिंह ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के नेतृत्व में दिनांक 15 जनवरी से 14 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत हम नेशनल हाईवे के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक कस्बे में जाकर आम नागरिकों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक कर रहे हैं, ताकि निरंतर सड़क मार्गों पर होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सकेद्य इस मौके पर कैबा नाजनीम (ट्रेनर), अभिषेक कुमार, आर्यन, दिलजीत, आयुषी, देवेश कुमार माही, साक्षी सहित आयोजक मंडल के समस्त प्रतिभागी व राष्ट्रीय किसान यूनियन भानू के जिला अध्यक्ष आकाश मिश्रा, क्षेत्र के यातायात उपनिरीक्षक रमेश सिंह मौजूद रहे।

## ममता की घृणित राजनीति

राजनीति करते-करते किस सीमा तक गिरा जा सकता है, इसके अनेकों उदाहरण विपक्षी दल के नेताओं के इस समय देखे जा सकते हैं। आश्चर्य होता है कि मोदी या भाजपा के बैर ने उन्हें इतना अंधा बना दिया है कि वे सही एवं गलत में भी अंतर नहीं करना चाहते। धरने पर बैठे राहुल गांधी भगवान रामलला के भव्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जो बोले वह अपनी जगह है, हद तो वीरप्पा मोइली ने भी की है, किंतु इन सब के बयानों से बढ़कर यदि किसी ने इस वक्त नफरत भरी घृणित शब्दावली का प्रयोग किया है तो वह हैं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी । एक राज्य के महत्वपूर्ण संविधानिक शीर्ष पद पर बैठे किसी व्यक्ति से इस प्रकार के शब्दों के बोलने की उम्मीद कोई नहीं करता, जैसा ममता बोल गई हैं। 'जो काफिर हैं वो डरते हैं, मरते हैं' । दुख यह सोचकर होता है कि काफिर शब्द के बारे में क्या ममता जानती नहीं हैं? सदियों से यह शब्द किन के द्वारा किन्हें संबोधित करने के लिए उपयोग में लाया जाता रहा है और आज भी उसी तरह से उपयोग में लाया जा रहा है; क्या यह भी वे नहीं जानती हैं? भारतीय ज्ञान परंपरा में शब्द को ब्रह्म की संज्ञा दी गई है, प्रत्येक शब्द के पीछे गहरे निहितार्थ छिपे रहते हैं। ऐसे में काफिर शब्द जिस अर्थ में उपयोग किया जाता है, उस अर्थ में यह शब्द इस्लाम में भाषायी दृष्टि से यह अरबी से आया है। इसका उपयोग उनके लिए होता है जिनका विश्वास इस्लाम में नहीं है। यदि इसके अधिक विस्तार में जाएं तो वह व्यक्ति जो इस्लाम की मान्यताओं के अनुसार अल्लाह और उसके रसूल प्रोफेट मोहम्मद को नहीं मानता है। फिर चाहे वह किसी भी धर्म का हो और किसी भी धर्म की मान्यता के अनुसार ईश्वर में आस्था रखता हो उसके लिए इतिहास में काफिर शब्द का प्रयोग है। आसान भाषा में उन लोगों के लिए ये शब्द है जो गैर-मुस्लिम है। जो इस्लाम में नहीं मानते हैं। काफिर को लेकर जो पर्यायवाची प्राय- मिलते हैं वे भी इसी अर्थ में यही बता रहे हैं कि अस्वीकार करने वाला卐, इनकार करने वाला, अविश्वास करने, ढकने वाला, जो खुदा और कुरआन को न मानता हो और जो गैर-मुसलमान है। जो इस्लाम को नहीं मानें वे काफिर या कुफ्र हैं। काफिर का मतलब 'मारने योग्य' भी होता है। भाषायी दृष्टि से जिस सीएम के नाम में 'ममता' शब्द है ममत्व एवं मातृत्व की जिसमें झलक सभी को समान रूप से दिखनी चाहिए, वह ममता नाम रखने वाली मुख्यमंत्री जब विभेद पैदा करनेवाली बातें अपनी जुबान से निकालती हैं, तो लगता है कि भारत में जब तक इस तरह के नेता रहेंगे यह देश कभी एकत्व को प्राप्त नहीं कर पाएगा। आश्चर्य होता है यह देखकर कि जिस समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत देश और दुनिया के तमाम देशों में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की खुशियां मनाई जा रही थीं, उस समय में ममता पश्चिम बंगाल के आम लोगों को अपनी जहरीली जुबान से भड़काने का काम कर रही थीं। वह भी 'सर्व धर्म समभाव' नाम से बुलाई गई रैली में। यहां वे लोगों को कड़ी चेतावनी देते हुए बोली हैं कि जो बीजेपी का समर्थन करते हैं या उसे वोट देते हैं। उन्हें देखेंगे।...एक बात याद रखना, बीजेपी की मदद मत करो, बीजेपी का अगर तुम लोग मदद करोगे कोई, तो अल्लाह की कसम, आप लोगों को कोई माफ नहीं करेगा, हम तो माफ नहीं करेंगे। फिर आगे बोलीं, जो काफिर हैं, वो डरते हैं, वो मरते हैं, जो लड़ते हैं वो जिंदा रहते हैं, वो बसते हैं, वो काम करते हैं। जब सोशल मीडिया पर उनका यह विवादास्पद वीडियो आया तो लगा कि एक तरफ भारत की एकात्मता के जय घोष के स्वर अयोध्या से गुंजायमान होकर संपूर्ण विश्व को आनन्दित कर रहे हैं और दूसरी तरफ ममता जैसे लोग हैं जोकि अभी भी एक सामान्य जन में नफरत के बीज बोने में लगे हुए हैं । यहां सोचने वाली बात यह भी है कि क्या इस तरह से ममता पहली बार बोल रहीं थीं?

**आज देश के पर्यटन उद्योग में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर अर्जित की जा रही है जबकि वैश्विक स्तर पर पर्यटन उद्योग केवल 5 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज कर रहा है। भारत सरकार की पहल पर पर्यटन मंत्रालय ने कुछ वर्ष पहले धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए चरणबद्ध विकास योजना तैयार की थी। इसमें 53 धार्मिक स्थानों को वरीयता के आधार पर पहले चरण में विकसित जा रहा है। इनमें से कई धार्मिक स्थल पूर्ण रूप से विकसित हो चुके हैं। दूसरे चरण में 89 जगहों पर काम होगा। वर्तमान समय में राष्ट्रीय विचार की सरकार केंद्र में है, उसके अब तक के कार्यकाल के आधार पर अनुमान लगाया जा सकता है कि हिन्दू संस्कृति के प्रसार हेतु धार्मिक पर्यटल स्थलों को विकसित करने का यह क्रम आगे भी लगातार चलता रहेगा। देश को सात नए टूरिज्म सर्किट में भी बांटा गया है।**

# धार्मिक पर्यटन का केंद्र है भारत

लोकेन्द्र सिंह



**(राष्ट्रीय पर्यटन दिवस 25 जनवरी पर विशेष)**

**धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता में है। इस बात को यूँ भी समझ सकते हैं कि बड़े तीर्थस्थलों पर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं भी बार-बार जा रहे हैं। केदारनाथ और सोमनाथ परिसर का उन्होंने कायाकल्प कर दिया है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और महाकाल लोक ने तो दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। भारत सरकार ने 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक वृद्धि अभियान' (प्रसाद) नाम से योजना शुरू की है। प्रसाद योजना का उद्देश्य प्रमुख धार्मिक स्थलों के बुनियादी ढांचे एवं सुविधाओं में सुधार करना है।**

धर्म और अध्यात्म भारत की आत्मा है। यह धर्म ही है, जो भारत को उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक एकात्मता के सूत्र में बांधता है। भारत की सभ्यता और संस्कृति का अध्ययन करते हैं तो हमें साफ दिखायी देता है कि धार्मिक पर्यटन हमारी परंपरा में रचा-बसा है। तीर्थाटन के लिए हमारे पुरखों ने पैदल ही इस देश को नापा है। भारत की सभ्यता एवं संस्कृति विश्व समुदाय को भी आकर्षित करती है। हम अनेक धार्मिक स्थलों पर भारतीयता के रंग में रंगे विदेशी सैलानियों को देखते ही हैं। दरअसल, भारत को दुनिया में सबसे ज्यादा धार्मिक स्थलों का देश कहा जाता है।

एक अनुमान के अनुसार, देशभर में पांच हजार से अधिक सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल हैं। अब उनमें एक और स्थान जुड़ गया- अयोध्याधाम। जिस प्रकार का आस्था का सैलाब प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के बाद रामलला के दर्शन को उमड़ा है, उसके आधार पर कहा जा सकता है कि आनेवाले समय में भारत का सबसे बड़ा धार्मिक पर्यटन स्थल अयोध्या धाम होगा। भारत के शहर-शहर में कई ऐसे स्थान हैं, जहां देशभर से लोग पहुंचते हैं। मथुरा, वृंदावन, अयोध्या, काशी, उज्जैन, द्वारिका, त्रिवेंद्रम, कन्याकुमारी, अमृतसर, जम्मू-कश्मीर, पुरी, केदारनाथ, बद्रीनाथ इत्यादि ऐसे स्थान हैं, जहाँ न केवल भारतीय नागरिक बड़ी संख्या में पहुंचते हैं अपितु विदेशी और भारतीय मूल के नागरिक श्रद्धा के साथ आते हैं। पिछले आठ-दस वर्षों में भारत के धार्मिक पर्यटन में उत्साहजनक वृद्धि हुई है। विश्व के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल धार्मिक स्थलों को पुनर्विकसित कराया है, अपितु आगे बढ़कर धार्मिक पर्यटन का प्रचार-प्रसार भी किया है। जिसके परिणाम हमें धार्मिक पर्यटन में हो रही वृद्धि के रूप में दिखायी देते हैं। विभिन्न स्रोतों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, देश के कुल पर्यटन में 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी धार्मिक पर्यटन की है।

आज देश के पर्यटन उद्योग में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर अर्जित की जा रही है जबकि वैश्विक स्तर पर पर्यटन उद्योग केवल 5 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज कर रहा है। भारत सरकार की पहल पर पर्यटन मंत्रालय ने कुछ वर्ष पहले धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए चरणबद्ध विकास योजना तैयार की थी। इसमें 53 धार्मिक स्थानों को वरीयता के आधार पर पहले चरण में विकसित जा रहा है। इनमें से कई धार्मिक स्थल पूर्ण रूप से विकसित हो चुके हैं। दूसरे चरण में 89 जगहों पर काम होगा। वर्तमान समय में राष्ट्रीय विचार की सरकार केंद्र में है, उसके अब तक के कार्यकाल के आधार पर अनुमान लगाया जा सकता है कि हिन्दू संस्कृति के प्रसार हेतु धार्मिक पर्यटल स्थलों को विकसित करने का यह क्रम आगे भी लगातार चलता रहेगा। देश को सात नए टूरिज्म सर्किट में भी बांटा गया है। ये सर्किट सूफी, बौद्ध, जैन, ईसाई, सिख, हिन्दू और सर्वधर्म के तौर पर विकसित किए जा रहे हैं।

धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता में है। इस बात को यूँ भी समझ सकते हैं कि बड़े तीर्थस्थलों पर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं भी बार-बार जा रहे हैं। केदारनाथ और सोमनाथ परिसर का उन्होंने कायाकल्प कर दिया है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और महाकाल लोक ने तो दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। भारत सरकार ने 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक वृद्धि अभियान' (प्रसाद) नाम से योजना शुरू की है। प्रसाद योजना का उद्देश्य प्रमुख धार्मिक स्थलों के बुनियादी ढांचे एवं सुविधाओं में सुधार करना है। इसे 2015 में पर्यटन मंत्रालय द्वारा 'स्वदेश दर्शन योजना' के हिस्से के रूप में प्रारंभ किया गया था। सरकार ने 1586.10 करोड़ रुपये की 45 विकास योजनाओं को स्वीकृति दी गई है। भारतीय संस्कृति की गूंज दुनिया को सुनायी दे, इस मन्तव्य के साथ ही सरकार इसलिए भी धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दे रही है क्योंकि यह लोगों को वृहद स्तर पर रोजगार दे रहा है।

धार्मिक पर्यटन का एक पहलू अगर धार्मिक और आध्यात्मिक सरोकार हैं तो दूसरा पहलू आर्थिक और सामाजिक विकास भी है। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, पर्यटन उद्योग भारत के कुल कार्यबल का लगभग 6 प्रतिशत रोजगार देता है। धार्मिक पर्यटन स्थलों से सरकार को वर्ष 2022 में 1,34,543 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। जबकि यही आंकड़ा 2021 में 65,070 करोड़ रुपये का था। पर्यटन मंत्रालय के अनुसार 2022 में पर्यटकों की संख्या 143.3 लाख करोड़ तथा 66.40 करोड़ विदेशी पर्यटक भारत आए। आर्थिक विषयों के विशेषज्ञ एवं हिन्दू दृष्टि से अर्थव्यवस्था पर लेखन करनेवाले विद्वान प्रह्लाद सबनानी के कहते हैं कि ÷भारत में यात्रा एवं पर्यटन उद्योग 8 करोड़ व्यक्तियों को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से रोजगार प्रदान कर रहा है। देश के कुल रोजगार में पर्यटन उद्योग की 12 प्रतिशत की हिस्सेदारी है।

यह भी याद रखें कि देश के पर्यटन में धार्मिक यात्राओं की हिस्सेदारी 60 से 70 प्रतिशत के बीच रहती है। जब धार्मिक पर्यटन से रोजगार के अवसर भी निर्मित हो रहे हों, अर्थव्यवथा मजबूत हो रही हो तब सरकार क्यों पीछे रहना चाहेगी और फिर भारतीय धार्मिक सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने एवं संवारने में मोदी सरकार को किसी प्रकार का संकोच भी नहीं है। आज भारत की बागडोर ऐसे नेता के हाथों में नहीं है, जिन्होंने कभी भारतीय संस्कृति के मानबिन्दु सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण एवं उसके लोकार्पण में बाधाएं उत्पन्न की थीं। वर्तमान नेतृत्व एवं सरकार भारतीयता पर गर्व करते हैं और उसके संवर्धन, संरक्षण एवं प्रसार-प्रचार को प्राथमिकता में रखते हैं। निन्संदेह, हमें भविष्य में देश के लगभग सभी धार्मिक महत्व के छोटे-बड़े स्थान पूर्ण रूप से विकसित दिखायी देंगे।

**विचार**

# दो मंदिरों के बीच में फंसा भारतीय लोकतंत्र

डॉ. दीपक पाचपोर

**देश उसका भी साक्षी रहा है। कहा जाता है कि 1528 में मुगल साम्राज्य के संस्थापक बाबर के एक सेनापति मीर बाकी द्वारा राममंदिर को ध्वस्त कर यहां मस्जिद बनवाई गई थी। इसमें 1947 तक नमाज आदा की जाती रही। बाद में इसके मैदान पर हिन्दू कट्टरपंथी दावे करते रहे। यह विवाद परवान चढ़ा 25 सितम्बर, 1990 को जब भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी सोमनाथ (गुजरात) से रथ पर सवार होकर निकले थे। रास्ते में उन्हें बिहार में लालू प्रसाद यादव ने गिरफ्तार करवा दिया।**

सोमवार को जब अयोध्या में पूरे तामझाम के साथ और देश के सबसे ताकतवर लोगों की मौजूदगी में राममंदिर में बालस्वरूप श्रीराम का बहुप्रतीक्षित प्राण-प्रतिष्ठा समारोह प्रधानमंत्री के हाथों हो रहा था, उसी वक्त वहां से तकरीबन डेढ़ हजार किलोमीटर दूर असम के नगांव जिले में स्थित बोदर्वा थान में प्रसिद्ध शंकरदेव के मंदिर में जाने से कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को रोक दिया गया। खुद मोदी के द्वारा निश्चित उद्देश्यों के तहत बनवाये गये इस मंदिर में कहने को तो वे रामजन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट की तरफसे पहले प्रमुख यजमान के रूप में और बाद में विवाद उठने पर प्रतीकात्मक यजमान के तौर पर शामिल हुए। जैसी कि हालिया दौर में परिपाटी चल पड़ी है, मोदी के रहते कोई भी न तो मुख्य अतिथि हो सकता है और न ही समारोह के सर्वोच्च पद पर आसीन होकर शिरकत कर सकता है। ऐसा ही हुआ।

इसके विपरीत, राहुल को शंकरदेव मंदिर के संचालकों ने बाकायदे आमंत्रित किया था। उन्हें मंदिर के कुछ पहले एक स्थान पर रोक दिया गया। पिछले कुछ समय से राजनीति और धर्म के बीच फंसा भारतीय लोकतंत्र लगता है अब दो मंदिरों के बीच फंसकर रह गया है- राममंदिर और शंकरदेव मंदिर। इन दोनों मंदिरों के 22 जनवरी के मंजर बतला रहे हैं कि लोकतंत्र किस स्थिति में पहुंचा दिया गया है। रामजन्मभूमि मंदिर के चलते न सिर्फ देश की राजनीति में एक बड़ा बदलाव आया है बल्कि उसके चलते देश का सामाजिक ताना-बाना जिस तरह से बिखरा है,

देश उसका भी साक्षी रहा है। कहा जाता है कि 1528 में मुगल साम्राज्य के संस्थापक बाबर के एक सेनापति मीर बाकी द्वारा राममंदिर को ध्वस्त कर यहां मस्जिद बनवाई गई थी। इसमें 1947 तक नमाज आदा की जाती रही। बाद में इसके मैदान पर हिन्दू कट्टरपंथी दावे करते रहे। यह विवाद परवान चढ़ा 25 सितम्बर, 1990 को जब भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी सोमनाथ (गुजरात) से रथ पर सवार होकर निकले थे। रास्ते में उन्हें बिहार में लालू प्रसाद यादव ने गिरफ्तार करवा दिया। विश्व हिन्दू परिषद के सहयोग से निकली यात्रा का भाजपा 1991 के चुनाव में इसलिये फायदा नहीं उठा पाई क्योंकि चुनाव प्रचार के दोनों चरणों के बीच पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या हो गई और कांग्रेस फिर से सत्ता में आ गई। अलबत्ता भाजपा पहले के मुकाबले काफी मजबूत हुई। लाभ मिला 1996 में।

पहले 13 दिनों की, फिर 13 महीने की और अंततः 1998 में 5 साल के लिए अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में उसकी सरकार केन्द्र में बनी। श्शाइनिंग इंडियाश् के नारे पर लड़ा गया 2004 का आम चुनाव भाजपा-वाजपेयी को जीता न सका। 2004 से लेकर 2014 तक कांग्रेस लौट आई। डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में वह केन्द्र पर आसीन रही।

2014 को पीएम बने मोदी पहले दिन से जान गये थे कि जमीनी मुद्दों पर चुनाव लड़ना और जीतना भाजपा के बस की बात नहीं है। उन्होंने दस साल (दो कार्यकाल) के दौरान भावनात्मक मुद्दों को सघन करने का काम किया। भाजपा ने पहला चुनाव तो पिछली सरकार पर आरोप लगाकर जीता, तो वहीं दूसरा (2019 का) लोकसभा चुनाव बालाकोट व पुलवामा के नाम पर जीता। लेकिन मोदी जान गये थे कि 2024 का चुनाव जीतना आसान नहीं। इसलिये आनन-फानन में सुप्रीम कोर्ट से आदेश पाकर रामजन्मभूमि पर मंदिर निर्माण का कार्य पूरा किया गया।

हिन्दू समाज की ओर से ही कहा गया कि 22 जनवरी किसी मंगल कार्य के लिये उपयुक्त नहीं है। रामलला की दृष्टि से रामनवमी को आदर्श माना गया परन्तु भाजपा की चुनावी प्रचार सम्बन्धी जरूरतों के लिहाज से ऐसा करने से इतनी देर हो जाती कि इस परिघटना का सियासी लाभ लेने की कोई गुंजाइश ही न बचती। यहां तक कि सर्वोच्च धर्मगुरु कहे जाने वाले शंकराचार्यों द्वारा तक आपत्तियां जताई गई कि राममंदिर अभी अपूर्ण है। ऐसे में उसमें प्राण-प्रतिष्ठा शास्त्रानुकूल नहीं है। मोदी के वैवाहिक दर्जे के सन्दर्भ में भी उन्हें इस विधि के अनुकूल नहीं पाया गया। इससे परेशान ट्रस्ट ने थोड़ा रद्दोबदल करते हुए अपने एक ट्रस्टी अनिल मिश्रा एवं उनकी पत्नी को मुख्य यजमान बना दिया। मोदी जी प्रतीकात्मक यजमान तो बने लेकिन मंगलवार के अखबार बतलाते हैं कि प्रतीकात्मक यजमान ही मुख्य यजमान थे और उनके अलावा कैमरे की जद में और कोई भी नहीं था। शंकराचार्यों की नाराजगी और व्यापक तौर पर यह मान लिये जाने के बावजूद, कि राममंदिर का उद्घाटन शास्त्रसम्मत नहीं है, हुआ मोदी के ही हाथों। होना ही था। देश की जानी-मानी हस्तियां अयोध्या में थीं। वह वर्ग नहीं था जिसके उत्थान की बात रामराज्य के जरिये होने के दावे किये जाते हैं। अयोध्या के राममंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद भाजपा-संघ के लोगों की अपेक्षा अगर अन्य मस्जिदों के स्थान पर मंदिर बनाने की होती है तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिये। वैसे भी अयोध्या तो झांकी है, काशी मथुरा बाकी है का नारा तभी से चल रहा है जब 90 के दशक की शुरुआत में रामजन्मभूमि आंदोलन प्रारम्भ हुआ था।

## न्याय यात्रा में अवरोध के निहितार्थ

14 जनवरी को मणिपुर से प्रारम्भ हुई कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को जिस प्रकार से उत्तर-पूर्व के सबसे बड़े राज्य असम में रोकने की कोशिशें हो रही हैं, वह पूरी तरह से गैर लोकतांत्रिक तो है परन्तु उनसे अन्य महत्वपूर्ण संकेत मिल रहे हैं। देश के 15 राज्यों से होती हुई 6700 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली न्याय यात्रा मुम्बई में 20 मार्च को खत्म होगी। यह हाई ब्रीड यात्रा कही जा रही है जिसमें राहुल कुछ फासला अपने वाहन से तय करेंगे जो इस काम के लिये विशेष रूप से निर्मित किया गया है और कुछ पैदल। यह सभी को याद है कि इसके पहले राहुल सितम्बर, 2022 में तमिलनाडु के कन्याकुमारी से श्रीनगर तक का पैदल मार्च कर चुके हैं जो 30 सितम्बर, 2023 को समाप्त हुआ था। पिछली यात्रा को ध्यान में लाने का मकसद यह है कि उस लगभग 3200 किमी की यात्रा में किसी भी सरकार द्वारा कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं किया गया था। यहां तक कि केन्द्र सरकार की ओर से भी नहीं।

भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेताओं ने अवश्य ही उन पर फब्तियां कसी थीं या गैरजरूरी किस्म के बयान दिये थे जिनका उद्देश्य कांग्रेस का मनोबल गिराना था। हां, जम्मू में एकाध जगह पर राहुल की सुरक्षा सम्बन्धी कुछ प्रश्न खड़े हुए थे जिसमें स्थानीय प्रशासन ने इसके पहले कि कोई अनहोनी हो जाये, सुधार कर लिया था। इस बार की यात्रा अभी तक 10 दिनों की हो चुकी है। फिलहाल वह उत्तर-पूर्व में ही है। मणिपुर के बाद वह नगालैंड होती हुई असम पहुंची, फिर अरूणाचल प्रदेश गयी। वहां एक दिन रहकर राहुल ने फिर से असम में प्रवेश किया। यहां वे 25 तक रहेंगे तत्पश्चात उनकी यात्रा मेघालय जा रही है। पहली बार जब राहुल 19 जनवरी को गुवाहाटी पहुंचे, तो उन्होंने अपने भाषण में राज्य के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को देश का सबसे भ्रष्ट सीएम बतलाते हुए कहा कि उनका पूरा परिवार भ्रष्टाचार में लिप्त है। इससे बौखलाये हिमंता ने राहुल को चुनौती दे डाली कि वे शहर के भीतर से अपनी यात्रा न निकालें। अगर राहुल ने ऐसा किया तो उनके खिलाफ सीधे मामला दर्ज होगा और चुनाव के बाद गिरफ्तारी होगी। यह टकराव बढ़ गया जब 22 जनवरी को उन्हें नगांव के शंकरदेव मंदिर जाने से रोक दिया गया। वे सड़क पर ही बैठ गये। कांग्रेस के केवल दो नेताओं को ही जाने की अनुमति मिली। स्थिति और भी खराब हो गई जब रविवार को उनके काफिले पर हमला हुआ और यात्रा सम्बन्धी पोस्टर फाड़ दिये गये। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश की कार पर भी हमले हुए तथा वहां के कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा को चोटें आईं। मामला मंगलवार को अधिक बिगड़ गया जब न्याय यात्रा को गुवाहाटी में रोकने के लिये पुलिस ने बैरिकेडिंग कर दी। इसे हटाकर जब कांग्रेसी आगे बढ़ने लगे तो पुलिस ने उन पर लाठी चार्ज किया। इतना ही नहीं, राहुल के खिलाफ एफआईआर करने के आदेश भी श्री बिस्वासरमा ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को दिये हैं। पुलिस के अनुसार काम का दिन होने के कारण यात्रा को शहर के भीतर से जाने के लिये मना किया गया था क्योंकि इससे शहर का यातायात प्रभावित होता। इस पर कांग्रेस का कहना है कि जब उसी रास्ते से भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की रैली निकल सकती है और बजरंग दल वाले जुलूस ले जा सकते हैं तो उन्हें अनुमति देने में क्या दिक्कत है।

ये सारी कार्रवाइयां बतला रही हैं कि भारतीय जनता पार्टी की न केवल असम की वरन केन्द्र सरकार भी यात्रा से घबराई हुई है। हिमंता एवं उनका परिवार शारदा चिट फंड घोटाले में फंसे हुए बताये जाते हैं इसलिये वे पूरी तरह से भाजपा व केन्द्र के रहमो-करम पर हैं। उन्होंने कांग्रेस में 15 वर्ष बिताए थे और जब उन पर सीबीआई का शिकंजा कसा, तो वे भाजपा में चले गये। केन्द्र के आदेशों का पालन करना उनकी मजबूरी है। साथ ही वे पूरे उत्तर-पूर्वी राज्यों के विकास हेतु बने नॉर्थ ईस्ट डेवलपमेंट एजेंसी (नेडा) के अध्यक्ष भी हैं। जिस प्रकार से राहुल की स्वीकार्यता एवं लोकप्रियता इस क्षेत्र में बढ़ी है, उससे भाजपा व खुद हिमंता को अपनी जमीन खिसकती हुई दिख रही है। उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चिंता है कि उनके राज्य समेत पूरे उत्तर-पूर्व भारत में यदि भाजपा का प्रदर्शन ठीक न रहा तो उसका ठीकरा उन्हीं के सिर पर फोड़ा जायेगा।



## राशिफल

**मेषः-** विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रवास की संभावना है।

**वृषभः-** मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्की व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है। नए कार्य के लिए दिन अच्छा नहीं है।

**मिथुनः-** आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ मिलने के साथ-साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

**कर्कः-** शरीर और मन में बेचैनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे।

**सिंहः-** आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें।

**कन्याः-** नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे।

**तुलाः-** लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी। धन का खर्च होगा।

**वृश्चिकः-** आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं।

**धनु :-** बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**मकरः-** आज से आपके व्यापार-धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरलता रहेगी।

**कुंभः-** आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशान होंगे। विचारों में तेजी से परिवर्तन मानसिक स्थिरता में खलल पहुंचाएगा।

**मीनः-** शारीरिक- मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद-विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी।

# जनसंख्या नियंत्रण नीति से डरे हुए हैं असम में अल्पसंख्यक

आशीष विश्वास



**राज्य के अधिकारियों ने ऐसे संवेदनशील मुद्दों से निपटने में पारदर्शी दृष्टिकोण अपनाया है। ऐसे मामलों पर सार्वजनिक चर्चा को प्रोत्साहित करने के लिए सामूहिक सुनवाइयां भी आयोजित की गई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसी ही एक सभा में लगभग 150 लोगों ने आधिकारिक रुख का समर्थन किया, जबकि केवल 2-3 लोगों ने इसके खिलाफबात की। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, एक अन्य बैठक में कोई विरोध नहीं हुआ। इन रुझानों से प्रतीत होता है कि लोगों के व्यापक वर्गों के बीच आधिकारिक लाइन के प्रति एक स्तर तक समर्थन है। जैसी कि उम्मीद की जा सकती है, विपक्षी दल और नेता सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रस्तावों को अमानवीय, सांप्रदायिक और भेदभावपूर्ण बताते हुए इसकी कड़ी निंदा करते हैं।**

यह बहस का विषय बना हुआ है कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा शर्मा भारत के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं या नहीं, जैसा कि शीर्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया है। अभी जिस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है, वह है श्री शर्मा द्वारा उन नीतियों को आगे बढ़ाना जिस उनके राजनीतिक विरोधी संपूर्ण हिंदुत्व एजेंडा कहते हैं।

कुछ आलोचक इससे भी आगे बढ़ते हैं और असम में उनके कुछ हालिया निर्णयोंध्कदमों में गहरे राजनीतिक उद्देश्य पढ़ते हैं। उन्हें डर है कि स्पष्ट रूप से मुसलमानों को लक्षित करने वाले उनके नवीनतम प्रस्तावों का पूर्वोत्तर के पड़ोसी राज्यों, यहां तक कि पश्चिम बंगाल पर भी, अप्रत्यक्ष रूप से, एक मजबूत प्रभाव पड़ सकता है। इस तरह की आलोचना पर जोर देने की जरूरत है, परन्तु असम के मुख्यमंत्री जिसकी कोई परवाह नहीं करते। फिर भी उन पर कभी भी किन्हीं मामूली राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को पोषित करने का आरोप नहीं लगाया गया है। उत्तर प्रदेश में अपने समकक्ष आदित्यनाथ योगी के साथ, श्री शर्मा उन मुट्ठी भर गतिशील भाजपा नेताओं में अग्रणी बनकर उभरे हैं जिनकी पहुंच और प्रभाव अब उनके मूल क्षेत्रों की सीमाओं से परे भी फैल गया है।दोनों ही मामलों में, उनके प्रभुत्व और सफलता की कुंजी किसी भी राजनीतिक विवाद को पूरी तरह से नजरअंदाज करते हुए, कुछ विशिष्ट कार्यक्रमों को पूरा करने के लिए उनका एक अदम्य उत्साह ही रही है। भले ही वह 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए जोरदार प्रचार कर रहे हैं और श्री गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा कार्यक्रमों को यथासंभव असुविधाजनक बना रहे हैं, असम में अपने राज्य के भीतर वहद्विविवाहध्बहुविवाह विवादों और अवैध बाल विवाह पर रोक लगाने के लिए नये कानून का सक्रिय रूप से समर्थन कर रहे हैं। असम स्थित मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि राज्य सरकार नये अधिनियम की घोषणा से पहले फरवरी के बजट सत्र में ही ऐसे मामलों पर गहन चर्चा करना चाहेगी। आधिकारिक राय यह है कि बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ जारी है। कुछ मुस्लिम पुरुषों के बीच एक से अधिक पत्नियाँ रखने की प्रथा नाबालिगों के अवैध विवाह के अलावा, पूरे समाज के लिए समस्याएं पैदा करती है। ऐसी प्रथाओं पर रोक लगाने के प्रमुख प्रयासों के अभाव में, हाल के वर्षों में राज्य की जनसंख्या में वृद्धि हुई है। अधिक चिंताजनक बात यह है कि पिछले कुछ वर्षों में कई स्थानों पर जनसांख्यिकीय संतुलन में काफी बदलाव आया है, जिससे कई समुदाय अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं।

राज्य के अधिकारियों ने ऐसे संवेदनशील मुद्दों से निपटने में पारदर्शी दृष्टिकोण अपनाया है। ऐसे मामलों पर सार्वजनिक चर्चा को प्रोत्साहित करने के लिए सामूहिक सुनवाइयां भी आयोजित की गई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसी ही एक सभा में लगभग 150 लोगों ने आधिकारिक रुख का समर्थन किया, जबकि केवल 2-3 लोगों ने इसके खिलाफ बात की। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, एक अन्य बैठक में कोई विरोध नहीं हुआ। इन रुझानों से प्रतीत होता है कि लोगों के व्यापक वर्गों के बीच आधिकारिक लाइन के प्रति एक स्तर तक समर्थन है। जैसी कि उम्मीद की जा सकती है, विपक्षी दल और नेता सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रस्तावों को अमानवीय, सांप्रदायिक और भेदभावपूर्ण बताते हुए इसकी कड़ी निंदा करते हैं।

उन्हें लगता है कि सिर्फ मुसलमानों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। उनका आरोप है कि असम में विभिन्न विधानसभा और संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के क्षेत्रों और सरेखण को फिर से परिभाषित करने वाले हालिया परिसीमन अभ्यास में, प्रशासन के साथ-साथ सत्तारूढ़ दल द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाये गये थे कि विपक्षी दलों को नुकसान हो, और कहा जा रहा है कि 126 विधानसभा सीटों में से 100 पर ऐसी व्यवस्था की गई है। इसलिए, कांग्रेस और एआईयूडीएफनेताओं (ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिकफ्रंट) के अनुसार, लगातार बढ़ती आबादी के माध्यम से असम में विदेशी मुसलमानों की घुसपैठ की बड़े पैमाने पर कल्पित समस्या को पहले ही आधिकारिक तौर पर संभाल लिया गया था, जैसा कि श्री शर्मा ने खुद कुछ मौकों पर खुले तौर पर स्वीकार किया था। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, लाखों घुसपैठियों का पता लगाने और उन्हें बाहर निकालने के लिए पिछली एनआरसी पहल, जिसे विपक्ष ने विनाशकारी कहा था, सहित बार-बार आधिकारिक पूछताछ और अभियान चलाये गये। जैसा कि अपेक्षित था, एआईयूडीएफकी प्रतिक्रिया इस मुद्दे पर, साथ ही प्रशासन द्वारा संभाले गये अधिकांश अल्पसंख्यक-संबंधी मामलों पर सबसे अधिक नकारात्मक रही है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# उच्च शिक्षा ग्रहण कर अभिभावकों के साथ देश का मान बढ़ायें युवा : शिवपाल

**शिक्षक अभिभावक सम्मेलन में शिवपाल ने किया मेधावी व खिलाड़ी छात्र छात्राओ को पुरुस्कृत**



**जसवंतनगर, समृद्धि न्यूज।**

छात्र छात्राये अनुशासित होकर उच्च शिक्षा ग्रहण करके अपने अभिभावको के साथ देश सेवा के भागीदार बने, बिना अनुशासन के शिक्षा का कोई महत्व नही रह जाता है इसलिये शिक्षा के साथ अनुशासन होना वेहद जरूरी है। उक्त बात बुधवार को नगर के हिन्दू विद्यालय इंटर कालेज के शिक्षक-अभिभावक संम्मेलन को संम्बोधित करते हुये सपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं स्थानीय विधायक शिवपाल सिंह यादव ने कही। श्री यादव ने कहा कि उक्त कालेज का अनुशासन के मामले में अपना एक अहम स्थान है, जिसे कायम रखना जरूरी है। श्री यादव ने कहा कि हम चाहते है कि इस कालेज के छात्र छात्राये बेहतर शिक्षा प्राप्त करके देश सेवा के लिये उच्च पदो पर पहुंचे।जिस क्षेत्र में आपकी रूचि हो उस क्षेत्र को ही चुने जिससे आपका हमेशा आत्म विश्वास बढता रहे। श्री यादव ने कालेज के प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रसाद यादव के द्वारा हर क्षेत्र में कालेज का नाम बढाने तथा उनके अनुशासन की जमकर सराहना की। कार्यक्रम के अध्यक्ष डा0 अजंट सिंह यादव ने कहा कि इस कालेज ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनायी है, जिसके चलते ही प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रसाद यादव को राष्ट्रपति पुरुस्कार से नवाजा गया है, कालेज के प्रति उनकी कड़ी मेहनत को हमेशा याद रखा जायेगा। संम्मेलन से पूर्व कालेज प्रागंण में बने प्रबंन्धक कक्ष का लोकार्पण शिवपाल सिंह यादव एवं जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष आदित्य यादव के द्वारा किया गया।कालेज के मेधावी छात्र छात्राओ व खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिये मुख्य अतिथि शिवपाल सिंह यादव के द्वारा पुरुस्कृत किया गया। कॉलेज के पूर्व छात्र जो उच्चस्थ पदों पर आसीन होकर देश सेवा दे रहे हैं उनको सम्मान से नवाजा गया। राष्ट्रीय कबड्डी टीम में चयनित ऋषि कुमार को साइकिल, कबड्डी, खो खो, एथलेटिक्स में प्रदेश स्तर पर नाम करने वाले खिलाड़ी खुशबू, रीना, बबीता, रुचि अर्चना, स्वाती, मनोज और राज्य स्तर बाल वैज्ञानिक इंस्पायर अवार्डी कुश नेहा मंडल स्तरीय बाल वैज्ञानिक ऋषभ कुमार, नमन, अनिरुद्ध, कु. राखी, गौरांग, गौरव, साहिल को पुरस्कृत किया गया। कालेज के छात्र छात्राओ द्वारा स्वागत गीत, दहेज आदि को लेकर शानदार प्रस्तुति दी गयी जिसकी जमकर सराहना की गयी। प्रधानाचार्य समेत कालेज स्टाफ ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। अंत में प्रबंधक राहुल गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।संचालन शिक्षक राधा कृष्ण कठेरिया ने किया।

**यह रहे मौजूद**

एडीआईओएस मुकेश यादव, प्रो॰ बृजेश यादव,प्रबंधक राहुल गुप्ता, प्रधानाचार्य संजय शर्मा, अनुज प्रताप यादव उमेश यादव, जगदीश यादव, डॉ वंदना मिश्रा, डॉ अमिता यादव, करतार सिंह, शिवकुमार यादव, शिव प्रकाश त्रिपाठी,मनोरमा रानी आदि जिले भर के प्रधानाचार्य, सपा जिलाअध्यक्ष प्रदीप शाक्य, अनिल प्रताप यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख अनुज यादव मोंटी, विधायक प्रतिनिधि ठा॰ अजेंद्र सिंह गौर व विश्वनाथ प्रताप सिंह सोनू, पालिकाध्यक्ष सत्यनारायण संखवार, एडवोकेट भुजवीर सिंह यादव,राजीव यादव,हाजी मोहम्मद अहसान, राजीव माथुर,हाजी सलीम, राजपाल यादव, खन्ना यादव, डॉ पुष्पेंद्र पुरवार डॉ स्वराज प्रकाश श्रीवास्तव, राशिद सिद्दीकी, ऋषिकांत चतुर्वेदी प्रबंध तंत्र के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय अभिभावक मौजूद रहे।

# मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज।**



तहसील परिसर चरखारी से मतदाताओं को जागरूक करने एवं शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय मतदाता दिवस से पूर्व आज उपजिलाधिकारी चरखारी डा0 प्रदीप कुमार की अगुवाई में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई जो तहसील परिसर से प्रारम्भ होकर पचराहा, नगरपालिका, एवं मुख्य बाजार से होकर निकली, मतदाता जागरूकता रैली में सम्मिलित स्कूली छात्र/ छात्राओ ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पहले मतदान फिर जलपान जैसे नारों से लिखी तख्तियाँ ले रखी थी इसी के साथ ही छात्रों द्वारा लोगों से मतदान करने के लिए जागरुकता वाले नारे भी लगवाए गए एव शपथ भी लगवाई गई, मतदाता जागरूकता रैली में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलत करवाने में सहयोग करने की अपील की गई, आज उ0प्र0 स्थापना दिवस भी है, मतदाताओं को उ0प्र0 स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं गई, मतदाता जागरूकता रैली में सी.ओ. उमेश चन्द्र, खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रीति राजपूत, तहसीलदार आर. एन. मिश्रा, नायब तहसीलदार हेमकान्त त्रिपाठी, नायब तहसीलदार आलोक मिश्रा, नगरपालिका वरिष्ठ लिपिक अयूब खान, संजीत, पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रामपाल कुशवाहा, सभासद पियूष खरे, राम द्विवेदी, राजकुमार कुशवाहा, सुनील द्विवेदी, तथा राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्रायें मौजूद रहीं, उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस तथा मतदाता रैली तहसील प्रागंण से चलकर पचराहा,बस स्टैंड, सदर बाजार बी. पार्क, मण्डी तिगेला होते हुये तहसील में समापन किया गया।

## खबरें एक नजर में

### जिला प्रभारी ने कार्यकर्ताओं के साथ की समीक्षा बैठक




**महोबा, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय महोबा में जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता की अध्यक्षता में एवं जिला प्रभारी संजीव श्रृंगी ऋषि की मुख्य आतिथ्य में भाजपा जिला समीक्षा बैठक संपन्न हुई! भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाया जा रहे कार्यक्राओं/अभियानों के बारे में जिला संयोजकों से जानकारी ली, नमो एप अभियान, विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान, वोटर चेतना अभियान, बूथ सशक्तिकरण अभियान, पीएम विश्वकर्मा योजना, दीवार लेखन आदि अभियान भाजपा द्वारा पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे है, जिला प्रभारी ने जमीनी स्तर पर अभियानो को और तेज करने के सुझाव दिए, उन्होंने प्रत्येक अभियान के संयोजक से अकड़ों सहित जानकारी ली एवं अभियान करने में आ रही समस्यों को दून करने के उपाय बताए! जिले के सभी नव निर्वाचित मंडल अध्यक्षों का माल्यार्पण कर स्वागत किया! कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर संतोष चौरसिया कोऑपरेटिव बैंक चेयरमैन चक्रपाणि त्रिपाठी महामंत्री अमित शर्मा उपस्थित रहे!

### पुलिस ने पैदल गश्त कर संदिग्ध वाहनों को चैक किया



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** आगामी गणतंत्र दिवस को सकुशल संपन्न कराने के हेतु एसएसपी इटावा द्वारा थाना सिविल लाइन क्षेत्रांतर्गत पैदल गश्त कर संदिग्ध वाहन चैकिंग करायी गई। आगामी गणतंत्र दिवस को सकुशल संपन्न कराने के हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा पुलिस बल के साथ थाना सिविल लाइन क्षेत्रातर्गत पैदल गस्त की गयी तथा संदिग्ध वाहन चैकिंग करायी गयी। एसएसपी द्वारा पैदल गश्त के दौरान आम लोगों से संवाद किया गया एवं उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया। इसी क्रम में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियो की रोकथाम एवं यातायात दुर्घटनाओं के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर के आदेशानुसार चार पहिया वाहनों के शीशों पर लगायी जाने वाली काली फिल्म के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार द्वारा पैदल गस्त के दौरान काली फिल्म लगी ब्लेक थार का 2000 रुपये का चालान एवं एक मोटरसाइकिल को सीज किया गया। इस दौरान निरीक्षक यशवंत सिंह प्रभारी थाना सिविल लाइन एवं पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर हुई विचार गोष्ठी



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** महान समाजवादी नेता भारत रत्न से सम्मानित बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर की शताब्दी जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पार्टी नेताओं द्वारा स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण श्रद्धा सुमन अर्पित किए तत्पश्चात एक विचार गोष्ठी का आयोजन सपा जिला कोषाध्यक्ष बृजेंद्र यादव की अध्यक्षता में किया गया। विचार गोष्ठी को पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, इटावा से प्रत्याशी सर्वेश शाक्य,कमलेश कठेरिया, मनीष यादव,उत्तम सिंह प्रजापति, नरेंद्र कुशवाहा, अनवर हुसैन उपाध्यक्ष, बृजेंद्र यादव कोषाध्यक्ष, अवधेश सविता, मनोज राणा, जनवेद भोजवाल,सीमा यादव, अशोक कुमार जाटव, सतीश सविता, पवन सविता,साबिर खान,अखिलेश सविता,बृजेश सविता, सुनील श्रीवास्तव, अश्वनी कुमार सविता, प्रदीप सोनी, के के यादव, धर्मेंद्र सविता जितेंद्र दोहरे, केस नारायण सविता, दिलीप सविता, राकेश कुमार सविता, रविंद्र यादव, जयवीर सिंह यादव, आदि ने कर्पूरी ठाकुर जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुएउनके पचाने पर चलने का संकल्प लिया, गोष्ठी का संचालन जिला सचिव अवधेश सविता ने किया।

### चोर अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना ऊसराहार पुलिस ने अर्न्तजनपदीय हिस्ट्रशीटर चोर अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार किया। थाना ऊसराहार पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी । इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर थाना ऊसराहार पुलिस टीम द्वारा रुद्रपुर चौराहे के पास से आरोपी इन्द्रपाल पुत्र मुकुट सिंह निवासी ग्राम रूद्रपुर थाना ऊसराहार को अवैध तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया। इस सफलता में हेमन्त कुमार सोलंकी थानाध्यक्ष ऊसराहार, उ.नि. बृजकिशोर सिंह, का. प्रमोद कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

### पाइप लाइन लीकेज की शिकायत अवर अभियंता से

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के वार्ड संख्या 11 के सभासद प्रतिनिधि ने जल संस्थान के अवर अभियंता को शिकायती पत्र सौंपकर वार्ड में जगह–जगह पाइपलाइन लीकेज होने का आरोप लगाकर मरम्मत कराए जाने की मांग की है। वार्ड संख्या 11 के सभासद प्रतिनिधि अमित उर्फ राधे शुक्ला ने जल संस्थान के अवर अभियंता विश्वलेंद्र नाथ को शिकायती पत्र सौंपकर आरोप लगाया है कि वार्ड में मुन्नू अंडा वाली गली के साथ कई जगहों पर पाइप लाइन लीकेज होने से जल आपूर्ति में बाधा पैदा हो रही है और रास्तों में लगातार पानी बहने से लोगों को आने–जाने में दिक्कत हो रही है। शिकायत के बाद भी जल संस्थान कर्मी लीकेज ठीक नहीं कर रहे हैं। सभासद प्रतिनिधि ने अवर अभियंता से वार्ड के सभी लीकेज ठीक करने की मांग की है।

# तहसील सदर से निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली




**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी के अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता रैली/मानव श्रंखला का आयोजन तहसील सदर से किया गया। उक्त मतदाता जागरूकता रैली तहसील सदर से प्रारंभ होकर तहसील चौक, पुराने प्राइवेट बस स्टैंड, जिला महिला चिकित्सालय, जिला पंचायत कार्यालय होते हुए डाक बंगला मैदान में समाप्त हुई। रैली में बड़ी संख्या में अधिकारी/कर्मचारीगण तथा स्कूलो में पढ़ने वाले बच्चों ने प्रतिभाग किया तथा आम जनमानस को मतदान करने तथा मतदाता सूची में छूटे हुए मतदाताओं को अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु जागरूक किया गया।

रैली में सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामप्रकाश, सीडीओ चित्रसेन सिंह, समाजसेवी शिव कुमार गोस्वामी आदि लोग उपस्थित रहे।

# गरीब कल्याण के लिए योजना चला रही सरकार : सांसद

**बच्चे माता-पिता व गुरु की बात मानकर आगे बढ़े तो उज्जवल होगा भविष्य**




**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

24 से 26 जनवरी 2024 के मध्य उत्तर प्रदेश दिवस मनाये जाने के क्रम में मुख्य अतिथि सांसद हमीरपुर-महोबा-तिंदवारी कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल एवम जिलाधिकारी मृदुल चौधरी नें डाक बंगला मैदान में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं से सम्बंधित लगायी गयी प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ किया।

विभिन्न विभागों द्वारा यूपी दिवस में लगाए गए सभी स्टालों का माननीय सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, विधायक सदर राकेश गोस्वामी,एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर, नगर पालिका अध्यक्ष संतोष चौरसिया, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने सभी स्टालों का बारी बारी से अवलोकन किया तथा शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विभागों के कर्मचारियों के द्वारा अवगत कराया गया ।इस अवसर पर कृषि विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम 2023-2024 के अंतर्गत जनपद स्तरीय प्रदर्शन रोड शो कार्यक्रम के तहत सांसद, एमएलसी, सदर विधायक, जिलाधिकारी के द्वारा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया तथा आदशिनी एग्रो फार्मर्स प्रोड्यूसर के कृषक समूह एफ.पी.ओ. के तहत सांसद के द्वारा कृषक को ट्रैक्टर की चाबी दी गई। विभिन्न विभागों द्वारा प्रशस्ति पत्र लाभार्थियों को दिए गए ।

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने अपने उद्बोधन में बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ नारा के तहत सभी बच्चियों से अनुरोध करते हुए कहा कि अपने माता-पिता से यह बोले हमें पढ़ने का अधिकार है और हमें अपने बारे में सोचने का भी अधिकार है युवा ही हमारे देश की शक्ति है और उन्होंने कहा कि कल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस है अपना नाम मतदाता सूची में जरूर दर्ज करायें और अपने मत का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें और अपने आस-पास पड़ोस के लोगों को अपनी मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक करें, जिससे हमारे महोबा जनपद का वोटर प्रतिशत बढ़ सके जो हमारा संकल्प है 2047 तक महोबा व उत्तर प्रदेश को कैसे विकसित प्रदेश बनाया जाए, इसके बारे में जरूर सोचें और महोबा जनपद को एक विकसित जनपद बनाने में अपना सहयोग जरुर प्रदान करें। सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि यूपी दिवस को बेहतर से बेहतर कैसे बनाएं इसके बारे में ज्यादा से ज्यादा हम सभी लोग प्रयास करेंगे और आने वाले समय में यूपी दिवस को और भव्य रूप में मनाने का प्रयास करेंगे और कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य है अपने माता-पिता व गुरु की बात मानकर आगे बढ़े आपका भविष्य उज्जवल होगा और आप सभी लोग जो 18 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं वह अपना नाम मतदाता सूची में जरूर जुड़वा ले, जिससे आप अपने मत का प्रयोग कर सके और अपनी मनपसंद सरकार को चुन सके। श्री अन्न के बारे में हमारे कृषक बंधु जागरूक हो रहे हैं और श्री अन्न मैं बहुत अच्छा अपना प्रदर्शन कर रहे हैं मोदी जी और योगी जी पूरी स्वच्छता के साथ पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ गरीब कल्याण के लिए योजना चला रहे हैं दोनों सरकार की मंशा है कि जब तक देश का एक-एक नागरिक विकसित नहीं होगा एक-एक नगर, एक-एक जिला विकसित नहीं होगा तब तक हमारा देश विकसित नहीं होगा ।इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता, एडीएम वित्त/राजस्व राम प्रकाश, एडीएम न्यायिक शिशिर कुमार, सीडी ओ चित्रसेन सिंह, समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय वित्त मंत्री को व्यापार मंडल ने 11 सूत्री मांग पत्र भेजा

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की इटावा ईकाई नें जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित एंव महानगर अध्यक्ष संजय वर्मा के नेतृत्व मे आगामी एक फरवरी को जारी किया जारहे केन्द्रीय बजट में प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर व्यापारियों एंव उघोगों की विभिन्न मांगों को केन्द्रीय बजट मे शामिल करनें के लिए एक ग्यारह सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी इटावा अवनीश राय के माध्यम से दिया।

मांग पत्र मे मांग की गई है कि बढ़ती हुई महंगाई को ध्यान में रखकर नगद लेनदेन की सीमा बढ़ाकर एक लाख करने की मांग को आगामी बजट में शामिल करें, आयकर में छूट की सीमा को बढ़ाकर 10 लाख की जाए, आयकर व जीएसटी देने वाले व्यापारियों के परिवार के लिए शिक्षा व स्वास्थ्य की मुफ्त व्यवस्था की जाए, जीएसटी का सरलीकरण कर जीएसटी में दरों की विभिन्नताएं समाप्त की जाए, जीएसटी कि दरें 0, 5,12 तथा अधिकतम 18 रखी जाए तथा एक ट्रेड में सभी प्रकार के कारोबार पर एक ही दर रखी जाए इससे व्यापारिक को सहूलियात होगी तथा सरलीकरण होने से सरकार का राजस्व भी बढ़ेगा, दैनिक इस्तेमाल की चीज जेसे अनाज (गेहूं चावल दाल आटा) कपड़ा आदी से जीएसटी समाप्त किया जाए, 20 साल तक आयकर रिटर्न भरने वाले व्यापारियों को 40000 प्रतिमाह पेंशन दी जाए, नये घरेलू व कुटीर उद्योगों को 10 साल तक जीएसटी व इनकम टैक्स से छूट दि जाये, आयकर दाता व्यापारी की किसी भी प्रकार से मृत्यु होने पर 10 लाख रुपए का बीमा दिया जाए, मंडी समिति को समाप्त किया जाए। 10 कुटीर व घरेलू उद्योगों व रिटेल व्यापार को बचाने के लिए ऑनलाइन शॉपिंग पर 10 प्रतिशत कर लगाने की व्यवस्था की जाए तथा ई-कॉमर्स मार्केटिंग में जीएसटी चोरी रोकने के लिए रेगुलर मार्केट मॉनिटरिंग की व्यवस्था की जाए, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे फ्लिपकार्ट अमेजॉन जैसे पोर्टल द्वारा सीधे उपभोक्ता को सामान बेचा जाता है आईटीसी का दुरुपयोग कर सरकार के राजस्व की चोरी की जा रही है इसलिए इस तरह के ऑनलाइन पोर्टल द्वारा बेचे गए सम्मान पर जीएसटी इनपुट क्रेडिट लेने पर रोक लगाई जाए। ज्ञापन देने वालों मे प्रमुख रूप से महामंत्री रिषी पोरवाल, प्रदीप यादव, योगेश पांडे, कामिल कुरैशी, भारतेंद्र भारद्वाज, रियाज अहमद,अर्चना कुशवाहा, राहत हुसैन रिजवी, कामरान खां, अनूप प्रजापति, हिमांशु गुप्ता, मुश्तकीम राइन, अशोक जाटव, अनिल दिवाकर, आदि दर्जनों व्यापारी नेता मौजूद रहे।

# प्राचार्य ने बालिकाओं की सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में बुधवार को प्राचार्य डॉ राजकुमार के संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 शालिनी व लवकुश कुमार के निर्देशन में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर गर्ल्स चिल्ड्रन डे के अंतर्गत बालिकाओं की सुरक्षा हेतु शपथ दिला कर रैली निकाली गई। जिसमें दोनों इकाइयों की स्वयं सेविकाओं ने बहुत उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

प्राचार्य डॉ0 राजकुमार ने बालिकाओं की सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा चले गए जागरूकता अभियान के बारे में छात्राओं को बताया। इस अवसर डॉ0 सबा कौसर, डॉ0 अशोक बाबू, मृदुलता सोनकर, नरेश कुमार, डॉ0 ज्योति यादव ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया

**बकेवर/इटावा, समृद्धि न्यूज।**




नगर लखना स्थित ज्वाला गेस्ट हाउस में कनौजिया सभा के अध्यक्ष राजेंद्र बाबू त्रिपाठी की अध्यक्षता में कनौजिया सभा का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें कनौजिया समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

बताते चलें कि लखना स्थित ज्वाला गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समसपुरा दूध डेयरी इटावा बृजेश कुमार त्रिपाठी के द्वारा 90त्न से अधिक अंक पाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई वह 95त्न से अधिक अंक पाने वाले समाज के छात्र-छात्राओं को 11 हजार रुपये नगद देकर पुरस्कार देने की घोषणा की गयी। वहीं मुख्य अतिथि श्री त्रिपाठी द्वारा कनौजिया समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार के साथ-साथ शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं कनौजिया सभा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में दर्जनों कनौजिया संघ के कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस समारोह में राजेश त्रिपाठी छोटे पुष्पेंद्र त्रिपाठी सभासद रमन त्रिपाठी श्याम सरोवर अतुल कुमार जेतपुरा सुदीप त्रिपाठी अंकित राजेश त्रिपाठी विनोद त्रिपाठी बृजेश त्रिपाठी शिव जीवन पंकज सुरेश कमलेश डॉक्टर वेद प्रकाश त्रिपाठी सहित अन्य कनौजिया सभा के सदस्य उपस्थित रहे।

# यूपी दिवस पर छात्रों से बनवाया उत्तर प्रदेश का नक्शा

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय दरियापुर में बुधवार को उत्तर प्रदेश दिवस व राष्ट्रीय बालिका दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रवक्ताओं ने उत्तर प्रदेश के साथ-साथ के विभिन्न सांस्कृतिक एवं परम्पराओं एवं प्रदेश के विभिन्न जिलों में शिल्प एवं कौशल विकास को विद्यार्थियों को बताया गया। प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गईं। सुक्ष्म प्रशिक्षण में कक्षा दस के छात्र सुमित कुमार ने बाजी मारी है।कला प्रतियोगिता में छात्रों से उत्तर प्रदेश का नक्सा बनवाया गया।

छात्रों के सामान्य जानकारी के लिए प्रश्नावली तैयार कर एक सूक्ष्म प्रशिक्षण आयोजित कराई गई।जिसमें कक्षा दस के छात्र सुमित कुमार ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान कक्षा नौ के मदन मोहन,तृतीय स्थान हर्ष द्विवेदी ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता के अर्न्तगत कक्षा 11 के छात्र बीरू ने प्रथम, कक्षा 12 के सत्यम ने द्वितीय एवं कक्षा 8 के धनंजय प्रताप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला प्रतियोगिता के अर्न्तगत छात्रों से उत्तर प्रदेश का नक्सा बनवाया गया, जिसमें बॉबी ने प्रथम, शिवआसरे ने द्वितीय एवं राजेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।वहीं राष्ट्रीय बालिका दिवस के




उपलक्ष्य में प्रवक्ता कु. गीता ने महिला सशक्तिकरण, बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष प्रकाश डालते हुए राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा बालिकाओं व महिलाओं हेतु संचालित कल्याण कारी एवं विलासनरक योजनाओं के बारें में छात्रों को विस्तृत रूप से जानकारी दी। व्यायाम शिक्षक ने बालिकाओं के शिक्षा के क्षेत्र में अग्रिण होने के लिए व अपने अधिकारों को प्राप्त करने स्वालम्बन बनने जैसे विषयों पर जानकारी दी। प्रधानाचार्य मंगला प्रसाद ने सभी को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर प्रवक्ता राजेन्द्र प्रसाद, प्रवक्ता विजय कुमार, प्रवक्ता अनिल कुमार मौर्य,प्रवक्ता कु0 गीता, डॉ नरेन्द्र कुमार याज्ञनिक, प्रीती कुमारी, मनोज कुमार पाण्डेय,आराधना सिंह,दीप अग्रवाल, जगदीश, अमर त्रिपाठी, अमित कुमार, दिनेश अवस्थी सहित समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# अभिभावक अपना पेट काट कर बच्चों को पढ़ाएं : जल शक्ति मंत्री

**कुरारा, समृद्धि न्यूज।** कस्बे में रामरती नौबढ़ा मेमोरियल महिला महाविद्यालय का वार्षिक उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह रहे। जिन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर की। छात्राओं ने राम लक्ष्मण सीता व हनुमान का अभिनव कर लोगों का मन मोह लिया।भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बृज किशोर गुप्ता ने अतिथियों को अंग वस्त्र व श्री राम की प्रतिमा देकर सम्मानित किया।

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने अभिभावकों को अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए अपना पेट काटकर उन्हें शिक्षा जरूर दिलाए जाने की बात कही। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद, सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, विधायक मनोज प्रजापति, चैयरमैन कुलदीप निषाद, जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, मनीषा अनुरागी, शिव शंकर सिंह, विजय पांडेय, आराधना राजपूत आदि मौजूद रहे।

**विशेष रेलगाड़ियाँ–2024**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार चलाई जाएंगी :–

**04278/04277 गोमती नगर – अयोध्या धाम – गोमती नगर इंटरसिटी विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04278 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04277 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 05:10 | गोमती नगर | 20:55 | ---- |
| 07:45 | ---- | अयोध्या धाम | ---- | 17:40 |

**चलने के दिन :** **04278 गोमती नगर** से दिनांक 31.01.2024 (बुधवार) को एवं **04277 अयोध्या धाम** से दिनांक 01.02.2024 (गुरूवार) को।
**ठहराव:** बाराबंकी जं. , रूदौली, एवं अयोध्या कैंट स्टेशन।
**स्थान:** सामान्य।

**04202/04201 प्रयागराज संगम – अयोध्या धाम – प्रयागराज संगम इंटरसिटी विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04202 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04201 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 13:15 | प्रयागराज संगम | 12:05 | ---- |
| 17:30 | ---- | अयोध्या धाम | ---- | 07:50 |

**चलने के दिन :** **04202 प्रयागराज संगम** से दिनांक 30.01.2024 (मंगलवार) को एवं **04201 अयोध्या धाम** से दिनांक 31.01.2024 (बुधवार) को।
**ठहराव:** प्रयागराज, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुलतानपुर एवं अयोध्या कैंट स्टेशन।
**स्थान:** सामान्य।

**04292/04291 वाराणसी – अयोध्या धाम – वाराणसी इंटरसिटी विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04292 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04291 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 06:15 | वाराणसी | 13:45 | ---- |
| 09:55 | ---- | अयोध्या धाम | ---- | 10:05 |

**चलने के दिन :** **04292 वाराणसी** से दिनांक 30.01.2024 (मंगलवार) को एवं **04291 अयोध्या धाम** से दिनांक 31.01.2024 (बुधवार) को।
**ठहराव:** जौनपुर जं. ,शाहगंज जं., अकबरपुर एवं दर्शन नगर स्टेशन।
**स्थान:** सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

# बेटियों को लेकर लोगों की सोच बदली: गौरीशंकर

**उरई जालौन, समृद्धि न्यूज।**



लाभार्थी महिला को आवास की चाबी देते सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा।

बुधवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज के आडिटोरियम में विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक ईरज राजा, सीडीओ भीमजी उपाध्याय, की उपस्थिति में द्वीप प्रज्वलित कर भव्यता के साथ ›उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस‹ तथा राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। बाद में विधायक सदर, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी ने विभिन्न योजनाओं के लगाये गये प्रदर्शनी स्टॉल का अवलोकन किया गया।

उत्तर प्रदेश दिवस तथा राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम को विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा ने संबोधित करते हुये कहा कि आज हमारी बेटियां हर क्षेत्र में उड़ान भर रही है। उप्र सरकार कन्या भ्रूण हत्या रोकने में सफल है। आज देश में बदलाव आ रहा है बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नही है। पहले की अपेक्षा अब लोगों की सोच भी बदली है तथा बेटियों को हर क्षेत्र में छूट दी जा रही है तथा वे प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। भारत सरकार, प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं को आगे बढ़ाने में योगदान दिया जा रहा है। यही कारण है कि वह आज हर क्षेत्र में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही है। सरकार द्वारा अनेक हेल्पलाइन नम्बर शुरू किया गया है, जिससे किसी भी समय टोलफ्री नम्बरों पर कॉल करके सहायता प्राप्त कर सकती है। सरकार द्वारा दहेज रोधी विभिन्न कानून बनाये गये है। कन्याओं को बेहतर सुविधा देने के लिए मुख्यमंत्री सुमंगला कन्या योजना लागू की गयी है। आज सरकार द्वारा प्रत्येक गरीब को पक्का घर देने का काम किया जा रहा है। आज उत्तर प्रदेश औद्योगिक प्रदेश बनने के पथ पर अग्रसर है। बच्चों को अच्छी शिक्षा दिये जाने के लिए स्कूलों का कायाकल्प कराया गया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगो को विभिन्न योजनाओं से बंचित लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का काम किया।

## दुर्घटनाओं के बाद भी जिम्मेदार पुलिया की पटरी की नहीं करा रहे मरम्मत

**जालौन (उरई)।** उरई जालौन मुख्य सड़क से लौना संपर्क मार्ग की मोड़ पर स्थित पुलिया की पटरी टूटी होने और कोई संकेतक न होने से अक्सर हादसे होते रहते हैं। जिसमें लोग चुटहिल होते हैं। नगर के लोगों ने उक्त पुलिया के दोनों ओर पटरी बनवाने की मांग की है। साथ ही सड़क का लेवल भी दुरुस्त कराने की मांग की है। उरई जालौन फोर लेन मार्ग से कोतवाली के बगल से लौना, हरदोई गूजर के लिए संपर्क मार्ग निकला है। इसी रोड पर एसडीएम आवास व सीओ कार्यालय के साथ ही उप निबंधक कार्यालय, पूर्ति विभाग कार्यालय भी स्थित हैं। इन कार्यालयों के साथ ही गांवों में लोगों का आना जाना लगा रहता है। इतना ही नहीं इस मार्ग से झांसी के लिए भी दो पहिया व चार पहिया वाहन भी निकलते हैं।

# सरसई के बेटे ने पीसीएस में हासिल की 30 वीं रैंक

- मो. नासिर वर्तमान में पंजाब एण्ड सिंध बैंक में थे मैनेजर
- उपलब्धि से किसान दीन मुहम्मद के घर बधाईयों का लगा है तांता

**कालपी जालौन, समृद्धि न्यूज।**



मो. नासिर।

महेवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम सरसई निवासी मो. नासिर ने पीसीएस परीक्षा में 30वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। पंजाब एण्ड सिंध बैंक में मैनेजर रहकर उन्होंने यह सफलता हासिल की है।

महेवा ब्लाक क्षेत्र का ग्राम वैसे किसी परिचय का मोहताज नही है। आर्थिक रूप से सम्पन्न इस गांव में पहले पहलवान पैदा होते थे लेकिन अब इस गांव में अफसर भी बनने लगे हैं। यह उपलब्धि यहां के किसान दीन मुहम्मद के पुत्र मो. नासिर ने दिलाई है और अब इस किसान के चारों बेटे सरकारी सेवा में है और यह उपलब्धि पाने वाले गांव के पहले व्यक्ति बन गये हैं। ग्रामवासियों की माने तो उनके पुत्र शान मुहम्मद केन्द्रीय सुरक्षा बल में कार्यरत है तो मो. इलियास प्राईमरी में शिक्षक है तो शाकिर मोहम्मद दिल्ली मेट्रो में सेवारत है और पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले मोहम्मद नासिर इससे पहले पंजाब एण्ड सिंध बैंक मैनेजर थे इतना ही नहीं उनकी प्रारम्भिक शिक्षा गांव में तो हाईस्कूल चौ. गजेन्द्र सिंह इण्टर कालेज बाबई और इण्टर की परीक्षा एस आर इण्टर कालेज उरई तथा बी एस सी दयानन्द वैदिक महाविद्यालय उरई से पास की है। अब उसकी इस उपलब्धि से किसान दीन मुहम्मद के घर बधाईयों का तांता लगा है।

## दो पालियों में 13 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, 191 ने लिया हिस्सा

**कालपी (जालौन)।** बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय स्तरीय परीक्षायें कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कालपी कालेज कालपी परीक्षा केंद्र में बुधवार को दो पालियों में आयोजित परीक्षा में 13 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बुधवार को महाविद्यालय में नकलविहीन तथा शान्ति पूर्वक परीक्षाओं को निपटाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पहली पाली सुबह साढ़े आठ बजे से 10.30 बजे तक आयोजित हुई। बीएससी एग्रीकल्चर, एमएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स की परीक्षा प्रारंभ हुई है। जिससे 28 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। शाम की मीटिंग में 180 परीक्षार्थियों में से 167 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। जिससे 13 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। स्टेटिक मजिस्ट्रेट के तौर पर लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता वृजेन्द सिंह ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में शासन के निर्देशानुसार सहायक केंद्राध्यक्ष डॉ. सुधा गुप्ता, डॉ. डीपी सिंह, डॉ. सोमचंद चौहान की चाक चौबंद व्यवस्था में संपन्न कराई जा रही हैं।

# गैंग लीडर समेत तीन दोषियों को सात-सात वर्ष की कैद

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी/सीएडब्ल्यू सोनभद्र परितोष श्रेष्ठ की अदालत ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में बुधवार को सुनवाई करते हुए गैंग लीडर समेत तीन दोषियों को दोषसिद्ध पाकर 7- 7 वर्ष की कैद एवं 5- 5 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक थानाध्यक्ष करमा हरिश्चंद्र सरोज ने करमा थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि शक्ति चौहान निवासी भड़कवाह, थाना करमा, जिला सोनभद्र का एक सक्रिय गैंग है, जिसका वह गैंग लीडर है। जिसके सक्रिय सदस्य उसके गांव के ही बृजलाल चौहान और विनोद हैं। इनके विरुद्ध हत्या, आर्म एक्ट के तहत मुकदमा विचाराधीन है। लोगों में भय पैदा कर आर्थिक लाभ हेतु कार्य करना इनलोगो का एकमात्र कार्य है। यहीं वजह है कि इनके विरुद्ध कोई भी मुकदमा लिखवाने अथवा गवाही देने की जुर्रत नहीं करता है। जिसकी वजह से इनका वर्चस्व कायम है। इस तहरीर पर 27 सितंबर 2017 को करमा थाने में गैंगस्टर एक्ट में एफआईआर दर्ज किया गया है। विवेचना के उपरांत पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। इसी मामले में सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर गैग लीडर शक्ति चौहान, बृजलाल चौहान और विनोद को 7-7 वर्ष की कैद एवं 5- 5 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर कोर्ट धनंजय शुक्ला एडवोकेट ने बहस की।

# चोरी की घटनाओं का खुलासा करने में कोतवाली पुलिस फिसड्डी

- एक माह में नगर के चार स्थानों पर चोरों ने किये हाथ साफ

**उरई जालौन, समृद्धि न्यूज।**

नगर में पिछले एक माह में चार स्थानों पर चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। लेकिन अब तक पुलिस एक भी घटना की खुलासा नहीं कर सकी है। नगर क्षेत्र में ही पिछले एक माह में चार स्थानों पर चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। जिसमें पहली चोरी को चोरों ने नए साल की पहली रात अंजाम दिया था। नया भवानीराम निवासी संजय कुमार पटैरिया के खाली मकान में मुख्य द्वार पर ताला पड़ा था। परिवार के लोग चुर्खीबाल स्थित दूसरे मकान में सोने रहे थे। रात में चोरों ने मुख्य गेट की कुंडी ताला समेत तोड़ दी और चोर अंदर घुस गए। चोरों ने घर में रखे टीवी, इंवर्टर, इंवर्टर की बैट्री, म्यूजिक सिस्टम के साथ घर गृहस्थी का सामान चोरी कर लिया था। इसके बाद चोरों ने 14 जनवरी की रात छत्रसाल रोड पर स्थित इमरान की फास्ट फूड की दुकान को निशाना बनाया। चोरों ने उनकी दुकान की शटर के ताले तोड़कर शटर उठा ली और दुकान में रखा गैस सिलिंडर व गोलक में रखे दिन भर की बिक्री के लगभग पांच हजार रुपये चोरी कर लिए। नगर में चोरों का आतंक यहीं नहीं थमा चोरों ने 17 जनवरी की रात कन्हैया धाम के पास तोपखाना निवासी जमील की कन्फैक्शनरी की दुकान पर धावा बोला। चोरों ने दुकान में रखा करीब 50 हजार रुपये का कन्फैक्शनरी का सामान चोरी कर लिया। इसी रात चोरो ने तोपखाना निवासी जावेद की दुकान को भी निशाना बनाया। चोरों ने उनकी गुटका, सिगरेट की दुकान से लगभग 15 हजार रुपये का सामान चोरी कर लिया था। चोरी की घटनाओं के बाद पीड़ितों ने पुलिस को सूचना भी दी थी। जिसके बाद पुलिस ने मौके का मुआयना भी किया था। लेकिन अब तक पुलिस चोरों को पकड़ने में विफल रही है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से नगरवासी आशंकित हैं। अब देखना होगा कि पुलिस कब तक लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे चोरों को पकड़ सकेगी।

# कान्हा गौशाला निर्माण के लिये तिगरेश्वर में जमीन का किया निरीक्षण

**कालपी जालौन, समृद्धि न्यूज।**

कान्हा गौशाला तिगरेश्वर क्षेत्र में स्थापित हो सकती है। वुधवार को एडीएम नमामि गंगे ने क्षेत्र के प्रशासनिक अमले के साथ प्रस्तावित जमीन का निरीक्षण किया है।

विदित हो कि नगर में आवारा गौवंशों के संरक्षण के लिए पालिका परिषद द्वारा संस्था की गौशाला से काम चलाया जा रहा है जहां पर गौवंशों की संख्या के हिसाब से पर्याप्त संसाधन नहीं है। इसी को ध्यान में रखकर शासन ने नगर में कान्हा गौशाला निर्माण को हरी झंडी दी है जिसके लिए प्रशासन द्वारा जमीन की तलाश की जा रही थी लेकिन नगर क्षेत्र में इसके लिए पर्याप्त एक एकड़ भूमि नही थी जिसके चलते प्रशासन ने गौशाला निर्माण के लिए नगर सीमा से बाहर जमीन की खोज शुरू की थी। तहसीलदार शेर बहादुर सिंह के अनुसार कीरतपुर ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थित मौजा तिगरा में ग्राम पंचायत की 3 एकड भूमि मौजूद है जिसके एक एकड़ भाग में गौशाला निर्माण की कवायद चल रही है। इसी के चलते बुधवार को एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव, एसडीएम हेमन्त पटेल, तहसीलदार शेर बहादुर सिंह ने नगर पालिका व राजस्व विभाग के कर्मचारियों के साथ भूमि का भौतिक निरीक्षण किया है। सूत्रों की मानें तो अगर सब कुछ ठीक ठाक रहा तो शीघ्र ही उक्त क्षेत्र में कान्हा गौशाला का निर्माण शुरू हो सकता है।

## खबरें एक नजर में

### बलरामपुर में दूध वाले का बेटा बना डीएसपी



**श्रीदत्तगंज,बलरामपुर।** श्रीदत्तगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत गिद्धौर के लंगड़ी जोत गांव निवासी दूध का काम करने वाले सुभाष चन्द्र पांडेय के बेटे सनी पांडेय ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस 2023 की परीक्षा में सफलता हासिल कर परिवार और जनपद का गौरव बढ़ाया है। सनी की सफलता से परिवार में दीवाली जैसी खुशियां हैं। सनी के पिता दूध बेचने का काम करते हैं, वह साइकिल से घर घर दूध देते है। सनी की प्रारंभिक शिक्षा गांव के विद्यालय से हुई। इसके बाद उन्होंने इंटर तक की पढ़ाई उतरौला के मोहम्मद यूसुफ उस्मानी इंटर कॉलेज से किया। उसके बाद वर्ष 2016 से एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर से बायोलॉजी से बीएससी करने के बाद उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी करने के लिए प्रयागराज गए। प्रथम अटेंप 2018 में दिया लेकिन 2 नंबर से पीछे रह गए और सफलता हाथ नहीं लगी। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और 2023 में यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर डीएसपी बनें।

### खाद्यान्न की कालाबाजारी मामले में डीएम ने की कार्यवाही

**उतरौला,बलरामपुर।** खाद्यान्न की कालाबाजारी और घटतौली करने वालों पर डीएम अरविन्द सिंह ने बड़ी कार्रवाई की है। खाद्यान्न की कालाबाजारी का प्रकरण संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी के आदेश पर शुरू हुई जांच के बाद उतरौला कोतवाली में दो कोटेदारों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। उतरौला तहसील के सहदेईया गांव के कोटेदार नसीम की दुकान की जांच में राशन वितरण में धांधली सामने आया। बलरामपुर सदर पूर्ति निरीक्षक गिरीश चन्द्र वर्मा के दुकान के भौतिक सत्यापन के दौरान कोटेदार द्वारा 56.67 क्विंटल गेंहू और 85.12 क्विंटल चावल वितरण में धांधली पाई गई।

### प्रख्यात मुफ़्ती मोहम्मद मासूम रजा का निधन

**सादुल्लाह नगर,बलरामपुर।** प्रख्यात इस्लामी विद्वान मुफ्ती मोहम्मद मासूम रजा खान हशमती की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जनाज़े की नमाज़ बुधवार दिन में दो बजे सादुल्लाह नगर खेल मैदान में हुई जनाजे हजारों की तादाद में लोग शामिल रहे। जनाजे के बाद सादुल्लाह नगर -गौराचौकी मार्ग पर स्थित मदरसा अल जामे अतुल हशमतिया मुशाहिद नगर में सुपुर्दे खाक की गई। सोमवार की सुबह सुन्नी जगत के लिए एक दुखद खबर लेकर आई मदरसा अल जामेअतुल-हशमतिया पिपरा माहिम के प्रमुख अल्लामा मुफ्ती मुहम्मद मासूम रजा खान हशमती पीलीभीती का निधन हो गया। उनकी नमाज़े जनाज़ा बुधवार, 24जनवरी को जुहर की नमाज़ के बाद मुबारक मोड़, सादुल्लाह नगर, जिला बलरामपुर के पास खेल मैदान में पढ़ी गई।

# धूमधाम से मना कर्पूरी ठाकुर का जन्म दिवस

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



भीटी तहसील अंतर्गत ग्राम रनीवा में राष्ट्रीय लोकदल नेता तथा समतावादी प्रबुद्ध मंच के तत्वाधान में समतावादी प्रबुद्ध मंच के जिला संयोजक दीपक यादव की अध्यक्षता में जन नायक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर का जन्मदिवस समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत जननायक कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए मुख्य अतिथि और राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर देश के महाड्डुन सच्चे ईमानदार सोशलिस्ट राजनेता थे। इसके साथ ही वे देश के पिछड़े अति पिछड़े और शोषित गरीब लोगों के मुखर आवाज के साथ सामाजिक न्याय आंदोलन के महान नेता भी थे। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर,डॉ राम मनोहर लोहिया और लोक नायक जयप्रकाश नारायण देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के विचारों के सच्चे अनुयाई थे।राष्ट्रीय लोकदल के मंडल अध्यक्ष पंडित आचार्य शत्रुघ्न तिवारी ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर देश के अंदर समाजवादी आंदोलन के महान नेता थे तथा लालू यादव,शरद यादव और नीतीश कुमार के प्रेरणा स्रोत थे। अध्यक्षता कर रहे हुए श्री यादव ने कहा कि जातिगत जनगणना से ही सामाजिक न्याय आंदोलन को मजबूत किया जा सकता है और कर्पूरी ठाकुर के विचारों का भारतीय समाज बनाया जा सकता है। गोसाईगंज विधानसभा के राष्ट्रीय लोक दल अध्यक्ष बृजेश कुमार दुबे ने कहा कि गरीबी,कुपोषण तथा अशिक्षा को कर्पूरी ठाकुर के रास्ते पर ही चलकर खत्म किया जा सकता है और किसानों के चेहरे पर मुस्कान लाई जा सकती है। इस मौके पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित श्यामलाल गुप्ता,सचिन कुमार, सौरभ,कृष्ण कुमार श्रीवास्तव व राम गोपाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलने पर छोड़े गए पटाखे

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**



बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री रहे जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत सरकार द्वारा भारत रत्न दिए जाने के ऐलान पर हर्ष व्यक्त करते हुए पद्मनंद कम्युनिटी एसोसिएशन एवं नंद समाज के लोगों ने शास्त्री चौक पर पटाखा फोड़कर खुशियां मनाई और एक दूसरे को मिठाई खिलाई। एसोसिएशन के पदाधिकारियों , कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने के ऐलान पर राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को कोटिशः बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए आभार व्यक्त किया है।

जिला अध्यक्ष जेपी नंद ने कहा कि समाजवाद के सच्चे प्रणेता,महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, गुदड़ी के लाल, वंचितों, शोषितों, अति पिछड़ों के मसीहा, सामाजिक न्याय के प्रतिमूर्ति थे। बिहार में सर्व समाज के शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक उत्थान के लिए कर्पूरी ठाकुर जी ने कार्य किया। इसीलिए उन्हें जननायक व जननेता कहा गया है। कर्पूरी ठाकुर जी बेदाग छवि वाले नेता रहे। उनकी ईमानदारी, सादगी का कोई जवाब नहीं है। कर्पूरी जी जैसा न तो कोई नेता हुआ और न होगा। युवा नेता और संगठन के पदाधिकारी रवि कुमार ने कहा कि भारत सरकार द्वारा नव समाज के मसीहा और पूर्व मुख्यमंत्री को भारत रत्न दिए जाने पर हम बेहद उत्साहित हैं या समाज के लिए बड़े सम्मान की बात है इसके लिए हम प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति का तहे दिल से धन्यवाद करते हैं। ईश्वर पर रवि नंदवंशी बचऊ नंद, रामकरण, राम आश्रय, रामानंद, शिवानंद, शिवनाथ, गब्बर शर्मा ,ऋषि शर्मा, अरविंद शर्मा ,प्रेम नारायण ,श्री भागवत, देवेंद्र शर्मा, बैजनाथ शर्मा, उमेश शर्मा, विकास, नक्षत्र,संगम समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता और समाज के लोग उपस्थित रहे।

# मतदाता जागरूकता दिवस पर डीएम ने दिलाई शपथ

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर डीएम ने प्रथम बार मतदाता बन रहे युवा मतदाताओं एवं वरिष्ठ मतदाताओं को किया सम्मानित

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस पूरे जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। इस अवसर पर एमपीपी इंटर कॉलेज में जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी मतदाताओं को भयमुक्त एवं प्रलोभनमुक्त रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर डीएम श्री सिंह द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ, प्रथम बार मतदाता बना रहे युवा मतदाताओं एवं 80 वर्ष की उम्र पार कर चुके वरिष्ठ मतदाताओं को प्रमाण पत्र देते हुए सम्मानित किया गया। मैराथन रेस में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर डीएम ने समस्त जनपद वासियों को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 24 जनवरी 1950 को संयुक्त प्रांत का नाम बदलकर उत्तर प्रदेश रखा गया था। भारत राष्ट्र के स्वाधीनता एवं निर्माण में उत्तर प्रदेश वासियों का अहम योगदान रहा है। हम सभी अपने राज्य एवं भूमि को लेकर गर्व महसूस करें। उन्होंने कहा कि राज्य के निर्माण से ही राष्ट्रीय निर्माण होता है।

उत्तर प्रदेश राज्य को कला, संस्कृति, विज्ञान आदि सभी क्षेत्रों में और आगे ले जाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहे, एवं राज्य के निर्माण में अपना आम योगदान दे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मताधिकार एक महत्वपूर्ण रास्ता है। 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी मतदाता प्रलोभन एवं भयमुक्त रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए राष्ट्र के निर्माण में अपना अहम योगदान दे। उन्होंने कहा कि वोट के अधिकार को जिम्मेदारी मानते हुए जरूर वोट करें।

# मतदाता जागरूकता को लेकर दिलाई शपथ



**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

जिला निर्वाचन अधिकारी ऑब्लिक जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह के दिशा निर्देश क्रम में बुधवार को डीआईओएस आरपी यादव अध्यक्षता में जिले के सभी राजकीय विद्यालयों अथवा अन्य विद्यालयों में मतदाता जागरूकता गोष्ठी को लेकर शपथ दिलाया गया दी गई जानकारी वही डीआईओएस आरपी यादव ने बताया कि आगामी चुनाव को मध्य नजर रखते हुए युवाओं को प्रेरित मतदाता जागरूकता को लेकर जानकारी गोष्ठी के माध्यम से अपने मतों का प्रयोग करने हेतु लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा गया है जिसमें बढ़-चढ़कर लोगों ने प्रतिभा किया इस वही रावटसगंज राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रभारी प्रधानाचार्य चंद यादव द्वारा शपथ दिलाया गया इस मौके पर पूजा सिंह प्राची गुप्ता नेहा जाटव वंदना सिंह भावना रानी निशा सिंह सीमा प्रकाश त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

# आजीविका मिशन की महिलाओं के मांग के बाद भी नहीं मिल रहे काम

**दुद्धी, सोनभद्र समृद्धि न्यूज।**

सरकार द्वारा महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सरकारी योजनाओं में भागीदारी दी जा रही। सरकार अधिकांश योजनाओं में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को काम दिया जा रहा हैं लेकिन दुद्धी ब्लॉक में टीएचआर प्लांट में काम की मांग करने के बाद काम नहीं दिए जाने की शिकायत तहसील दिवस में की और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारियों से काम दिलाए जाने की मांग रखी। तहसील दिवस में दिए प्रार्थना पत्र देने आए देवन्ती, सिल्वन्ती, रियंका, सविता, अनुजा, मैरुन निशा,सोनकुंवर,रत्ना, आरती, नजमा, सरिता सहित अन्य महिलाओं ने कहा हैं कि हम सब महिलएं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी हुई है। स्वयं सहायता समूह का उद्देश्य जरूरतमन्द महिलाओं रोज को रोजगार से जोड़ना है। इसी उद्देश्य से दुद्धी ब्लाक के विभिन्न समूहो से पैसा लेकर टीएचआर प्लान्ट की स्थापना की गई थी कि उक्त प्लान्ट मे महिलाओं को बारी-बारी से काम दिया जाएगा लेकिन प्लान्ट मे अभी तक कुछ महिलाओं को ही रोजगार दिया जा रहा है, जो दो शिफ्ट में काम कर रही हैं। यदि प्लांट का कार्य तीन शिफ्ट 8-8 घंटे की बांट दिया जाये तो करीब 12 -15 महिलाओं को और काम मिल सकता है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि ब्लॉक के अधिकारियों की मिलीभगत से कई महिलाओं को लगातार रोजगार दिया जा रहा जबकि अन्य महिलाओं को रोजगार से नहीं जोड़ा जा रहा हैं, जो चिंता का विषय हैं। महिलाओं ने मांग की हैं कि बारी -बारी से सभी जरूरतमंद महिलाओं को रोजगार दिया जाना चाहिए।

**पहल**

## सर्दी व कोहरे के दृष्टिगत एडवाइजरी जारी

# डीएम ने जनसामान्य से सुरक्षा उपायों को अपनाने की अपील की

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



भीषण ठण्ड एवं कोहरे से बचाव एवं कुहरे के कारण होने वाली संभावित सड़क दुर्घटनाओं से बचाव को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। जिलाधिकारी श्री अरविन्द सिंह ने कहा कि मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार कुहरे का प्रभाव रहेगा। ऐसे में आवश्यक है कि सर्द से बचा जाये तथा सड़क पर वाहन चलाते समय सुरक्षात्मक उपायों को अवश्य अपनाया जाये ताकि कोहरे या धुंध के कारण सड़क दुर्घटनाएं न होने पायें। जिलाधिकारी सिंह ने ड्राइविंग की सेफ्टी से जुड़ी दस जरूरी बातें बताई हैं। उन्होंने कहा कि विगत कई दिनों से कोहरा पड़ रहा है तथा शीत लहर का प्रकोप जारी है। ऐसे में सड़क सुरक्षा उपायों को अपनाया जाना नितांत आवश्यक है। वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतने पर जोर देते हुए उन्होंने सुरक्षा के टिप्स देते हुए कहा कि गाड़ी के फॉग लैम्प सही रखें। यदि आपकी गाड़ी के फॉग लैम्प काम नहीं कर रहे हैं तब उन्हें सही करवा लें। यदि कार में फॉग लैम्प नहीं हैं तो उसे जरूर फिक्स करवा लें। सर्दी के मौसम में जब धुंध होती है तब फॉग लैम्प बेहद कामगर साबित होते हैं। इसके साथ ही वाहन में लगे वाइपर को जरूर चेक करें।

यदि आपकी कार के वाइपर की रबड़ थोड़ी सी भी खराब हो रही है, तो उसे भी बदलवा लें। सर्दी के मौसम में जब फॉग होता है या फिर ओस गिरती है, तब वाइपर विंडशील्ड को साफ करने का काम करते हैं। सर्दी के मौसम में डिफॉगर का इस्तेमाल भी अत्यधिक कारगर सिद्ध होता है। सर्दी के मौसम में यदि बाहर धुंध ज्यादा है और आपकी कार में डिफॉगर दिया है, तब उसका इस्तेमाल करना चाहिए। कई बार रियर ग्लास पर मॉइश्चर आ जाता है, ऐसे में डिफॉगर की मदद से उसे जल्दी साफ कर सकते हैं। डिफॉगर ग्लास पर हीट जनरेट करता है जिससे मॉइश्चर खत्म हो जाता है। सुरक्षा के दृष्टिगत टायरों में प्रेशर ओवर नहीं होना चाहिए। सर्दी के मौसम में टायर का प्रेशर का सही रहना काफी जरूरी हो जाता है। खासकर हवा ज्यादा बिल्कुल नहीं होना चाहिए। ठंड में ज्यादा नमी की वजह से सड़कें पूरी तरह सूखी नहीं होती। ऐसे में गाड़ी की स्पीड ज्यादा है और अचानक से ब्रेक लगाने पड़े तब कार के स्किड होना का खतरा रहता है। सर्दी में टायरों की रबर थोड़ी सिकुड़ जाती है।

## सिहारी दाउदपुर के रामजानकी मंदिर मनाया गया रामोत्सव

**उरई (जालौन)।** सोमवार को अध्योधाम में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान सिहारी दाउदपुर गांव में राम जानकी मंदिर में अनेकों ग्रामीणों की उपस्थिति में श्रीराम महोत्सव का आयोजन हुआ जिसमें रामभक्त मंदिर के संरक्षक मनोज श्रीवास्तव सहित अनेकों ग्रामवासियों ने सहभागिता की।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैने अपने छोटे पुत्र विमेश के गलत चाल-चलन के चलते अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। उसके द्वारा किये गये कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सोनेलाल शाक्य पुत्र स्व0 झुन्नीलाल, मूल निवासी-ग्राम बरौली, पोस्ट टिण्डौली, थाना दन्नाहार, जनपद मैनपुरी, हाल निवासी तिर्वा कालोनी, निकट जज कोठी फतेहगढ़, कोतवाली फतेहगढ़, जिला फर्रुखाबाद।**

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को दिया भयमुक्त वातावरणः सांसद सुब्रत पाठक

## सांसद सुब्रत पाठक ने छात्र-छात्राओं को वितरित किये लैपटॉप, उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 ग्राम प्रधानों को किया गया सम्मानित



### सांसद ने छात्र-छात्राओं को वितरित किये लैपटॉप

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर कलेक्टेऊट परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद सुब्रत पाठक ने उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत कक्षा 9 व 11 में पढ़ने वाले 08 लाभार्थियों को लैपटॉप का वितरित किये। वहीं श्रम विभाग द्वारा संचालित मातृत्व एवं बालिका मदद योजना के अंतर्गत 10 लाभार्थियों को 25000 की एफ्डी, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 05 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 6 लाभार्थियों को आवास की चाबी वितरित की गयी तथा ओडीओपी योजना के अंतर्गत 9 लाभार्थी व विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत 9 लाभार्थियों को टूल किट तथा दिव्यांग जनशक्तिकरण विभाग द्वारा 6 लाभार्थियों को किट वितरण किये गये एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया।

### क्विज प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सांसद ने किया सम्मानित

कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित हुए कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश एवं भगवान राम के जीवन पर आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रतिभागी बच्चों सें 50 प्रश्न पूछे गए, जिसका बच्चों ने बड़े ही कुशलता पूर्वक जवाब दिया। इसके अलावा भगवान राम एवं उत्तर प्रदेश पर ड्राइंग पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विजेता प्रतिभागी बच्चों को सांसद सुब्रत पाठक ने पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है जो उत्तर प्रदेश को ऐसा मुख्यमंत्री और देश को ऐसे प्रधानमंत्री मिले हैं जो प्रदेश व देश की जनता को को अपना परिवार मानते हैं।

सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भयमुक्त वातावरण दिया और जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत कानून व्यवस्था में सुधार लाया गया। कहा कि प्रदेश के सभी नगरों, शहरों, कस्बों और गांव के मुख्य चौराहों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य किया जा रहा है। इन कैमरों की मदद से बहन, बेटियों पर बुरी नजर रखने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। सांसद ने अयोध्या में श्रीराम मन्दिर के उद्धघाटन के सम्बन्ध में कहा कि राम के आने से पूरे देश में एक अलग ही माहौल दिख रहा है। 528 वर्ष पूर्व मंदिर को ध्वस्त किया गया था, मंदिर ध्वस्त करने का कारण था कि हमारी संस्कृति को नष्ट किया जा सके, लेकिन हमारी संस्कृति इतनी मजबूत है कि न कोई नष्ट कर पाया है और ना ही कोई कर पाएगा। हमारी माताओं-बहनों को संस्कृति की जानकारी ज्यादा रहती है और वह इस संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। हमारी हिंदू सभ्यता जो बची है हमारी माता, बहनों के कारण ही बची है। कहा कि बड़े लंबे संघर्ष के बाद राम मंदिर बना है।

हम सब सौभाग्यशाली हैं कि मंदिर बनते देखा और मूर्ति प्रतिष्ठा होते हुए भी देखा। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की परिकल्पना है कि 2047 तक विकसित भारत हो और अमेरिका, जापान, ब्रिटेन आदि विकसित देशों से आगे पहुंचे। कहा कि हम रहें या न रहे, ऐसी सोच आप सबको रखनी है, और सब लोगों को मिलकर अपने देश को 2047 तक विकसित देश बनाना है।

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अनेक प्रकार की योजनाएं संचालित की गई है, इन योजनाओं को प्रत्येक पात्र लाभार्थी को लाभ मिले जिसके तहत संबंधित सभी विभाग भरसक प्रयास कर रहे हैं और एक निश्चित गति से लगातार आगे बढ़ रहे हैं।

किसी भी योजना से कोई पात्र लाभार्थी छूटने न पाये ऐसा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोविड के दौरान दुनिया की अर्थव्यवस्था गड़बड़ हो गई थी, लेकिन हमारे देश का ग्रोथ लगातार बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर सांसद सुब्रत पाठक व विकसित भारत संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी एवं महानिदेशक विदेश व्यापार भारत सरकार सुभाष चंद्र अग्रवाल और जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ला ने विभिन्न विभागों के द्वारा लगाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉलों का अवलोकन किया। कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी मिलेगी और सहजता से लाभ ले सकेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी/जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, डीसीएनआरएलएम राजकुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर ने जीवन पर्यन्त गरीबों वंचितों के लिए संघर्ष कियाः नवाब सिंह यादव



- चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय परिसर में धूमधाम से मनाई गई जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती
- कार्यक्रम के दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने सविता समाज के लोगों को किया सम्मानित

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वी जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय परिसर में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुवाई में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर सविता समाज के लोगो को सम्मानित किया गया। बुधवार को जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वी जयंती के अवसर पर चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय परिसर में आयोजित हुए कार्यक्रम के दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव समेत गणमान्यजनों ने कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर श्रृद्धासुमन अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं वरिष्ठ सपा नेता नवाब सिंह यादव ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म एक गरीब परिवार में हुआ था। संसाधनों के अभाव के बाबजूद कर्पूरी ठाकुर पढ़ने में बहुत होशियार थे उन्होंने जीवन पर्यन्त गरीबों वंचितो की लड़ाई लड़ने का काम किया। वे दो बार बिहार प्रांत के मुख्यमंत्री बने और जब तक वे चुनाव लडे और हमेशा जीतते रहे। वे कई रसूख पदो पर रहे। जब उनकी मृत्यु हुई तो उनके पास खुद का मकान नहीं था। उन्होंने जीवन पर्यन्त पिछड़े वर्ग के लोगो को आगे बढ़ाने के लिए संघर्ष किया श्री यादव ने कहा कि आज उनकी जयंती पर हम सब ये संकल्प लें कि उनके आदर्शों एवं उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चले। इस मौके श्री यादव ने सविता समाज के लोगो को माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से भूपेश श्रीवास्तव, अजय श्रीवास, संजय सविता, गौरव सविता, रमेश ठाकुर, दीपू सविता, दिलीप सविता, कल्लू सविता, मुकेश सविता, रवि सविता, सुधीर सविता, ऋषि सविता, रामनाथ सविता सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# 28 को लगेगा निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन एवं कृत्रिम अंग वितरण शिविर

- रोटरी क्लब शौर्य एवं अपर्णा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में जिला मुख्यालय स्थित मेरठ कोल्ड स्टोरेज परिसर में लगेगा शिविर

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

रोटरी क्लब शौर्य एवं अपर्णा फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास के द्वारा निशुल्क नेत्र ऑपरेशन एवं् निशुल्क कृत्रिम अंग वितरण का विशाल शिविर 28 और 29 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए रोटरी क्लब शौर्य के चार्टेड प्रेसिडेंट अमिताभ गुप्ता एवं रोटरी क्लब कन्नौज के अध्यक्ष उमाकांत शुक्ला ने देते हुए बताया कि निशुल्क शिविर 28 जनवरी को प्रातः दस बजे से दो बजे तक आयोजित किया जाएगा। बताया कि जवाहर लाल नेहरू रोहतगी कानपुर के डॉक्टर्स की टीम द्वारा आखों की जांच की जाएगी। ऑपरेशन के लिए उपयुक्त मरीजों को उसी दिन रोटरी क्लब द्वारा निशुल्क बस सेवा द्वारा मरीजों को जवाहर लाल रोहतगी नेत्र हॉस्पिटल कानपुर भेजा जाएगा। वहा से ऑपरेशन होने के बाद उसी बस के द्वारा अगले दिन कन्नौज वापस भेज दिया जायेगा। इसके अलावा जिस मरीज के एक या दोनो हाथ, एक या दोनो पैर न होने पर निशुल्क आर्टिफिशियल हाथ पैर मरीजों को लगा दिए जायेगे। बताया किं श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति कोटा राजस्थान के कुशल डॉक्टरों द्वारा जांच कर तुरंत हाथ या पैर का वितरण कर दिया जायेगा। शिविर में निशुल्क सामान्य स्वास्थ्य जांच, नेत्र, कान, नाक, गला, दांत, फेफड़ा , हड्डी, डिब्टीज , ब्लड प्रेशर के मरीजों की जांच होगी। इसके अलावा हर्निया, हाइड्रोसील, पथरी, भगंदर, बच्चे दानी का निकालना, अपेंडिक्स, प्रोस्टेट, गर्भास्य में गांठ का निशुल्क ऑपरेशन कानपुर में कराया जायेगा। मरीजो को अपने साथ आधार कार्ड की फोटोकॉपी लाना अनिवार्य होगा। यह कैंप मेरठ कोल्ड स्टोरेज तिर्वा क्रॉसिंग सरायमीरा में आयोजित किया गया है। शिविर में समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण, जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला, अपर जिला जज लवली जायसवाल, पुलिस अधीक्षक अमित आनंद, जिला दिव्यांग अधिकारी तनुज त्रिपाठी व इनर व्हील क्लब की चेयरमैन संध्या गुप्ता एवं अपर्णा फाउंडेशन के चेयरमैन प्रदीप गुप्ता सहित कई वरिष्ठ अधिकारी व समाजदेवी मौजूद रहेंगे। नेत्र रोगी अन्य जानकारी के लिए उमाकांत शुक्ला के मोबाइल नंबर 9415146827 पर संपर्क कर सकते है।

## खबरें एक नजर में

### मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने रंग रोशन कर लिया जायजा



**छिबरामऊ,कन्नौज।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय ने मोर्सिज़ का किया औचकनिरीक्षण शासन के निर्देशानुसार अस्पताल परिसर की बाउंड्री ब मोर्सिज़ का रंग रोशन का जायजा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सुनील कुमार ने ठेकेदार के साथ निरीक्षण किया साथ में डॉक्टर शोभित भारद्वाज शहीद अस्पताल का अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा।

### ऑटो-डीसीएम की टक्कर में चालक सहित सात घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** सवारियां लेकर कन्नौज जा रहे ऑटो में डीसीएम ने पीछे से टक्कर मार दी थी। इससे ऑटो में सवार चालक सहित सात लोग घायल हो गए थे। घायलों को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया गया। जबकि टैंपो के स्वामी ने डीसीएम चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम खाड़ेदेवर निवासी जितेंद्र कुमार ने कोतवाली में दर्ज कराए मुकदमें में कहा है कि मंगलवार की सुबह गुरसहायगंज से सवारियां ले जा रहे ऑटो में जीटी रोड मिरगावां मोड़ पर गुरसहायगंज की तरफसे आ रही डीसीएम ने पीछे से टक्कर मार दी थी। जिससे आटो पलट गया था और दुर्घटना में आटो चालक 30 वर्षीय अनुज पुत्र रवीश चंद्र सविता निवासी जलाला बाद, 45 वर्षीय सियाराम पुत्र माधौराम, 35 वर्षीय गोविंद पुत्र रामशंकर, 25 वर्षीय रचना पुत्री रामशंकर, निवासी तेरारब्बू, 50 वर्षीय कालीचरण पुत्र रामनाथ निवासी चित्तरपुरवा, तेरारब्बू, 35 वर्षीय लल्ला बाबू पुत्र जमींल खां, 50 वर्षीय नफीश पुत्र सफी खां निवासी विलंदपुर घायल हो गए थे। जिन्हे चौकी मझपुरवा में तैनात उप निरीक्षक कमलेश कुमार ने एंबुलेंस द्वारा सीएचसी गुरसहायगंज में उपचार के लिए भिजवाया। कोतवाली पुलिस ने टेंपो मलिक की तहरीर पर डीसीएम के अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गणतंत्र दिवस की तैयारीयों का एसपी ने लिया जाएजा, की रिहर्सल

**हमीरपुर।** आगामी गणतंत्र दिवस को लेकर परेड मैदान में तैयारियां चल रहीं हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी परेड का मैदान तिरंगे से पटा नजर आएगा। वहीं रोजाना सुबह शाम पुलिस के जवान परेड की तैयारी भी कर रहे हैं।शुक्रवार की सुबह होने वाली परेड के दौरान बुधवार को एसपी ने तैयारियां को जायजा लिया और रिहर्सल कराई। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस के मौके पर मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। गणतंत्र दिवस को लेकर परेड को अभी से ही तिरंगा से सजाने का काम चालू कर दिया गया है। इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस पर मैदान तिरंगे से पटा दिखेगा और आकर्षक रंगोलियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।साथ ही बुंदेलखंड के मशहूर दिवारी नृत्य का भी यहां रोमांचक नजारा देखने को मिलेगा। जिसमें दिवारी नृत्य करने वाले कलाकार लाठी डंडों का अचूक वार करते हुए युद्ध कला का प्रदर्शन करते हैं।बुधवार को एसपी दीक्षा शर्मा ने परेड का जायजा लेकर गणतंत्र दिवस पर सलामी की रिहर्सल भी की और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

# कांग्रेस जिला अध्यक्ष की अगुवाई में असम के मुख्यमंत्री के विरोध में किया प्रदर्शन

- भ्रष्ट सरकार ईश्वर को भी जाति धर्म व पार्टी के नाम पर बांटने की कर रही कोशिश

**कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष माननीय राहुल गांधी पूर्व सांसद के नेतृत्व में 14 जनवरी से मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा असम में पहुंचने पर असम के भ्रष्ट मुख्यमंत्री हेमंत विश्वा शर्मा इस शांतिपूर्ण यात्रा को बाधित करने की कोशिश कर रहे हैं सत्ता पक्ष द्वारा पिछले कुछ दिनों से भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर योजना बद्ध तरीके से उपद्रवियों द्वारा भारत जोड़ों न्याय यात्रा के पोस्टर फाड़ने की घटना व पद यात्रियों पर हमला किया गया जिसमें हमारे असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष सहित कई नेता घायल हो गए इसके उपरांत असम के शंकर देव मंदिर में दर्शन करने पर भी रोक लगा दी जबकि इसकी अनुमति पहले से मिल चुकी थी ऐसी भ्रष्ट सरकार ईश्वर को भी जाति धर्म व पार्टी के नाम पर बांटने की कोशिश कर रही है इससे यदि कोई आम जनमानस उनकी पार्टी से नहीं जुड़ा है तो वह मंदिर में प्रवेश नहीं कर पाएगा ऐसी भ्रष्ट सरकार के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश पालीवाल के नेतृत्व में नसरापुर स्थित डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष बैठकर विरोध प्रदर्शन किया गया इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त उपजिलाधिकारी राम नरायण को ज्ञापन सौंपा गया कार्यक्रम में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अविनाश चंद दुबे, रमाशंकर राठौर जिला महासचिव, एहसान उल हक खान पूर्व शहर अध्यक्ष, अशोक कनौजिया उमर्दा ब्लॉक अध्यक्ष ,अरविंद दुबे प्रवक्ता, राम भरोसे कमल पूर्व एससी एसटी अध्यक्ष, आशुतोष त्रिपाठी, श्यामू कुशवाहा, राकेश श्रीवास्तव, हरशरण पटेल, मोहित सिंह, खुशीराम , बालकृष्ण दोहरे सहित दर्जनों कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# आज मौला अली बाद जोहार नमाज के बाद किया फातिया का इंतजाम

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



शहर के जामा मस्जिद की अंजुमन मुस्लिम कमेटी की तरफ जुमरात बाद नमाज जोहर मौला अली हर साल की तरह तरह इस साल भी मौला अली की यौम विलायत की फटा फटा कराई जाएगी यह जानकारी अंजुमन कब मुस्लिम कमेटी की जानिब से दी गई है या अली इंशाल्लाह हर साल की तरह इस साल भी मौला अली की एवं विलायत के मौके पर जमा मस्जिद छिबरामऊ में कल जुम्रत बाद नमाजे जोहर फटा का इंतजाम अंजुमन मुस्लिम कमेटी की जानिब से किया गया है आप सभी से शिरकत की गुजारिश की गई है यह जानकारी जाहिद चिश्ती ने दी है।

# सेक्टर चलो अभियान के अंतर्गत बसपा कार्यकर्ताओं की बैठक

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



बहुजन समाज पार्टी सुप्रीम कोर्ट निर्देशानुस सेक्टर चलो अभियान के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र में बसपा कार्यकर्ताओं की बैठक बहुजन समाज पार्टी के नेतृत्व में विधानसभा 196 छिबरामऊ के सेक्टर चलो अभियान के अंतर्गत सेक्टर प्रेमपुर के ग्राम सराय गोपाल नगला वरी में बैठक का आयोजन हुआ जिसमें जिला प्रभारी बबलू गौतम विधानसभा प्रभारी सत्येंद्र भारती विधान सभा प्रभारी अवनेश जाटव मुल्तान सिंह वर्मा विधानसभा अध्यक्ष जितेंद्र सत्यार्थी एवं सेक्टर अध्यक्ष बलवीर जाटव जी आदि लोग उपस्थित रहे बैठक में श्री अवनेश जाटव ने कहा कि बहुजन समाज जन्मे संत महापुरुषों का सम्मान करते हुए बाबा साहब की बने संविधान के तहत भारत में गैर बराबरी की व्यवस्था एवं सामाजिक परिवर्तन की लड़ाई लड़ने में एक अकेली बहुजन समाज पार्टी है जो सदियों से उपेक्षित एवं हक वंचित समाज दलित अल्पसंख्यक एवं सर्व समाज की न्यायसंगत लड़ाई लड़ने वाली पार्टी है।

### चोरों ने डीजे गाड़ी से चार मशीनें की चोरी

**राठ।** कस्बे के हमीरपुर रोड स्थित अंबे पैलेस के पास चार पहिया वाहन में रखी डीजे की चार मशीनें चोरी करके ले गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी शिवम पुत्र बलवीर कुशवाहा ने बताया कि वह डीजे का कार्य करता है। मंगलवार को उसकी डीजे की गाड़ी अंबे पैलेस के पीछे खड़ी थी। तभी देर रात चोर डीजे की गाड़ी से एक मिक्सर मशीन, एक क्रास ओवर मशीन, एक बीटीजेड मशीन, एक एसएसए मशीन, एक मौसपेड चोरी करके ले गए। बताया कि सुबह जब वह गया तो डीजे की गाड़ी से चारों मशीनें गायब थी। जिनकी कीमत करीब एक लाख 48 हजार रुपए है।

### संतुलन बिगड़ने से पुलिया में बैठे युवक की नाले में गिरने से मौत

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के डामर गांव में नाले पर बनी पुलिया में बैठा 30 वर्षीय युवक का संतुलन बिगड़ने से गिर गया। परिजन उसे नाले से निकाल कर सीएचसी लाए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

थाना क्षेत्र के डामर गांव निवासी सुनील अनुरागी (30) पुत्र छन्नी लाल बुधवार की दोपहर करीब दो बजे डामर गांव के बाहर कालपी हमीरपुर हाईवे किनारे पुलिया में बैठा था। तभी अचानक शरीर का संतुलन बिगड़ने से वह नाले में गिरकर पानी में डूब गया। जानकारी मिलने पर परिजनों ने नाले से बाहर निकाला। आनन फानन उपचार के लिए सीएचसी लाए। जहां चिकित्सक दीपक कुमार ने मृत घोषित कर दिया।

# स्मार्टफोन पाकर छात्राओं के खिले चेहरे



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

तालग्राम ब्लॉक के के ग्राम सराय प्रयाग के कप्तान सिंह महाविद्यालय मैं स्मार्टफोन का वितरण मेधावी छात्रों में किया गया। स्वर्गीय कप्तान सिंह महाविद्यालय सराय प्रयाग में तकनीकी सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत मेधावी छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण तालग्राम चेयरमैन जानू खान पूर्व प्रधान रामशंकर यादव ने किए स्मार्टफोन पार्करों के चेहरे चमके प्रधानाचार्य सुशील यादव अंकुर यादव मनोज शाक्य अदिल शाक्य सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

**बयान** — ग्रामीणों हुए प्रधान की कार्यशैली पर नाराज

# प्रधान नहीं कराते साफ-सफाई, ग्रामीणों ने की नाले नालियों की सफाई

- ग्राम लालपुर में प्रधान की अनदेखी के चलते नही होती साफ-सफाई
- ग्रामीणों ने पहले चलाया सफाई अभियान फिर किया प्रदर्शन





**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

जहां एक ओर केंद्र व प्रदेश सरकार स्वच्छ भारत अभियान चलाने के लिए लाखों रुपए खर्च कर रही है। वहीं दूसरी ओर ग्राम प्रधान चुनावी रंजिश के कारण स्वच्छता अभियान को पलीता लगा रहे हैं। प्रधान की अनदेखी से परेशान होकर ग्रामीणों ने नालियों की सफाई कर सिल्ट को निकाला ग्रामीणों ने प्रधान की कार्यशैली पर रोश व्यक्त करते हुए प्रदर्शन भी किया बुधवार की सुबह समधन क्षेत्र के ग्राम लालपुर के ग्रामीण विपिन शाक्य,आशीष कोरी, देवेन्द्र कुमार शाक्य, चतुर्भुज शाक्य, संजीव शाक्य, अमित शाक्य, विमलेश शाक्य, पंकज, उमेश शाक्य, संतोष शाक्य,पवन, राजकिशोर शाक्य, महावीर शाक्य आदि ने सामूहिक रूप से गांव की गलियों के नाले नालियों की सिल्ट निकालकर सफाई अभियान चलाया बताया कि कई दिनों से मोहल्ले में गंदगी बनी हुई है यहां के प्रधान राम चंद्र राठौर अपनें मोहल्ले में ही साफ-सफाई कराते हैं हमारे इधर गलियों में गंदगी फैली रहती है। नाले नालियां गंदगी से भरी हुई है नालियों का गंदा पानी न निकलने की वजह से गलियों में कीचड़ युक्त पानी भर गया है। ग्रामीणों ने साफ-सफाई अभियान चलाने के बाद प्रदर्शन कर रोश व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

# रुपये न मिलने के गम में पिता की हुई मृत्यु

- 33 लाख रुपये में मृतक ने राम लड़ैते को बेची थी अपनी जमीन
- पेट्रोल पंप बनवाने के बाद भी राम लड़ैते नहीं दे रहा था शेष रुपये


जाम लगाये परिजनों को समझाती पुलिस

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना मऊदरवाजा के गांव मिल्क मौज मुल्ला निवासी जनक सिंह पुत्र रामगुलाम राजपूत 60 वर्ष ने अपनी 32 डिसमिल जमीन जो सड़क किनारे नवाबगंज फर्रुखाबाद रोड पर स्थित थी। उसका बैनामा रामलड़ैते पाल निवासी गड़रिया नगला नटवारा मऊदरवाजा के नाम 33 लाख रुपए में लिखा पढ़ी की गई थी। जिसमें एक ट्रैक्टर पुराना और कुछ रुपए नगद देकर राम लड़ैते ने अन्य पैसा कुछ दिनों बाद देने की बात कहकर उस पर पेट्रोल पंप का निर्माण कार्य शुरू हो गया। पेट्रोल पंप बन जाने के बाद उसका शुभारंभ हो गया। कुछ दिन बाद जनक सिंह ने अपना पैसा मांगा, तो उक्त लोग जनक सिंह को टरकाते रहे। उक्त जानकारी देते हुए जनक सिंह के पुत्र संदीप कुमार व कुलदीप कुमार ने बताया कि अपनी बाकी धनराशि राम लड़ते से मांगी, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन दिया गया। बीती रात जनक सिंह की मौत हो गई। पुत्रों के मुताबिक उनके पिता के रुपये न मिलने के गम में मृत्यु हो गयी। इस बात की जानकारी गांव के लोगों को हुई, तो सुबह दो सैकड़ा से ज्यादा ग्रामीण तथा महिलाएं पेट्रोल पंप पर पहुंच गई और हंगामा करने लगीं। मौके पर मौजूद पेट्रोल पंप मालिक और कर्मचारी घटना की नजाकत देखकर नौ दो ग्यारह हो गए। घटना की सूचना थाना पुलिस नवाबगंज तथा मऊदरवाजा को सूचना दी गई। कुछ लोगों ने रोड जाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस को जब मामला समझ में आया, तो उन्होंने मृतक के पुत्रों को और पेट्रोल पंप मालिक को घटनास्थल पर बुलाकर पंचायत शुरू की।

जिसमें 33 लख रुपए में मात्र 4,00,000 का पुराना ट्रैक्टर दिया गया और कुछ पैसे शराब आदि पीने को दिए गए। पुलिस के समक्ष पेट्रोल पंप मालिक ने रुपए देने की बात स्वीकारी है। फिलहाल पेट्रोल पंप मालिक से लिखा पढ़ी करा ली गई है और मृतक के पुत्रों को पुलिस ने समझा बुझाकर घर भेज दिया और उनके साथ आए लोगों को भी समझा बुझाकर घर रवाना किया। फिलहाल घटनास्थल पर 4 घंटे तक अफरा तफरी मची रही। नवाबगंज थाना अध्यक्ष जेपी शर्मा और हाटियापुर चौकी इंचार्ज शिवकुमार फोर्स के साथ मौजूद रहे।

# पौष पूर्णिमा पर्व पर गंगा स्नान के लिए थानाध्यक्ष ने मेला प्रभारी के साथ व्यवस्थाओं को परखा

- सुरक्षित स्नान को लेकर रूपरेखा तैयार

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ढाईघाट शमशाबाद की पवित्र गंगा नदी जहां पौष पूर्णिमा पर्व पर होने वाले स्नान को लेकर ढाईघाट मेला प्रभारी हरिओम प्रकाश त्रिपाठी ने थानाध्यक्ष शमशाबाद बलराज भाटी के साथ ढाईघाट शमशाबाद का निरीक्षण किया। सुरक्षित गंगा स्नान के लिए रूपरेखा तैयार की। मेला प्रभारी हरिओम प्रकाश त्रिपाठी ने स्नान के दौरान पंडों को सुरक्षित स्नान की जिम्मेदारियां सौंपीं। उन्होंने कहा है जो भी स्नानार्थी गंगा स्नान करे स्नानार्थियों के कपड़े सुरक्षित रखे जाएं। सुरक्षित स्नान के लिए गंगा नदी के अंदर खतरे के स्थान पर बेरीकेडिंग करायी जाये। गहरे स्थान पर स्नान हेतु प्रतिबंध लगाया जाए। मेले में वाहनों की भीड़ ना हो, इसके लिए रोड डायवर्ट की व्यवस्था कराई जाए। शाहजहांपुर से आने वाले वाहनों को जैतपुर मोड़ के पास रोका जाए तथा शमशाबाद से आने वाले वाहनों को कासिमपुर तराई के पास रोका जाए। स्नान के दौरान अनहोनी घटनाओं को रोकने के लिए गोताखोर तैनात किए जाएं।


मेले में व्यवस्थायें देखते थानाध्यक्ष व मेला प्रभारी

उन्होंने यह भी कहा पहनावन पहनाने वाले लोगों को स्टीमर के जरिए ही पहनावन पहनायी जाये, ताकि व्यवस्था के अनुरूप सभी काम सुरक्षित हो सकें। उन्होंने स्टीमर में सीमित लोगों को बैठाने के निर्देश दिए। अधिक लोगों की संख्या दुर्घटना का कारण बन सकती है। उन्होंने वीआईपी घाट का भी निरीक्षण किया। वीआईपी घाट गंगा के पश्चिमी तट की तरफ है। यहां बड़ी संख्या में लोगों द्वारा स्नान किया जाता है।

# प्राण प्रतिष्ठा के दिन को काला दिवस बताने वाले दो लोगों पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** सोशल मीडिया पर बौद्ध धर्मी सहित दो लोगों को 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन को काला दिवस बुद्ध की विरासत पर मंदिर बनाया आदि लिखकर वायरल करना काफी महंगा पड़ गया।

जनपद एटा कोतवाली नयागांव पुलिस ने इस सम्बन्ध में जनपद फर्रुखाबाद थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव पुनपालपुर निवासी दीपक राजपूत आदि सनातन धर्म के लोगों की तहरीर के आधार पर कोतवाली नयागांव के कस्बा सराय अगहत मोहल्ला टिकुरियन निवासी झोलाछाप देवेश शाक्य पुत्र राधेश्याम व सराय अगहत मोहल्ला रेती निवासी आदिल शाह पुत्र मकसूद अली के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। तहरीर के अनुसार उपरोक्त आरोपितों ने सोशल मीडिया के माध्यम से अभद्र भाषा श्री राम के लिए प्रयोग की व भगवान के प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन को काला दिवस बताया, बाबरी मस्जिद का समर्थन किया। सनातन धर्म को अपमानित करके दंगा फैलाने का कार्य किया जिससे सराय अगहत में दंगा होने का माहौल है। झोलाछाप देवेश शाक्य अपने आप को धम्मा लोको बुद्ध विहार का उप कोषाध्यक्ष बताया करता है।

जब इस संबन्ध में धम्मा लोको बुद्ध विहार के अध्यक्ष कर्मवीर शाक्य से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उपरोक्त देवेश शाक्य धम्मा लोको के ट्रस्ट में कोई पदाधिकारी नहीं है। केवल अपने को प्रचारित करता रहता है। नयागांव कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि दीपक राजपूत निवासी पुनपालपुर थाना मेरापुर तथा अन्य लोगों द्वारा दी गई तहरीर पर देवेश शाक्य तथा शादिल शाह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही दोनों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# डीएम व सीडीओ ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलायी मतदाता शपथ


कलेक्ट्रेट में अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाते डीएम


विकास भवन में अधीनस्थों को शपथ दिलाते सीडीओ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई गई। जिलाधिकारी ने सभी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान दिवस बनाने का मुख्य कारण है कि लोगों को मतदान का महत्व बताया जाए, ताकि लोग इसके प्रति जागरूक हो और सही उम्मीदवार को चुनें। जिससे हमारे देश का विकास ठीक प्रकार से हो सके। भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है। इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है। इसलिए हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति व उपजिलाधिकारी सदर गजराज सिंह एवं कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। **वहीं दूसरी ओर** मंगलवार को पूर्वाह्न 11.00 बजे मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्र द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर विकास भवन सभागार में विकास भवन के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त श्रम रोजगार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी व अन्य सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# परिवादी को 8 प्रतिशत ब्याज सहित मूल धनराशि वापस करने का आदेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के न्यायालय में परिवादी अली जमा खॉ ने शाखा प्रबंधक ग्रामीण बैंक ऑफ आयावर्त शाखा अताईपुर एवं चेयरमैन ग्रामीण बैंक ऑफ आयावर्त शाखा लखनऊ के विरुद्ध दर्ज कराये गये परिवाद दिनांकित 28.08.1995 में कहा था कि दिनांक 23.03.1995 व 25.03.1995 को उसके द्वारा अपने बचत खाता संख्या 1843 में जमा की गयी धनराशि मु0 5,500/- एवं 14,000/- रुपये की धनराशि परिवादी को मय समुचित प्रतिकर एवं मय ब्याज विपक्षीगण से दिलाये जाने की गुहार लगायी थी। इसके तत्पश्चात उसने 10 हजार रुपये निकालने के लिए चेक भरा। किन्तु बैंक कर्मचारियों ने चेक का भुगतान नहीं किया और कहा गया कि परिवादी के खाते में धनराशि नहीं है। जिस पर उसने कारण पूछा, तो बताया गया कि परिवादी के खाते से अधिक भुगतान हो जाने की वजह से उपरोक्त धनराशि काट ली गयी। बैंक द्वारा इस संबंध में कोई सही जानकारी परिवादी को नहीं दी गयी। जिस पर परिवादी ने इस संबंध में कई प्रार्थना पत्र व नोटिस दिये, लेकिन बैंक ने कोई कार्यवाही नहीं की। जिस पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष नरेश कुमार ने परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद स्वीकार करते हुए विपक्षीगण को आदेश दिया है कि वह परिवादी को मु0 19 हजार रुपया मय 8 प्रतिशत साधारण वार्षिक ब्याज की दर से परिवाद प्रस्तुत करने की तिथि 28.08.1995 से अदायगी की तिथि तक एवं परिवाद व्यय के रुप में मु0 15 हजार रुपया निर्णय की तिथि से 30 दिन के अंदर अदा करना सुनिश्चित करें। निर्धारित समय में उक्त धनराशि अदा न करने पर ब्याज की दर 8 प्रतिशत वार्षिक के स्थान पर 10 प्रतिशत वार्षिक की दर से देय होगी।

## खबरें एक नजर में

### एफएसडीए ने छापा मारकर संग्रह किया नमूना


नमूना भरते खाद्य सुरक्षा अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने के लिए मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से व शिकायत निस्तारण के क्रम में मंगलवार को को सहायक आयुक्त (खाद्य-द्वितीय) सय्यद शाहनवाज हैदर आबिदी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशीष कुमार वर्मा द्वारा छापामार कार्यवाही की गयी। इसी क्रम में निकट मस्जिदए रकाबगंज कलाँ पर स्थित मोहम्मद शकील पुत्र मोहम्मद शफीक के खाद्य प्रतिष्ठान स्टोर स्वीट्स से खाद्य पदार्थ छेना की मिठाई का नमूना जाँच हेतु संग्रह किया गया। टीम को देखकर मिलावटखोरों में हड़कंप मच गया। कई लोग अपनी-अपनी दुकानें बंद कर भाग गये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि छापामार अभियान इसी तरह जारी रहेगा। जनता के स्वास्थ्य के साथ किसी को खिलवाड़ नहीं करने दिया जायेगा।

### बसपा नेता अनुपम दुबे न्यायालय में पेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बसपा नेता डॉ0 अनुपम दुबे को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में मथुरा जेल से फतेहगढ़ न्यायालय लाया गया। जहां वह सी0जे0एम0 न्यायालय में पेश हुए। बताते चलें कि उनके ऊपर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी के दो मुकदमे दर्ज हैं। जिसमें एक मुकदमा वादी रक्षपाल निवासी नकटपुर मोहम्मदाबाद व दूसरा वादी राजेश सिंह चौहान निवासी मोहल्ला बस्तीपुर छिबरामऊ ने कोतवाली फतेहगढ़ में दर्ज कराया था। जिसमें सुनवाई के लिए 1 फरवरी की तिथि नियत है।

### पति की हत्या के मामले में पत्नी दोषी करार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज कक्ष संख्या 8 नरेंद्र प्रकाश ने डेजी गंगवार निवासी सहसा जगदीशपुर नबाबगंज को हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिन्दु पर 25 जनवरी की तिथि नियत की गयी है। बीते 20 वर्षो पूर्व थाना शमशाबाद निवासी सुभाषचंद्र पुत्र स्व0 नित्यप्रकाश ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि सुबह 9.30 बजे लगभग कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने मेरे भाई अशोक कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी। ग्राम आददुपुर के व्यक्यिों की सूचना पर मैं मौके पर पहुंचा, तो देखा कि अद्दुपुर की सड़क पर रेलवे लाइन से करीब मेरे भाई की खेत मे लाश पड़ी थी।

मुझे शक है कि मेरे भाई की पत्नी डेजी गंगवार पुत्री ग्रीशचन्द्र ने कहीं अपने व्यक्तियों से मेरे भाई की हत्या तो नहीं करवा दी, क्योंकि पति पत्नी के बीच तलाक का मुकदमा चल रहा था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने सुधीर कुमार, अनोज के विरुद्ध न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। न्यायालय में सुनवाई के समय डेजी गंगवार को तलब कर लिया गया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता अभिषेक सक्सेना की पैरवी के आधार न्यायाधीश नरेंद्र प्रकाश ने डेजी गंगवार को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंन्दु पर 25 जनवरी की तिथि नियत की गयी है। साक्ष्य के अभाव से सुधीर कुमार, अनोज को दोषमुक्त कर दिया गया है।

# एंटी करप्शन टीम ने कानूनगो व साथी को रिश्वत लेते दबोचा


पुलिस हिरासत में आरोपी कानूनगो व उसका साथी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एंटी करप्शन टीम ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए कानून गो व उसके साथी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। बताते चलें कि कुछ दिन पूर्व ही एंटी करप्शन टीम ने एक लिपिक को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। जानकारी के अनुसार ग्रामीण अमर सिंह कुशवाहा पुत्र मेघनाथ निवासी मुरहास जैतपुर कोतवाली मोहम्मदाबाद अपनी भूमि की पैमाइश कराने के लिए कानूनगो विवेक तिवारी के पास पहुंचा। जहां कानूनगो ने उससे 10 हजार रुपयों की मांग की। उसने पैसे देने में असमर्थतता जतायी। काफी चक्कर लगाने के बाद भी ग्रामीण की जमीन की पैमाइश नहीं हुई। जिस पर पीड़ित ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन कानपुर से की। इधर पीड़ित रुपये लेकर कानूनगो के पास पहुंचे और उसके साथी उमाशंकर को 10 हजार रुपये दिये, तभी एंटी करप्शन टीम भी मौके पर पहुंच गयी। उसने कानूनगो विवेक तिवारी व उसके साथी उमाशंकर को रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद एंटी करप्शन टीम कानूनगो व उसके सहयोगी को लेकर थाना मऊदरवाजा पहुंची तथा मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दी। थाने के एक कक्ष में कानूनगो व उसके सहयोगी से एंटी करप्शन टीम पूछताछ कर रही है। बताते चलें कि आरोपित कानूनगो विवेक तिवारी जनपद फतेहपुर की सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हरिहरगंज का निवासी है। जबकि कानूनगो का सहयोगी उमाशंकर थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम कझियाना का निवासी है। बताते चलें कि कुछ दिन पूर्व ही एक सफाई कर्मचारी से रिश्वत लेते लिपिक को एंटी करप्शन ने दबोचा था।

# धूमधाम से मनी कर्पूरी ठाकुर की जयंती

**कंपिल/शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

24 जनवरी को देश भर में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गयी। जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती पर केंद्र की मोदी सरकार ने उन्हें भारत रत्न देने का ऐलान किया है। इसी क्रम में कंपिल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

बुधवार दोपहर सविता समाज के नगर अध्यक्ष भूरे श्रीवास्तव के आवास पर बिहार के सीएम रहे कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनायी गयी। इस दौरान भूरे श्रीवास्तव ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर देश के जननायक हैं। उनको ओबीसी समाज, पिछड़ा समाज, दलित समाज और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का मसीहा माना जाता है। देश में अगर ओबीसी और पिछड़ों को आरक्षण देने का सबसे पहले किसी ने काम किया है तो वह काम कर्पूरी ठाकुर ने किया है। जब वे बिहार के मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने 27 प्रतिशत आरक्षण ओबीसी समाज को दिया। भाजपा नेता निशांत गुप्ता ने कहा कि वह सदैव सच्चाई के रास्ते पर चलें और बिहार की जनता ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाया।


कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाते समाज के लोग

हम सभी उनके योगदान पर उनको शत्-शत् नमन करते हैं। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष नंदराम शाक्य, विवेक शुक्ला, सुरेंद्र सैनी, जसवीर श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे। **वहीं शमशाबाद** में भी नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि दीपक श्रीवास्तव ने भी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनायी और हर्ष जताया कि भारत सरकार की ओर से उन्हें भारत रत्न देने का जो ऐलान किया गया है, यह बहुत पहले हो जाना चाहिए था। उन्होंने हमेशा ओबीसी और पिछड़ों को आगे बढ़ाने का काम किया।

# किशोरी को भगा ले गया रिश्तेदार युवक

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित मां ने अपने रिश्तेदार राहुल कुमार पुत्र सतीश चंद्र निवासी ग्राम नगला हिम्मत थाना विछवां जनपद मैनपुरी के विरुद्ध पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार राहुल कुमार 18 जनवरी की अल सुबह मेरी 17 वर्षिय पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। आरोपित राहुल कुमार ने मेरे फोन पर फोन किया कि मैं तुम्हारी पुत्री को भगा लाया हूँ। जब मैंने राहुल से कहा कि मेरी पुत्री से बात करवाओ तो मेरी पुत्री हमसे बोली कि मम्मी मैंने राहुल के साथ शादी कर ली है। मैं घर नहीं आऊंगी। किशोरी जाते समय अपने घर से 50,000/- रुपये की नकदी व जेवर भी अपने साथ ले गई। आरोपित राहुल मेरी ननद के परिवार का व्यक्ति है। मेरापुर पुलिस ने पीड़ित मां की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

**मनमानी**

## डग्गामार वाहन चालक प्रति यात्री वसूल रहे हैं 60 रूपये

# डग्गामार वाहन चालक सवारियों से वसूल रहे मनमाना किराया

- विरोध करने पर करते हैं अभद्रता, बीच में ही उतार देते सवारियां

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

इसे प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही कहे तो ज्यादा बेहतर होगा, क्योंकि कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर दौड़ने वाले डग्गामार वाहनों की संख्या लगातार बढ़ने के साथ वाहन चालकों की दबंगई बढ़ती ही जा रही है, क्योंकि फर्रुखाबाद से कायमगंज जाने वाले आम यात्रियों से किराया यही डग्गामार वाहनों के चालक प्रति यात्री 60 रूपये वसूल रहे हैं।

विरोध करने पर डग्गामार वाहनों के चालक दबंगई दिखाकर यात्रियों से गाली-गलौज कर मारपीट पर उतारू हो रहे है तथा यात्रियों को बीच रास्ते में ही छोड़ देते हैं। जानकर लोग बताते है फर्रुखाबाद से कायमगंज तक रोडवेज बस का किराया 48 रुपए है, जबकि डग्गामार वाहनों के चालक 60 रूपये प्रति यात्री वसूल करते हैं। विरोध करने पर डग्गामार वाहन चालक बीच में ही सवारियों को उतार देते हैं।



सवारियों के इंतजार में खड़े टेंपो

बताया गया है जब से शकरुल्लापुर ओवर ब्रिज का संचालन आरंभ हुआ तब से सरकारी बसों का किराया भी कम हुआ, जबकि पहले फर्रुखाबाद से नवाबगंज, मंझना, हजियांपुर, फैजबाग, कायमगंज का किराया 60 रूपये प्रति यात्री था। जब से ओवरब्रिज का संचालन हुआ तो दूरी भी घट गई, किराया भी कम हुआ। वर्तमान में फर्रुखाबाद से कायमगंज का प्रति यात्री 48 रुपए है, जबकि डग्गामार वाहन टेम्पो मैजिको के चालक आम यात्रियों से फर्रुखाबाद से फैजबाग का 40 रूपये और फैजबाग से कायमगंज का 60 रूपये किराया वसूल रहे हैं। बुधवार को एक टेंपो चालक तथा एक यात्री के बीच इस बात को लेकर विवाद हो गया। यात्री के अनुसार किराए के नाम पर डग्गामार टेंपो चालक 40 रूपये मांग रहा था, जबकि यात्री के अनुसार फर्रुखाबाद से फैजबाग का किराया 30 रूपये तय करके बैठा था। बात बढ़ गई तो दोनों के बीच विवाद होने लगा। मामला हथापाई तक पहुंच गया। शोर शराबा सुन लोगों की भीड़ लग गयी। लोगों ने अवैध वसूली का विरोध करते हुए टेंपो चालक को जमकर लताड़ा।

लोगों का कहना था जब रोडवेज का किराया कम हो गया, तो फिर डग्गामार वाहनों के संचालकों द्वारा अवैध वसूली क्यों। स्थानीय लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी बताया। मालूम रहे कायमगंज फर्रुखाबाद मार्ग पर इस वक्त टेंपो तथा मैजिकों की संख्या लगभग आधा सैकड़ा है। जो भूसे की तरह सवारियां भरकर चल रहे हैं। अनियंत्रित गति से दौड़ने वाले वाले डग्गामार वाहन टेंपो कई बार दुर्घटनाओं का शिकार हो चुके है।

# एनएकेपी डिग्री कॉलेज में उप्र दिवस व मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एनएकेपी महाविद्यालय की एनसीसी अधिकारी एवं स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. डॉ. पारुल मिश्रा के दिशा निर्देशन में एनसीसी कैडेट्सों ने उत्तर प्रदेश दिवस पर प्रदेश के विकास को फ्लेग एरिया द्वारा दर्शाया।

प्रदेश के शैक्षिक आर्थिक तथा सांस्कृतिक विकास को कलात्मक ढंग से प्रदर्शित किया गया। प्रो0 पारुल मिश्रा ने महाविद्यालय में स्वीप के मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत सभी को अपने मताधिकार के प्रयोग करने की शपथ दिलायी। कैडेट्सों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।



कार्यक्रम में मौजूद एनसीसी कैडेट्स व अन्य

कडेट्सों ने मॉडल, रंगोली व पोस्टर के माध्यम से अपनी भावनाओं और विचारों को बहुत ही सुंदर ढंग से दर्शाया। इस अवसर पर श्रुति गुप्ता, प्रतिभा गुप्ता, प्रियंका वर्मा, अरविन्द पाण्डेय, अमित चतुर्वेदी, राजीव सक्सेना, कमलेश, सुखदेव, राजेन्द्र दिवाकर, रामवती, मुन्नी तथा अभिभावक मौजूद रहे।

# बालिकाओं को शिक्षा और सम्मान दिलाने का लिया गया संकल्प

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महाराजा हरिश्चन्द्र महाविद्यालय में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए उन्हें शिक्षित करना आवश्यक है। समाज और राष्ट्र का विकास करना है तो हमें बालिकाओं और स्त्रियों व महिलाओं को शिक्षित और जागरुक करना होगा। महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार के स्लोगन, बेटी को मत समझो कभी भार, यही है सबके जीवन का आधार, जिस घर में होता है बेटी का सम्मान वह घर होता है स्वर्ग समान आदि स्लोगन लिखे गये। विद्यालय के प्राध्यापक गजेन्द्र सिंह राजपूत, डॉ. मधुवाला अवस्थी, सुनील कुमार राजपूत, अनुराग गंगवार, अतुल त्रिवेदी, बीएड प्रशिक्षु सरिता श्रीवास्तव, वर्षा राठौर, शिवम राजपूत, अक्षत अग्निहोत्री, अभिलाषा त्रिवेदी ने विचार रखे। साथ ही बालिकाओं को शिक्षा और सम्मान दिलाने का संकल्प लिया गया।



बालिका दिवस मनाते प्राध्यापक

## बसस्टेशन उतरौला परिसर में भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

**उतरौला,बलरामपुर।** बुधवार को बस स्टेशन परिसर में नगर पालिका परिषद द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन अधिशासी अधिकारी राजमणि वर्मा की देखरेख में हुआ।

मौके पर विधायक राम प्रताप वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता व चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप चंद गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग, डूडा, बिजली विभाग समेत विभिन्न विभागों ने अपने स्टॉल लगाकर पैम्फलेट-पोस्टर वितरित कर योजनाओं की जानकारी दी। इससे पहले संकल्प यात्रा की वैन की स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश विभिन्न योजनाओं के तहत उपलब्धियों के साथ प्रदर्शित किया गया।

# पोस्टल कोआपरेटिव बैंक लि. के जगदीश चौहान बने प्रतिनिधि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश पोस्टल को-आपरेटिव बैंक लि. का चुनाव प्रधान डाक घर में सम्पन्न हुआ। जिसमें 84 डाक कर्मचारियों द्वारा विभिन्न पदों हेतु मतदान किया गया।

मतदात प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक चला। 83 कर्मचारियों ने मतदान में भाग लिया। विजयी प्रत्याशी जगदीश चौहान को कुल 42 मत प्राप्त हुए। उन्हें विजयी घोषित किया गया। एक मत रद्द हुआ।

मतदान प्रक्रिया देवेन्द्र शुक्ला, राजीव बाजपेयी, प्रकाश चन्द्र, संदीप तिवारी, आनंद भदौरिया ने सम्पन्न करायी। चुनाव में जगदीश तथा मनोज सक्सेना ने जोर आजमाइश की। जिसमें जगदीश चौहान प्रतिनिधि चुने गये। सभी सदस्यों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।



जगदीश चौहान के साथ मौजूद लोग



आफताब हुसैन के निवास पर मौजूद कांग्रेसी

## युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अम्बार अली का आफताब हुसैन ने किया स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवा कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अम्बार अली का घेरश्यामू खां स्थित पूर्व जिलाध्यक्ष आफताब हुसैन के निवास पर स्वागत किया गया। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अम्बार अली के बनने पर अपने निवास पर आफताब हुसैन ने उनका स्वागत किया और विचार गोष्ठी में कहा कि आने वाला दौर युवाओं का है। अम्बार अली एक युवा है। इनके नेतृत्व में कांग्रेस जनपद में मजबूत होगी। साथ ही ब्लाक अध्यक्ष के पति शिवाशीष तिवारी का भी शाल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर सयैद फरहत अली जैदी, जफर रिजवी, पपन मिया वारसी, आदित्य मिश्रा, शरीफ हैदर, काजिम हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

# सपाइयों ने मनाई बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर का 100वां जन्मदिन शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया गया। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि कर्पूरी ठाकुर पिछड़े समाज से निकले हुए नेता थे। जिन्होंने अपने संपूर्ण जीवन में संघर्ष कर बिहार की राजनीति को एक नया आयाम दिया। उन्होंने कहा वैसे तो कर्पूरी ठाकुर को यह सम्मान बहुत पहले ही मिल जाना चाहिए था, परंतु उनके मरने के उपरांत जो यह भारत रत्न का उन्हें सम्मान मिला है, उसका वह स्वागत करते हैं। उन्होंने साथ ही कहा की कर्पूरी ठाकुर बेहद ईमानदार छवि के नेता थे, जिन्हें हर कोई सम्मान की दृष्टि से देखा है। जिला उपाध्यक्ष जहान सिंह लोधी ने कर्पूरी ठाकुर के जीवन पर प्रकाश डाला। चंद्रेश राजपूत, नरेंद्र सिंह, निजाम अंसारी, साजिद अली खान, रजत क्रांतिकारी, शिव शंकर शर्मा, नीलम चौहान आदि ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर बेंचेलाल यादव, कमल हसन, मुजाहिद अंसारी, रमेश यादव, बंटी यादव, नंदकिशोर दुबे, निर्दोष यादव, जिला मीडिया प्रभारी विवेक यादव आदि लोग मौजूद रहे।



कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाते सपाई

## खबरें एक नजर में

### उप्र दिवस पर व्यापारी द्रवित जैन व नेहा जैन हुए सम्मानित



मंत्री राकेश सचान से सम्मानित होते द्रवित जैन व नेहा जैन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश दिवस पर लखनऊ में शिल्प ग्राम में फर्रुखाबाद के व्यापारी एसोसिएट डायरेक्टर द्रवित जैन को सम्मानित किया गया। शिल्प दिवस पर डायरेक्टर अरिहंत इंटर नेशनल ओवरसीज को प्रदेश में सिल्क कैटागरी के कार्य में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री आदित्य योगीनाथ के नेतृत्व में मंत्री राकेश सचान द्वारा द्रवित जैन व नेहा जैन को ट्राफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। द्रवित जैन ने मंत्री को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जनपद के लोगों ने द्रवित जैन को सम्मानित होने पर बधाई दी।

### मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरुकता के प्रति किया जागरुक



मानव श्रृंखला बनाते छात्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में प्राचार्य डॉ शालिनी के संरक्षण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना/सांस्कृतिक परिषद् प्रभारी डॉ. सुन्दर लाल के निर्देशन में राष्ट्रीय मतदात जागरूकता अभियान चलाया गया। महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों द्वारा मतदाता जागरूकता समारोह का आयोजन किया गया तथा मतदाता शपथ दिलाई गई। भारतीय महाविद्यालय से आए डॉ. आलोक बिहारी लाल शुक्ला ने सभी छात्र-छात्राओं को राष्ट्र प्रेम हेतु मानव श्रृंखला बनाकर प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. अमित कुमार, महेश कुमार, शिल्पी सिंह, छात्र कोस्तुभ द्विवेदी, रजत, अमित, आयुष, गौरव, छात्रा आकांक्षा राजपूत, मधू, दृष्टि, खुशी आदि मौजूद रहे।

# आर्थिक तंगी के बाद भी विनोद ने पीसीएस परीक्षा की उत्तीर्ण

**जालौन, उरई, समृद्धि न्यूज।**

यूपी पीसीएस के परीक्षा परिणाम में ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम उदोतपुरा निवासी विनोद कुमार ने सफलता प्राप्त कर नगर व क्षेत्र का नाम रोशन किया।

ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम उदोतपुरा निवासी गंगाराम दोहरे शेखपुर बुजुर्ग स्थित इंटर कॉलेज में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे। अपनी लगन, मेहनत, ईमानदारी और सेवाभाव के दम पर उन्होंने न केवल अपने पांच बच्चों की अच्छी परवरिश की, अपितु उन्हें उच्च शिक्षा और बेहतर संस्कार देकर उच्च पदों तक पहुंचाने का भी कार्य किया। इनकी तीन पुत्रियों में 2 पुत्रियां शिक्षा विभाग में अध्यापिका हैं, जबकि तीसरी पुत्री गृहणी है। दो पुत्रों में छोटा पुत्र मनोज कुमार, आईआईटी क्वालीफाई करके एक प्रतिष्ठित कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। माता पिता की चौथी संतान विनोद कुमार ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राइमरी स्कूल उदोतपुरा से प्रारंभ की। इसके बाद उरई में अपनी बहिन के यहां रहकर हाईस्कूल और पॉलीटेक्निक किया। अपनी शिक्षा पूरी कर विनोद कुमार ने प्राइवेट सेक्टर में जॉब की। लेकिन मन न लगने पर वह लोकसेवक बनने का सपना लेकर दिल्ली पहुंच गए। वहां कोचिंग ली और मॉक टेस्ट दिया। इसी बीच पिता का रिटायरमेंट भी हो गया और आर्थिक संकट के कारण तैयारी जारी रख पाना मुश्किल होने लगा। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और पार्ट टाइम में न्यूज एडिटर का कार्य करके अपनी पढ़ाई जारी रखी। लेकिन जॉब के कारण तैयारी में बाधा आने लगी इसलिए उन्होंने जॉब छोड़ दिया। फिर भी आर्थिक समस्या का कोई तो हल उन्हें चाहिए था।

इसके लिए ऑनलाइन कोचिंग संस्थानों के बच्चो की टेस्ट की कॉपियां चेक करके अपनी आर्थिक समस्या का समाधान ढूंढा। वर्ष 2021 व 2022 में वह दो बार साक्षात्कार तक पहुंचे, लेकिन फाइनल सिलेक्शन नहीं हुआ। अपने चौथे प्रयास में उन्होंने सफलता का परचम फहरा दिया। उनका डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयन हुआ है। विनोद कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय पिता के साथ शेखपुर बुजुर्ग इंटर कॉलेज के प्रवक्ता गंगाराम को भी दिया।



यूपी पीसीएस परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले विनोद कुमार।



मतदाता जागरुकता रैली निकालते बच्चे

## प्रा.वि. मदारपुर में निकाली मतदाता जागरुकता रैली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्राथमिक विद्यालय मतदारपुर के बच्चों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। हर वर्ष राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस का आयोजन 25 जनवरी को मनाया जाता है, लेकिन इस दिन अवकाश होने के चलते कार्यक्रम एक दिन पूर्व ही मनाया गया। प्राथमिक विद्यालय मदारपुर के बच्चों ने पीटी बैंड के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों मतदान के लिए प्रेरित किया। बच्चे हाथों में मतदान के स्लोगन लिखे पोस्टर लेकर गगनभेदी नारे लगाते हुए चल रहे थे। रैली से पूर्व स्कूल में उपस्थित मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय के बूथ संख्या 112 की बीएलओ कल्पना, समोद कुमार, मेमवती, कमलेश राजपूत, कामिनी, आशा, उमा आकाश पाल, शमी गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, पेशकार, उमेश, इसरार, गुड्डू आदि उपस्थित रहे।

## सनातन धर्म की रक्षा के लिए सभी को आगे आना चाहिए:पं. रामरूप

**जालौन (उरई)।** क्षेत्रीय ग्राम सिहारी पड़ैया में देवी भागवत महापुराण की कथा चल रही है। जिसके चौथे दिन नवरात्र के महत्व का वर्णन किया गया। भजनों पर महिलाएं जमकर झूमती नजर आई। सिहारी पड़ैया स्थित देवी मंदिर पर आयोजित देवी भागवत महापुराण की कथा में चौथे दिन कथा व्यास पंडित रामरूप आचार्य ने नवरात्र का महत्व बताया। कहा कि नवरात्र पर देवी के नौ स्वरूपों की पूजा होती है। सच्चे मन से पूजा-अर्चना और व्रत रखने से देवी प्रसन्न होती है। सभी मनोकामनाओं को पूरा करती है। कथा व्यास ने मां की महिमा बताते हुए कहा कि पुत्र कुपुत्र हो सकता है, लेकिन मां कभी भी कुमाता नहीं हो सकती है।

# युवा नेता ने लहचूरा में ग्रामीणों को बांटे कंबल

**जालौन, उरई, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से प्रेरणा लेकर बुधवार को भाजयुमो नेता शिवा सोनी अपने अनेकों साथियों के साथ लहचूरा गांव में पहुंचे जहां पर उन्होंने ठिठुरन भरी सर्दी से बेहाल अनेकों जरूरतमंद ग्रामीणों को कम्बल ओढ़ाते हुये कहा कि वह भविष्य में भी जरूरतमंदों की मदद करने में पीछे नहीं रहेंगे।

भाजयुमो नेता शिवा सोनी ने लहचूरा पहुंचकर पहले तो ग्रामीणों से उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया। जब भीषण सर्दी में अनेकों ऐसे ग्रामीण ऐसे भी आये जिनके पास गर्म कपड़ों का अभाव था तो उन्होंने ऐसे सभी जरूरतंदों को कम्बल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की मदद कर उन्हें सुकून की प्राप्ति होती है। उन्होंने समाज के सम्पन्न लोगों का आवाहन किया कि वह भी अपनी क्षमता के अनुसार ऐसे जरूरतमंदों को सर्दी के मौसम में गर्म कपड़े या कम्बल बांटे ताकि वह भी सर्द रातों को आराम से काट सके। इस दौरान उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम में राम मंदिर का निर्माण देश के करोड़ों लोगों की आस्था का विषय है जिसे रामभक्त युगों युगों याद रखेंगे। युवा नेता शिवा सोनी ने बताया कि वो इसी तरह लगातार समाज में जरूरतमंदों की आगे भी मदद करते रहेंगे। इस मौके पर उनके साथ में दीपू वर्मा सभासद, जयनारायण साहू सभासद, वीरेंद्र वर्मा सभासद, ऋषभ समाधिया, ग्राम प्रधान अनिल वर्मा व अन्य भी मौजूद रहे।



सर्दी से ठिठुरते ग्रामीणों को कम्बल ओढ़ाते भाजयुमो नेता शिवा सोनी।

**आयोजन** — भारत माता जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा पूरा बाजार

# विभिन्न प्रांतों की भेषभूषा में निकाली गई एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा

▸ शहर के विभिन्न शैक्षिक संस्थानों व समाजसेवियों एवं बच्चों ने लिया भाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती द्वारा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य ने एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा धूमधाम से निकाली गई। यात्रा में सम्पूर्ण भारत की संस्कृति और राष्ट्रीयता की झलक देखने को मिली। बुधवार को नगर के प्राचीन कालीन शिव मंदिर पांडेश्वर नाथ से यात्रा का प्रारंभ हुई। यात्रा में विभिन्न प्रांतों की भेषभूषा में कला साधक व छात्र-छात्राएं कदम ताल करते नज़र आए।

एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा में भारत माता जय श्री राम के उद्घोष से पूरा बाजार गूंज उठा यात्रा का विभिन्न सामाजिक संस्थाओं व्यापारियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

यात्रा में सबसे आगे साहस इंडिया ग्रुप डीजे साउंड पर देश भक्ति गीतों पर संयोजक अमन अवस्थी राष्ट्रिय ध्वज के प्रस्तुति देते नज़र आए। ब्रह्माकुमारी बीके शोभा बहन के नेतत्व में शिव परिवार के साथ मौजूद रहीं। जिला गंगा समिति नमामि गंगे की जिला परियोजनाधिकारी निहारिका ने छात्र-छात्राओं के गंगा मेरी शान का संदेश दिया। एश्यिन कम्प्यूटर की आकांक्षा सक्सेना द्वारा मिजोरम, पश्चिम बंगाल, केरल, उड़ीसा प्रांत की वेशभूषा में छात्र-छात्राएं रहीं। सीपी इंटर नेशनल विद्यालय की गुजरात, सरस्वती विद्या मंदिर पंजाब, डीएसबीडी गोवा, स्वामी रामानंद बालिका राजस्थान, सरस्वती शिशु मन्दिर हरियाणा, शिवानन्द एजुकेशन महाराष्ट्र, कनौडिया उत्तर प्रदेश, एसएल मेमोरियल भगवा टोली, मार्डन पब्लिक स्कूल जम्मू कश्मीर, सरस्वती विद्या मन्दिर मधु प्रदेश, प्रीतू वर्मा मणिपुर, रोहित शर्मा तमिल नाडु, भारत की विनित्र नदियों का प्रतीकात्मक स्वरूप महीयशी महादेवी विद्यालय की छात्राएं, स्वामी विवेक नन्द कालेज ऑफ नर्सिंग की छात्र-छात्राएं नर्सिंग ड्रेस में मौजूद रहीं। यात्रा में संघ का घोष, ढोल नगाड़ा, महारानी लक्ष्यबाई स्नेहा, वीरशिवा जी समर्पित शुक्ला, अयोध्या श्री राम मन्दिर झांकी, भारत माता के स्वरूप में गुंजन मिश्रा स्वरूप रहें। श्री राम मन्दिर अयोध्या झांकी पर पूरा जन समूह गीतों की धुनों पर झूमता नज़र आया। इसी के साथ रस्तोगी इंटर कालेज, भारतीय इण्टर कालेज स्काउट ड्रेस में रहे।

यात्रा में बुंदेलखंड का दिवारी लोक नृत्य, सपेरा बीन करतब करते हुए आकर्षण का केन्द्र रहे। अंतरराष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच, गायत्री परिवार, पतंजलि योग ग्रुप, अंतर्राष्ट्रीय मनवाधिकार, ब्रह्माकुमारी परिवार, महिला मोर्चा कर्तव्य, साहस इंडिया ग्रुप सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाएं संगठन, यात्रा में शामिल रहें। यात्रा पांडेश्वर नाथ मन्दिर से शुरू होते हुए चौक, घुमना, लालगेट, होते हुए स्वराज कुटीर में संपन्न हुई। शिवानंद एजूकेशन सेंटर भिड़ौर चिलसरा के बच्चों ने विभिन्न परिधानों की भेषभूषा में शामिल हुए।

प्रबंधक पंकज यादव, चेयरमैन शुभम यादव हनी, डायरेक्टर चारु हनी यादव ने यात्रा में भाग लिया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, सांसद मुकेश राजपूत, विधायक सुशील शाक्य, नवनीत गुप्ता, सुरेन्द्र पाण्डेय, प्रवीण, मयंक, दिलीप कश्यप, सुबोध शुक्ल, समरेंद्र शुक्ल, रविन्द्र भदौरिया, रोहित दीक्षित, प्रमोद दीक्षित, विश्वाश गुप्ता, राहुल राजपूत, दीपक रंजन सक्सेना, विनोद अग्निहोत्री, अमन अवस्थी, अनिता द्विवेदी, अर्चना द्विवेदी, स्वेता दुबे, कपिल गुप्ता आदि मौजूर रहे।




विभिन्न प्रांतों की भेषभूषा में शिवानंद एजूकेशन सेंटर के बच्चे




परिधान पहने कनोडिया बालिका इंटर कालेज की छात्रायें

### उप राष्ट्रपति धनखड़ ने हमारा संविधान हमारा सम्मान अभियान का किया शुभारंभ

# आपातकाल संवैधानिक यात्रा का काला दिन

**▸ टेली-सुविधा सेवा- न्याय सेतु भी लॉन्च**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश में आपातकाल की घोषणा को भारत की संवैधानिक यात्रा का सबसे काला और शर्मनाक काल बताते हुए कहा कि इसने लाखों लोगों को जेल में डालकर उनके मौलिक अधिकारों से वंचित कर दिया था। उन्होंने कहा कि इसे हमेशा सबसे शर्मनाक काल के रूप में याद किया जाएगा।

उपराष्ट्रपति ने दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में गणतंत्र के रूप में भारत के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में हमारा संविधान, हमारा सम्मान अभियान का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने टेली-सुविधा सेवा- न्याय सेतु भी लॉन्च की। इस मौके पर उपराष्ट्रपति ने कहा, हमें उम्मीद थी कि न्यायपालिका इस अवसर पर आगे आएगी, दुर्भाग्य से न्यायपालिका के लिए भी, यह सबसे अंधकारमय अवधि में से एक है। नौ उच्च न्यायालयों ने यह रुख अपनाया कि आपातकाल के दौरान भी मौलिक अधिकारों पर रोक नहीं लगाई जा सकती लेकिन एडीएम जबलपुर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उन उच्च न्यायालयों के फैसले को खारिज कर दिया। राज्य के सभी अंगों से अपने-अपने क्षेत्र में काम करने का आग्रह करते हुए धनखड़ ने कहा कि एक गतिशील दुनिया में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच मुद्दे होना स्वाभाविक है। हालांकि, उन्होंने सहयोगात्मक दृष्टिकोण और संरचित तंत्र के माध्यम से ऐसे मुद्दों को सुलझाने का आह्वान किया और इन्हें सार्वजनिक मंचों पर नहीं उठाने के प्रति आगाह किया। भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि वह हम सभी के लिए बहुत मायने रखते हैं और भारत के वास्तुकार के पद तक उनका पहुंचना आसान नहीं था। यह कहते हुए कि डॉ. अंबेडकर को बहुत पहले ही भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए था। धनखड़ ने इस तथ्य पर संतोष व्यक्त किया कि वह उस सरकार और संसद का हिस्सा थे जिसने 1990 में भारत रत्न से सम्मानित करके भारत के महानतम पुत्रों में से एक के साथ न्याय किया।



**मौलिक अधिकार लोकतंत्र का अभिन्न पहलू**

उपराष्ट्रपति ने मौलिक अधिकारों को हमारे लोकतंत्र की सर्वोत्कृष्टता और लोकतांत्रिक मूल्यों का एक अभिन्न पहलू बताया। उन्होंने कहा कि यदि कोई मौलिक अधिकारों से वंचित रहता है तो वह लोकतंत्र में रहने का दावा नहीं कर सकता है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि संविधान के इस भाग में हमारे पास श्रीराम, सीता और लक्ष्मण के अयोध्या लौटने का लघु चित्र है। मौलिक कर्तव्यों को संविधान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए उपराष्ट्रपति ने सभी से मौलिक कर्तव्यों का पालन करने की अपील की और कहा कि इसमें कोई खर्च नहीं होता है और यह हमें अच्छा नागरिक बनाता है।

# सुखोई, जगुआर व हरक्युलिस सी-130-जे ने दिखाई भारत की ताकत

एजेंसी

**▸ वायु सेना ने फ्रांस और यूएई के साथ किया अभ्यास डेजर्ट नाइट**

**नई दिल्ली।** वायु सेना ने भारत में स्थित अपने ठिकानों से फ्रांस और यूएई के साथ अरब सागर के ऊपर अभ्यास डेजर्ट नाइट में हिस्सा लिया। फ्रांसीसी भागीदारी में राफेल लड़ाकू विमान और एक मल्टी रोल टैंकर ट्रांसपोर्ट शामिल थे, जबकि यूएई वायु सेना ने एफ-16 को हवाई अभ्यास में उतारा। भारत की ओर से लड़ाकू सुखोई, जगुआर और हरक्युलिस सी-130-जे ने दोनों विदेशी वायु सेनाओं के सामने अपनी ताकत दिखाई।

विंग कमांडर आशीष मोघे ने बताया कि भारतीय वायु सेना ने फ्रांसीसी वायु और अंतरिक्ष बल और संयुक्त अरब अमीरात वायु सेनाओं के साथ अरब सागर के ऊपर हवाई अभ्यास %डेजर्ट नाइट% किया। इस अभ्यास में फ्रांस के राफेल लड़ाकू विमान और एक मल्टी रोल टैंकर ट्रांसपोर्ट विमान शामिल हुआ, जबकि यूएई की वायु सेना एफ-16 के साथ अभ्यास में हिस्सा लिया। यह सभी विमान संयुक्त अरब अमीरात के अल धफरा हवाई अड्डे से संचालित हुए। दूसरी तरफ भारतीय वायु सेना के विमान भारत के भीतर के ठिकानों से संचालित किये गए। उन्होंने बताया कि भारत की ओर से लड़ाकू सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29, जगुआर, अवाक्स, हरक्युलिस सी-130-जे और एयर टू एयर रिफ्यूलर विमान शामिल हुए। एक्सरसाइज डेजर्ट नाइट का मुख्य फोकस तीनों वायु सेनाओं के बीच तालमेल और अंतरसंचालन बढ़ाने पर था। अभ्यास के दौरान हुई बातचीत से प्रतिभागियों के बीच परिचालन ज्ञान, अनुभव और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान का मौका मिला। इस तरह के अभ्यास भारतीय वायुसेना की शक्ति को प्रदर्शित करने के अलावा क्षेत्र में बढ़ती राजनयिक और सैन्य बातचीत का संकेत देते हैं।

## खबरें एक नजर में

**द्रोणाचार्य 360 डिग्री डायग्नोस्टिक एण्ड स्कॉलरशिप परीक्षा की घोषणा**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** फिटजी ने द्रोणाचार्य 360 डिग्री डायग्नोस्टिक एण्ड स्कॉलरशिप परीक्षा की घोषणा की है। कक्षा–5 से 11 के छात्रों के लिये यह परीक्षा उनकी प्रतिभा आंकने और निखारने का अभूतपूर्व अवसर होगा, साथ ही उन्हें अच्छा कॅरियर बनाने का लाभ भी मिलेगा। द्रोणाचार्य 360–डिग्री डायग्नोस्टिक एंड स्कॉलरशिप एक्ज़ाम के तहत 28 जनवरी की परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 26 जनवरी है और चार फरवरी की परीक्षा के लिए दो फरवरी है। फिट्जी के क्लासरूम या इंटीग्रेटेड स्कूल प्रोग्राम में नामांकन के लिए छात्रों को केवल ऑफ़लाइन परीक्षा देनी होगी। हालाँकि, फिट्जी के लाइव ऑनलाइन क्लासरूम प्रोग्राम के लिए वे ऑफ़लाइन या ऑनलाइन परीक्षा दे सकते हैं। फिटजी द्वारका सेंटर के मैनेजिंग पार्टनर और प्रमुख विनोद अग्रवाल ने कहा द्रोणाचार्य 360–डिग्री डायग्नोस्टिक और स्कॉलरशिप एक्ज़ाम भारत के कोचिंग सेक्टर में ऐतिहासिक उपलब्धि है। हम हमेशा से अकादमिक उत्कृष्टता बढ़ाने में लगे हैं। यह परीक्षा इसकी मिसाल है। फिटजी में पढ़ने के इच्छुक छात्रों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। उन्हें कई शैक्षणिक लाभ और फिर फिटजी क्लासरूम इंटीग्रेटेड स्कूल प्रोग्राम और फिटजी लाइव ऑनलाइन क्लासरूम प्रोग्राम में पढ़ने का बेहतरीन माहौल मिलता है। इतना ही नहीं, फिट्जी छात्रों को प्रतिभा दिखाने, अपनी शैक्षणिक शक्तियों को समझने और अद्वितीय सफलता पाने का अवसर देता है। छात्रों को इस परीक्षा से यह भी पता चलेगा कि प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में पूरे देश में उनकी क्या रैंकिंग है। यह जानकारी उनके करियर को सही दिशा देती है।

**इंडेल मनी ने की चौथे सिक्योर्ड एनसीडी के पब्लिक इश्यू की घोषणा**



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गोल्ड लोन सेक्टर की तेजी से उभरती नॉन–बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों (एनबीएफसी) में शामिल इंडेल मनी लिमिटेड ने चौथे सिक्योर्ड एनसीडी के पब्लिक इश्यू की घोषणा की है। इस इश्यू के तहत 1,000 रुपये अंकित मूल्य वाले एनसीडी जारी किए जाएंगे। इंडेल मनी लिमिटेड एक ऐसी एनबीएफसी है जो डिपॉजिट स्वीकार नहीं करती है. यह इश्यू 30 जनवरी, 2024 (मंगलवार) को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 12 फरवरी, 2024 (सोमवार) को बंद होगा। इंडेल मनी लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव होल टाइम डायरेक्टर उमेश मोहनन ने कहा, हम ने ऐसी कारोबारी रणनीति तैयार की है जिसके जरिए हम अपनी प्रतिस्पर्धी क्षमता का इस्तेमाल गोल्ड लोन इंडस्ट्री में अपनी स्थिति को बेहतर करने और अपनी मौजूदगी के विस्तार के लिए करेंगे। वित्त वर्ष 2023–24 की पहली छमाही में कंपनी ने शानदार प्रदर्शन किया है. चुनौतीपूर्ण कारोबारी माहौल के बावजूद एयूएम में शानदार वृद्धि, गोल्ड लोन की मांग में उछाल, नए क्षेत्रों में विस्तार और परिचालन दक्षता के बल पर कंपनी की लाभप्रदता में 568.86 फीसदी की रिकॉर्ड वृद्धि देखने को मिली। हमारा लक्ष्य नई शाखाओं की शुरुआत के जरिए अपने ब्रांच नेटवर्क के विस्तार के साथ अपने लोन पोर्टफोलियो को बढ़ाना है।

**पंजाब में आप सभी 13 सीटों पर लड़ेगी चुनाव**

**चंडीगढ।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को दोहराया कि आम आदमी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 13 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडियाकर्मियों के सवालों के जवाब में कहा, कितनी बार कहलवाओगे? उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी प्रदेश की सभी 13 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और जीतेगी। उल्लेखनीय है कि इंडिया गठबंधन के तहत आप ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव में कांग्रेस के साथ मिलकर लड़ने का फैसला किया था और तब भी दोनों पार्टियों के नेताओं ने यह स्पष्ट करना चाहा था कि गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिये नहीं है। उधर, पंजाब कॉंग्रेस में भी आप से गठबंधन को लेकर मतभेद हैं और कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री केवल नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा है कि गठबंधन का फैसला आला कमान करेगा और जो भी फैसला होगा, वह मंजूर होगा।

**मप्र : 228 नेताओं ने ली भाजपा की सदस्यता**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद अब भाजपा लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। भाजपा के दिग्गज नेता लगातार अपने क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं और कार्यकर्ताओं के बीच पहुंच रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने पांच दिवसीय दौरे पर ग्वालियर–चंबल अंचल में हैं। यहां सिंधिया ने कांग्रेस को एक बड़ा झटका दिया है। बुधवार को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समक्ष 228 कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस को छोडकर भाजपा का दामन थाम लिया है। दरअसल कुछ दिनों पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए पूर्व विधायक राकेश सिंह मावई के नेतृत्व में बुधवार को करीब 228 कार्यकर्ता सिंधिया के ग्वालियर स्थित जय विलास पैलेस में पहुंचे। यहां केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समक्ष सभी ने भाजपा का दामन थामा।

**टेनिस इतिहास में सबसे उम्रदराज नंबर 1 खिलाड़ी बने बोपन्ना**

**मेलबर्न।** भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 के पुरुष युगल स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया है। बोपन्ना और उनके साथी मैथ्यू एबडेन बुधवार को मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी की अर्जेंटीना की जोड़ी के खिलाफ सीधे सेटों में 6–4, 7–6 (5) से शानदार जीत दर्ज की। कोर्ट 3 पर जीत के साथ, मेलबर्न पार्क में अपना लगातार 17वां टूर्नामेंट खेल रहे बोपन्ना ने पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई।बोपन्ना मास्टर्स 1000 इवेंट में पुरुष युगल खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने पिछले साल 43 साल की उम्र में एबडेन के साथ प्रतिष्ठित इंडियन वेल्स टूर्नामेंट जीतकर यह उपलब्धि हासिल की थी। ऑस्ट्रेलियन ओपन में क्वार्टर फाइनल जीत के साथ ही, बोपन्ना 43 साल की उम्र में दुनिया के नंबर 1 पुरुष युगल खिलाड़ी बन गए हैं। भारतीय टेनिस स्टार ने संयुक्त राज्य अमेरिका के राजीव राम को पछाड़कर नया रिकॉर्ड बनाया, जो अक्टूबर 2022 में 38 साल की उम्र में अपने करियर में पहली बार शीर्ष पर पहुंचे थे।

**शुभमन गिल, दीप्ति शर्मा ने पॉली उमरीगर पुरस्कार जीता**

**मुंबई।** शुभमन गिल और दीप्ति शर्मा ने 2022–23 सीज़न के दौरान क्रमशः भारत के सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के लिए बीसीसीआई का प्रतिष्ठित पॉली उमरीगर पुरस्कार जीता। बीसीसीआई ने मंगलवार को एक साल से अधिक समय के लिए नमन पुरस्कारों की घोषणा की, जिसमें दीप्ति ने 2019–20 सीज़न के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर का पुरस्कार भी जीता। स्मृति मंधाना ने 2020–21 और 2021–22 के लिए इसे जीता। पुरुष क्रिकेटरों में, जसप्रीत बुमराह को 2021–22 के लिए, रविचंद्रन अश्विन को 2020–21 के लिए और मोहम्मद शमी को 2019–20 के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर का पुरस्कार दिया गया। परिणामस्वरूप, बुमराह एक से अधिक बार पुरस्कार जीतने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए, उन्होंने आखिरी बार यह पुरस्कार तब जीता था जब यह समारोह 2019 में आयोजित किया गया था। रवि शास्त्री और फारुख इंजीनियर को कर्नल सी.के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# प्राण प्रतिष्ठा सनातन धर्म के हित में उल्लेखनीय कदम : गौरांग दास

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** इस्कॉन के गोवर्धन इकोविलेज के निदेशक और आध्यात्मिक गुरु गौरांग दास प्रभु जी ने अयोध्या में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सर्वोच्च मार्गदर्शन, आशीर्वाद और दूरदर्शिता के तहत संपन्न हुए राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के ऐतिहासिक क्षण पर अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की।

समारोह में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति, अभिनेता और आध्यात्मिक गुरुजन भी उपस्थित थे। 1 जनवरी, 1993 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा भगवान राम को एक संवैधानिक इकाई के रूप में मान्यता देकर ऐतिहासिक फैसला सुनाया गया, इसी का परिणाम रहा कि राम मंदिर के पुनरुत्थान का कार्य शुरू हो सका। प्राण प्रतिष्ठा समारोह भारत में आध्यात्मिक जागृति और ज्ञानोदय की एक नई अलख जगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो



भगवान राम के भक्तों को उनके जन्मस्थान, अयोध्या में दृढ़ विश्वास और नई आध्यात्मिकता के साथ भगवान राम की पूजा करने की सुविधा प्रदान करता है। इसे भारत में लाखों हिंदुओं के लिए गौरवपूर्ण क्षण के रूप में उद्धृत करते हुए, गौरांग दास प्रभु जी ने कहा, भगवान राम भारत की समस्त आध्यात्मिक आकांक्षाओं के हृदय और आत्मा का प्रतिनिधित्व करते हैं और पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व से युवाओं को निरंतर रूप से सनातन धर्म को अपनाने की प्रेरणा मिली है। एक आध्यात्मिक केंद्र के रूप में, राम मंदिर का पुनरुत्थान आध्यात्म के लिए एक प्रकाशस्तंभ के रूप में ही कार्य नहीं करेगा।

## राष्ट्रपति ने कौशल भवन का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नई दिल्ली में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की एक नई इमारत कौशल भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने सरकार की विभिन्न पहलों जैसे पीएम विश्वकर्मा, पीएम जनमन, आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के लाभार्थियों द्वारा स्थापित प्रदर्शनी स्टालों का दौरा किया और उनसे बातचीत की। कौशल भवन की आधारशिला मार्च 2019 में रखी गई थी। मंत्रालय के साथ-साथ इसके सहयोगी संगठनों- प्रशिक्षण महानिदेशालय, राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के लिए कार्यालय स्थान प्रदान करेगा। सुविधाओं से सुसज्जित अत्याधुनिक कार्यालय भवन नई कार्य संस्कृति की शुरुआत करने और कौशल भारत मिशन को गति देने के लिए एक सुरक्षित, सुविधाजनक और कुशल कार्य वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से बनाया गया है।

# नवीन तिवारी को मिला यूपी गौरव सम्मान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/बैंगलोर।** उत्तर प्रदेश ने इनमोबी ग्रुप के संस्थापक और सीईओ नवीन तिवारी को अपने सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, यूपी गौरव सम्मान से सम्मानित किया है। बुधवार, 24 जनवरी, 2024 को यूपी स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों नवीन तिवारी को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार ना केवल उनकी असाधारण उद्यमशीलता की नजर और एक तकनीकी उद्यमी के रूप में उत्कृष्ट उपलब्धियों को पहचान देता है, बल्कि भारतीय स्टार्टअप सेक्टर को वैश्विक मानचित्र पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली शख्सियत भी साबित करता है।

नवीन तिवारी का नजरिया भारत को दुनिया के लिए तकनीकी उत्पादों और उपभोक्ता मंचों के निर्माण के लिए अगले बड़े केंद्र के रूप में विकसित करना है। वे वर्ष 2011 में भारत के पहले यूनिकॉर्न के रूप में सामने आने वाले स्टार्टअप इनमोबी के संस्थापक हैं। उनके नेतृत्व में, इनमोबी एक एसएमएस आधारित सर्च सर्विस से एआई-आधारित विज्ञापन प्रौद्योगिकी की दिग्गज कंपनी बन गई और फिलहाल यह यूरोप, उत्तरी और लैटिन अमेरिका, एशिया, मध्य पूर्व और ऑस्ट्रेलिया तक फैली हुई है।




**यूपी का सर्वोच्च सम्मान प्राप्त करना गर्व की बात : नवीन तिवारी**

इस सम्मान को पाने के बारे में इनमोबी के संस्थापक और सीईओ नवीन तिवारी ने कहा, कानपुर के एक गौरवान्वित मूल निवासी के रूप में, उत्तर प्रदेश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान हासिल करना मेरे लिए गर्व का एक अकल्पनीय स्रोत है। मैं यूपी गौरव सम्मान पुरस्कार से पुरस्कृत किए जाने के लिए राज्य सरकार, विशेष रूप से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। उन्होंने आगे कहा, मैं आईआईटी, कानपुर परिसर में पला–बढ़ा और हर तरफ इस उत्कृष्टता से घिरे रहने के कारण, मुझे लगा कि भारत के नवाचार, कल्पनाशीलता और उद्यमशीलता कौशल की वास्तविक क्षमता को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करना बेहद ज़रूरी है। मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि हमने इनमोबी के साथ इसे हासिल किया है। अब, दुनिया भर में और विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान जैसे बेहद अत्याधुनिक बाजारों में ग्लांस को लॉन्च किए जाने के साथ, मैं पूरे भरोसे के साथ यह दावा करता हूँ कि हमने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है।

# कोलेस्ट्रॉल का काल है पीली सरसों, जानें इसके और लाजवाब फायदे

पीली सरसों सेहत के लिए औषधि का काम करती है। सेहत को बेहतर बनाने के लिए इसको डाइट में शामिल करना



बहुत ही फायदेमंद होगा। इसमें कई पोषक तत्व जैसे फास्फोरस, जिंक, सेलेनियम, मैग्नीशियम और कैल्शियम पाए जाते है। पीली सरसों का इस्तेमाल सब्जी और अन्य कई रेसिपी बनाने के लिए किया जाता है। इसके रोजाना सेवन से ब्लड प्रेशर, पेट और शरीर में मौजूद अन्य कई समस्याओं से छुटकारा मिलता है। कोलेस्ट्रॉल की मात्रा धीरे-धीरे कम हो जाती है और 1 चम्मच सरसों का यदि रोजाना सेवन करते हैं तो व्यक्ति का मेटाबॉलिज्म दिन-प्रतिदिन मजबूत होता जाता है। तो चलिए, आज आपको पीली सरसों से मिलने वाले जबरदस्त लाभ बताते है।

### दिल को बनाए स्वस्थ

पीली सरसों दिल के लिए बहुत फायदेमंद होती है। इसके बीज चबाने से शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल नियंत्रण में रहता है। दो चम्मच रोजाना सरसों खाने से हार्ट अटैक, स्ट्रोक जैसे कई गंभीर बीमारियों के खतरे को कम करता है।

### खुजली और दाद करें दूर

पीली सरसों खुजली और दाद की समस्या को दूर करने के लिए मदद करती है। त्वचा की समस्या को दूर करने के लिए सरसों के तेल की मालिश कर सकते है। इसका सेवन रोजाना नाश्ते के बाद पानी में फुला कर भी कर सकते है।

### वेट कंट्रोल करने में है मददगार

पीली सरसों में पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते है। इसमें कैलोरी की मात्रा न के बराबर होती है। अगर आप वेट कंट्रोल करने का सोच रहे है तो इसका रोज खाली पेट 1 चम्मच सेवन कर सकते है।

### कोलेस्ट्रॉल करे कम

कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करने के लिए पीली सरसों का इस्तेमाल कर सकते है। इस से कोलेस्ट्रॉल लेवल नियंत्रण में रहता है। ये एंटी फंगल, एंटी सेप्टिक जैसे कई सारे तत्वों से भरपूर होती हैं जो कोलेस्ट्रॉल को तो नियंत्रण में रखती है साथ ही पेट से जुड़ी समस्याओं को भी दूर करती है।

### सर्दी, जुकाम से करें बचाव

सर्दियों के मौसम में शरीर की इम्यूनिटी कम होने से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ता है। जिससे सर्दी-जुकाम जैसी दिक्कतें आती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो पीली सरसों के बीजों को चबाने से खांसी, जुकाम, फ्लू और गले में दर्द समेत कई दिक्कतों से आराम मिलता है।

### सेवन करने का तरीका

रोजाना रात को एक बर्तन में 2-3 चम्मच पीली सरसों को पानी में भिगो लें। रात भर इसे पानी में भीगा हुआ छोड़ दें और सुबह खाली पेट चबा कर खा लें और इसके पानी को पी लें।

# गोला-बारूद व मिसाइल से लैस पांचवां बार्ज लॉन्च

**▸ मेक इन इंडिया पहल का उदाहरण है स्वदेशी बार्ज**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के लिए बनाया गया गोला-बारूद, टॉरपीडो और मिसाइल से लैस पांचवां बार्ज बुधवार को लॉन्च कर दिया गया। स्वदेशी उपकरणों और प्रणालियों के साथ तैयार किया गया यह बार्ज (छोटा पोत) रक्षा मंत्रालय की मेक इन इंडिया पहल का गौरवशाली युद्ध सहायक पोत है। नौसेना के लिए इस तरह के 11 पोत बनाए जा रहे हैं, जिसमें से तीसरा पोत भारतीय नौसेना को पिछले साल सौंपा गया था।

भारतीय नौसेना के लिए मुंबई के ठाणे में शिपयार्ड सूर्य दिशा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड में 11 एसीटीसीएम बार्ज बनाए जा रहे हैं। यह भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल के अनुरूप एक एमएसएमई कंपनी है। इस प्रोजेक्ट का तीसरा गोला-बारूद सह टॉरपीडो सह मिसाइल बार्ज (यार्ड 127) पिछले साल 30 नवंबर को भारतीय नौसेना को सौंपा गया था। स्वदेशी निर्माताओं से हासिल किये गए सभी प्रमुख और सहायक उपकरण, प्रणालियों के साथ यह बार्ज (छोटे पोत) रक्षा मंत्रालय की मेक इन इंडिया पहल के तहत युद्ध सहायक पोत है।




डिजाइन चरण के दौरान बार्ज का मॉडल परीक्षण विशाखापत्तनम के नौसेना विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला में किया गया था। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक नौसेना के नियमों और भारतीय शिपिंग रजिस्टर के विनियमन के तहत यह बार्ज स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित किए गए हैं। इसी प्रोजेक्ट का 5वां बार्ज एम्युनिशन कम टॉरपीडो कम मिसाइल बार्ज (यार्ड 129) आज मुंबई में लॉन्च किया गया। इस शिपयार्ड ने पहले ही दो बार्ज की सफलतापूर्वक आपूर्ति की है।

लॉन्चिंग समारोह की अध्यक्षता कमोडोर वी प्रवीण ने की। रक्षा मंत्रालय ने एसपीपीएल के साथ 11 एसीटीसीएम बार्ज का निर्माण करने के लिए 05 मार्च, 2021 को अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। एसीटीसीएम बार्ज की उपलब्धता भारतीय नौसेना के पोतों पर घाटों और बाहरी पत्तनों पर सामान, गोला-बारूद को चढ़ाने और उतारने की सुविधा प्रदान करके आईएन की परिचालन प्रतिबद्धताओं को प्रोत्साहन प्रदान करेगी।

## पीएम मोदी छह को गोवा दौरे के दौरान परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन

**पणजी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने गोवा दौरे के दौरान छह फरवरी को विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने की। उन्होने पत्रकारों से कहा, प्रधानमंत्री दक्षिण गोवा में भारत ऊर्जा सप्ताह कार्यक्रम में शामिल होंगे। वह मडगांव शहर में एक सरकारी समारोह को संबोधित करेंगे और सात विकासात्मक परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओं का मोदी उद्घाटन करेंगे उनमें कुन्कोलिम में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान परिसर, डोना पाउला में भारतीय जल क्रीड़ा संस्थान, बेटिम में कमांडेंट नेवी कॉलेज, कुडचडे में एक ठोस अपशिष्ट उपचार संयंत्र और सेलौलीम बांध पर 100 एमएलडी क्षमता का जल शोधन संयंत्र शामिल है। सावंत ने कहा, प्रधानमंत्री पणजी के पास रीस मैगोस किले में बनने वाली रोपवे परियोजना और पाटो में बनने वाली एक 3डी इमारत की आधारशिला भी रखेंगे।

# संगम नगरी प्रयागराज में आपको मंत्रमुग्ध कर सकती हैं ये जगहें

संगम नगरी प्रयागराज की खूबसूरती से भला कौन वाकिफ नहीं है। प्रयागराज भारत के सबसे पवित्र स्थानों में से एक है। ऐसे में आप भी प्रयागराज की इन फेमस जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

संगम नगरी प्रयागराज की खूबसूरती से भला कौन वाकिफ नहीं है। प्रयागराज भारत के सबसे पवित्र स्थानों में से एक है। यह शहर गंगा-यमुना नदियों के संगम पर बना है। भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के सबसे पुराने शहरों में प्रयागराज की गिनती होती है। इसी वजह से यह दुनिया भर के पर्यटकों का एक पॉपुलर डेस्टिनेशन है। यहां पर हर साल लाखों की संख्या में पर्यटक आते हैं। संगम नगरी प्रयागराज को ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी माना जाता है। प्रयागराज में घूमने के लिए कई फेमस स्थान हैं।

ऐसे में अगर आप भी घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको प्रयागराज से जुड़े कुछ अमेजिंग फैक्ट्स से कुछ फेमस जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आप प्रयागराज को बेहद अच्छे तरीके से एक्सप्लोर कर सकते हैं।



### प्रयागराज का किला

इलाहाबाद का किला यहां पर देखने और घूमने के लिए सबसे बेहतरीन जगहों में से एक है। लगभग साल 1583 के आसपास में अकबर के शासनकाल के दौरान गंगा-यमुना नदी के किनारे स्थित प्रयागराज किला बनवाया गया था। इस किले की संरचना और वास्तुकला बेहद अद्भुत है। प्रयागराज में घूमने के लिए दुनिया भर के हजारों पर्यटकों के लिए प्रयागराज का किला एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। हर बार पूर्ण रूप कुंभ मेले के दौरान ही इस किले को पर्यटकों के लिए खोला जाता है।

### जवाहर तारामंडल

प्रयागराज के आनंद भवन के बगल में जवाहर तारामंडल स्थित है। इस तारामंडल को साल 1979 में बनाया गया था। बताया जाता है कि यहां पर विज्ञान और इतिहास का सही संगम आपको देखने को मिलेगा। जवाहर तारामंडल में जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल लेक्चर, अंतरिक्ष से जुड़े कई शो और मेहमानों के लिए सौर मंडल भी देखने को मिलेगा। जो भी लोग ग्रहों की चाल के बारे में जानना चाहते हैं, वह यहां पर होने वाले शो का हिस्सा बन सकते हैं।

**दूर-दूर से प्रयागराज म्यूजियम देखने पहुंचते हैं लोग**




इसके अलावा प्रयागराज में कई तरह के किले और म्यूजियम भी हैं। लेकिन अगर आप कला के शौकीन हैं, तो आपको प्रयागराज म्यूजियम एक्सप्लोर करना चाहिए। चंद्रशेखर आज़ाद पार्क के पास यह म्यूजियम है। जिसको देखने के लिए दूर-दूर से लोग यहां पहुंचते हैं। इस म्यूजियम में आपको भारत के इतिहास, संस्कृति, विरासत और स्वतंत्रता आंदोलन की झलक देखने को मिलेगी। इसके अलावा इस म्यूजियम में आपको राजस्थान से लघु चित्र, कौशाम्बी से टेराकोटा, रॉक मूर्तियां, बंगाल स्कूल ऑफ आर्ट से साहित्यिक और कलाकृति देखने को मिलेंगी। यह म्यूजियम भारतीय इतिहास का खजाना है।

### खुसरो बाग

प्रयागराज में खुसरो बाग सबसे फेमस पर्यटन स्थल है। खुसरो बाग का अपना एक अलग ऐतिहासिक महत्व है। खुसरो बाग की चारदीवारी मुगल वास्तुकला का एक विशाल नमूना पेश करता है। जहांगीर परिवार की तीन बलुआ पत्थर की कब्रें हैं। जिनमें उनकी पत्नी शाह बेगम, बेटा खुसरो मिर्जा और बेटी सुल्तान निहार बेगम की कब्रें हैं। जहांगीर के दरबार के कलाकार अजा रेजा को खुसरो बाग की डिजाइन का श्रेय दिया जाता है।